

04:05:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 120
epaper.rashtriyakhabar.com
वैशाख, शुक्लपक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

जले तैलं खले गुह्यं पात्रे दानं मनागपि।
प्राज्ञे शास्त्रं स्वयं याति विस्तारं वस्तुशक्तितः॥

भावार्थ : जल पर तेल, दुष्ट व्यक्ति के पास गुप्त वार्ता, सुपात्र व्यक्ति को दिया गया दान, बुद्धिमान या शास्त्रज्ञान ये सभी बातें ऐसी हैं, जो पूरी होने पर वस्तु की शक्ति अर्थात् विशेषता से बिना किसी प्रयास के स्वयं फैल जाती हैं, इनका विस्तार हो जाता है।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 31.00 °c | 21.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.17 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05.13 बजे

# महिला भूत के आतंक में जी रहा है खगराबाड़ी के लोग

राष्ट्रीय खबर

**जलपाईगुड़ी :** जलपाईगुड़ी के दक्षिण खगराबाड़ी इलाके में एक महिला की आत्महत्या के बाद भूतों का डर है. महिला के घर से कभी-कभी रोने की आवाज आती है। कभी-कभी कोई मरी हुई औरत घर से बाहर झांकती है। जिससे स्थानीय लोगों की नींद भय से उड़ी हुई है। शाम होते ही क्षेत्र के रहवासी अपने आप को घरों में बंद कर रहे हैं। क्षेत्र के कई निवासियों के अनुसार, लगभग डेढ़ साल पहले दक्षिण खगराबाड़ी क्षेत्र में एक गृहिणी की अप्रत्याशित रूप से मृत्यु हो गई थी। उसका शव कमरे की छत से लटका मिला। इसके बाद भगदड़ मच गई। लेकिन एक हफ्ते पहले जिस घर में शव मिला था, उसके बगल वाली गली में एक स्थानीय निवासी ने स्ट्रीट लैंप लगा दिया। तभी से इस कमरे से



रोने की आवाज आने लगी। उस घर के बगल में स्थित कामरंगा के पेड़ से भी क्षेत्र के निवासियों को किसी के रोने की आवाज सुनाई दे रही है। साउथ खगराबाड़ी इलाके में एक दुल्हन की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई थी. घर से गले में फंदा लगा शव बरामद किया गया। तभी से पड़ोसियों को शारीरिक भय सताने लगा। दहशत दूर करने के लिए सभी ने मृत महिला के घर के सामने रोशनी का इंतजाम किया। समस्या का समाधान तो दूर समस्या कई गुना बढ़ चुकी है। कभी-कभी ऐसा देखा जाता है कि इसके पीछे कोई दुष्ट चक्र काम कर रहा होता है। मैं अपनी मैनागुरी यूनिट को उस गांव में भेजूंगा। मामले की जांच करायी जायेगी।

### लोगों का कहना है कि कभी-कभी अपने घर से बाहर झांकती है

स्थानीय लोगों का दावा है कि इलाके में दिन में भूत घूमते रहते हैं। कई बार तो लोगों के घरों के टीन की छतों पर भी किसी महिला के चलने की आवाज आती रहती है। लोगों का कहना है कि कभी-कभी अपने घर से बाहर झांकती है। इस परेशानी की वजह से आराम से घर नहीं छोड़ पा रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय पंचायत प्रतिमा दास ने बताया कि मौके पर जाकर कुछ पता नहीं चला। भूत वास्तव में नहीं होते हैं। यह सब मन की भूल है। क्षेत्र में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। पश्चिम बंगाल विज्ञान मंच के जलपाईगुड़ी जिला सचिव पार्थ चक्रवर्ती ने कहा, लोग युगों से विभिन्न अंधविश्वासों और अंधविश्वासों के साथ जी रहे हैं। इनके खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है।

## कोल इंडिया के नये अध्यक्ष होंगे सीसीएल के सीएमडी



**रांची:** कोल इंडिया के नये अध्यक्ष सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद होंगे। इस पद के लिये लोक उद्यम चयन बोर्ड की बुधवार को दिल्ली में आयोजित साक्षात्कार के बाद उनके नाम की अनुशंसा की गई है। ज्ञात हो कि साक्षात्कार में कुल सात अधिकारी शॉट लिस्ट किया गया था। इस पद की दौड़ में ब्यूरोक्रेट और टेक्रोक्रेट दोनों शामिल थे। विदित हो कि वर्तमान कोल इंडिया अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल का कार्यकाल 30 जून को पूरा हो रहा है। यह पद एक जुलाई से रिक्त हो जायेगा। इसको देखते हुये कोल इंडिया के अध्यक्ष पद के चयन की प्रक्रिया लोक उद्यम चयन बोर्ड ने शुरू कर दिया था। पीएम प्रसाद एक जुलाई को पदभार ग्रहण करेंगे।

## ब्रजभूषण शरण की शव यात्रा निकाल फूंका पुतला

**सिरसा:** संयुक्त किसान मोर्चा (राजनैतिक) के आह्वान पर देश भर के जिला मुख्यालयों पर बुधवार को दिल्ली जंतर मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों का समर्थन करते हुए छेड़छाड़ मामले के आरोपी सांसद एवं राष्ट्रीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण की शव यात्रा निकालते हुए पुतले जलाए गए। इसी कड़ी में सिरसा में भारतीय किसान एकता बीकेई अध्यक्ष लखविंद्र सिंह औलख की अगुवाई में सैकड़ों किसानों व समाज के इंसाफ पसंद लोगों ने पीड़ित पहलवान बेटियों को इंसाफ दिलाने के लिए बृज भूषण को पद से बर्खास्त कर उसकी गिरफ्तारी की मांग करते हुए सिरसा किसान भवन से लेकर लाल बत्ती चौक तक रोष मार्च कर बीजेपी सांसद का पुतला दहन किया।

## गैंगस्टरों के 21 ठिकानों पर छापे, छह गिरफ्तार

**नयी दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली और हरियाणा में बुधवार को गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों के 21 ठिकानों पर छापे मारे। इन छापों में करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया गया और छह को गिरफ्तार किया गया। रोहिणी कोर्ट शूटआउट मामले में जेल में बंद गैंगस्टर सुनील मान उर्फ टिल्लू ताजपुरिया को दिल्ली की तिहाड़ जेल के अंदर प्रतिद्वंद्वी गिरोह के कैदियों द्वारा कथित तौर पर मार दिए जाने के एक दिन बाद यह कार्रवाई हुई है। दिल्ली के द्वारका डिस्ट्रिक के पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने बताया कि 300 पुलिसकर्मियों वाली 21 टीमों ने बुधवार तड़के दिल्ली में 15 दिल्ली में और हरियाणा में छह जगहों पर छापेमारी की।

## आठ मई से नई दिल्ली तक महिला स्पेशल ट्रेन

**सोनीपत:** उत्तर रेलवे ने आठ मई से पानीपत-सोनीपत से नयी दिल्ली तक जाने वाली महिला स्पेशल ट्रेन शुरू करने का निर्णय लिया है। रेलवे स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि आठ मई से महिला स्पेशल ट्रेन पुनः शुरू की जाएगी। आठ मई को नयी दिल्ली से सोनीपत होते हुए ट्रेन पानीपत जाएगी। नौ मई को ट्रेन सुबह करीब सात बजकर 30 मिनट पर रेलवे स्टेशन सोनीपत पहुंचेगी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने उत्तर रेलवे से महिला स्पेशल ट्रेन को पुनः शुरू करने की मांग की थी।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** › बजरंग दल पर प्रतिबंध के कांग्रेसी घोषणा के बाद नये अंदाज में विरोध

# मोदी ने बजरंग बली की जय से शुरु किया भाषण

- कांग्रेस शाही परिवार के लिए कर्नाटक है एटीएम
- भाजपा शासन से इस राज्य का चौतरफा विकास
- कांग्रेस को शांति और विकास सहन नहीं हो रहा

राष्ट्रीय खबर

**मुल्कीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपने चुनावी भाषण की शुरुआत बजरंग बली की जय के साथ करते हुए कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और उसके परिवार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस कर्नाटक में सत्ता में आने का प्रयास इसलिए कर रही है क्योंकि वह दिल्ली में बैठे इस शाही परिवार के लिए इसे एटीएम नम्बर वन बना सके। श्री मोदी कर्नाटक में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि कर्नाटक औद्योगिक विकास में नम्बर एक बने, हमारा प्रयास है कि कर्नाटक कृषि विकास में, शिक्षा और स्वास्थ्य में नम्बर एक बने, लेकिन कांग्रेस क्या चाहती है, कांग्रेस कर्नाटक को दिल्ली में बैठा शाही परिवार (रॉयल सोनिया गांधी और उनका परिवार) के लिए एटीएम नम्बर एक बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि कर्नाटक के आधुनिक बुनियादी ढांचे को मजबूत कर देश में नंबर वन और कर्नाटक को मैन्युफैक्च रिंग सुपरपावर बनाना है। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि दूसरी ओर कांग्रेस भाजपा की विकास पहलों को विफल करने के लिए सेवानिवृत्ति के नाम पर वोट मांग रही है। उन्होंने दावा किया कि यह उनका आखिरी चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक में शांति और विकास की दुश्मन है, क्योंकि यह आतंक के आकाओं को बचाती है और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देती

›› पेज 2 भी देखें



### कर्नाटक में अस्थिरता है, तो आपका भाग्य भी अस्थिर रहेगा

श्री मोदी ने भारत के खिलाफ लंदन में की गई टिप्पणी के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूरी दुनिया भारत में विकास और लोकतंत्र की प्रशंसा कर रही है, लेकिन कांग्रेस देश को दुनिया भर में बदनाम कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया का विश्वास और प्रशंसा मोदी के कारण नहीं, बल्कि आपके वोट के कारण है, जिसने दिल्ली में एक मजबूत और स्थिर सरकार की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर समाज में शांति है, तो कांग्रेस शांति से नहीं बैठ सकती है। अगर देश में प्रगति और विकास है, तो कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं कर सकती है, कांग्रेस की पूरी राजनीति फूट डालो और राज करो की नीति पर आधारित है। कर्नाटक कांग्रेस के इस खतरनाक चेहरे का गवाह रहा है। श्री मोदी ने पहली बार मतदान करने वालों से अपील करते हुए कहा कि वे कर्नाटक के भविष्य का फैसला करने जा रहे हैं। यदि आप अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो अपने मन का काम करें। यह कांग्रेस से संभव नहीं हो पाएगा। अगर कर्नाटक में अस्थिरता है, तो आपका भाग्य भी अस्थिर रहेगा।

सेना की टीम ने त्वरित कार्रवाई कर तीस लोगों को सुरक्षित निकाला

## सिक्किम में फिर भीषण बर्फवारी के बीच फंसे पर्यटक



- अचानक ही बिगड़ गया था माहौल
- भीषण बर्फवारी से सड़क अवरुद्ध हुए
- तीसरी बार अचानक से मौसम बदला

राष्ट्रीय खबर

**शिलिगुड़ीः** सिक्किम घूमने गये पर्यटकों का एक बड़ा दल आज भी संकट में पड़ने से बाल बाल बच गया। दरअसल पूर्वी सिक्किम में अचानक मौसम के बिगड़ जाने से यह सारे पर्यटक सड़क पर ही जहां तहां फंस गये थे। इसकी सूचना मिलने के तुरंत बाद भारतीय सेना ने राहत अभियान प्रारंभ किया। इसके तहत भारतीय सेना के जवानों ने खराब मौसम के कारण पूर्वी सिक्किम में फंसे बच्चों और बुजुर्गों सहित 30 पर्यटकों को बचाया। सेना की त्रिशक्ति कोर ने सोमवार सुबह एक बयान में यह जानकारी दी। सेना के सूत्रों के अनुसार, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण पूर्वी सिक्किम में पर्यटकों की यात्रा पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे पहले भी दो अवसरों पर सिक्किम के इलाकों में घूमने गये पर्यटक इस तरीके से मौसम के बिगड़ने की वजह से संकट में फंस चुके हैं। इस

›› पेज 2 भी देखें

# संदेह में भीड़ ने पीट पीट कर मार डाला

## चंदवा में डायन-बिसाही के संदेह में बुजुर्ग दंपती की हत्या

- अंधविश्वास का माहौल था तो हमला हुआ
- सूचना पर कई लोगों को हिरासत में लिये गये
- गांव में सभा कर दोनों को डायन और ओझा बताया

राष्ट्रीय खबर



**लातेहार :** लातेहार जिले में एक बार फिर अंधविश्वास देखने को मिला है डायन बिसाही के शक में वृद्ध दंपति की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। मामला लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसला गांव का है। जहां कल देर रात इस घटना को अंजाम दिया गया है मृतकों की पहचान सिबल गंझु (75 वर्ष) और उनकी पत्नी बुधनी देवी (70 वर्ष) हैं। इस संबंध में आज जानकारी मिलने के बाद चंदवा पुलिस ने गांव पहुंचकर शवों को कब्जे में ले लिया है। इस मामले में गांव के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है लातेहार पुलिस के अनुसार ग्रामीणों को शक था कि दोनों पति-पत्नी डायन बिसाही के माध्यम से ग्रामीणों को परेशान करते हैं। कुछ दिन पूर्व सरहुल के दिन भी गांव में सभा बैठाई गई थी, जिसमें दोनों पति-पत्नी को डायन और ओझा करार दिया गया था। मंगलवार की देर रात गांव में एक पंचायत बैठाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से दोनों पति-पत्नी को लाठी डंडे से पीटने का फरमान जारी किया गया इसके बाद कुछ ग्रामीणों ने दोनों पति-पत्नी को बेरहमी से पीटा, जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद मामले की जानकारी किसी भी बाहरी व्यक्ति को नहीं देने की बात कही गई लेकिन पुलिस को बुधवार को इसकी भनक मिल गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल कुछ ग्रामीणों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

उदलगुड़ी में छापे में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

# पाकिस्तान के आतंकवादी समूहों से जुड़े होने का संदेह

- एक्यूआईएस/ एबीटी से जुड़े 56 से ज्यादा गिरफ्तार
- असम में आतंकी मॉड्यूल के खिलाफ कार्रवाई जारी है
- सिर्फ अमीनुल इस्लाम की पहचान उजागर की गयी है

भूपेन गोस्वामी



**गुवाहाटीः** असम पुलिस ने 3 मई को असम के उदलगुड़ी जिले में अवैध हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया।असम पुलिस और सीआईडी के जांच अधिकारी को संदेह है कि बरामद किए गए हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा पाकिस्तानी आतंकवादी समूहों के साथ जुड़ा हो सकता है। विशेष सूचना के आधार पर उदलगुड़ी पुलिस ने छापा मारा और आज सुबह भारी मात्रा में हथियार बरामद किए। बरामदगी के बारे में जानकारी देते हुए, पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने ट्वीट किया, ह्लउदलगुरी पुलिस द्वारा भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। हम असम को सभी

›› पेज 2 भी देखें

**संग्रह** › रेलवे लाइन की खुदाई में प्राचीन परंपरा की जानकारी मिली

# दो हजार साल पुराने शव के मुंह में सिक्के

- मृतकों को शहर से अलग दफनाया जाता था
- इन अवशेषों में सुअर क्यों हैं, इसका पता नहीं
- प्राचीन काल के दूसरे सामान भी वहां पाये गये

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** प्राचीन परंपराओं को समझने की प्रक्रिया आज भी जारी है। हमारे पूर्वज कैसे जीते थे और उनकी जीवन पद्धति कैसी थी, इस बारे में लगातार शोध की वजह से काफी कुछ सूचनाएं संग्रहित हो पायी हैं। अब फ्रांस के नोट्रे डेम कैथेड्रल के पास एक कम्प्यूटर ट्रेन की खुदाई में 2,000 साल पुराने नेक्रोपोलिस का पता चला है जिसमें उनके मुंह में सिक्कों के साथ दफन शव और एक पूरे सुअर का कंकाल है। इस कैथेड्रल के पास एक कब्रिस्तान में 2,000 साल पुराने कंकाल मिले हैं। एक ट्रेन लाइन के लिए खुदाई के दौरान कम से कम 50 पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के अवशेषों का पता चला। इससे पता चल जाता है कि प्राचीन काल में यहां मरे हुए लोगों को दफनाया जाता था। लगभग आधी कब्रों में प्याले, जग या व्यंजन जैसी वस्तुएं उनके साथ दबी हुई थीं। परीक्षण में यह सभी करीब दो हजार वर्ष पुराने हैं। इसलिए इसे पुराना नेक्रोपोलिस यानी मृतकों का शहर बताया गया है। लुटेटिया के

›› पेज 2 भी देखें

### संस्थान द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार

संस्थान द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कम से कम आधे दफन स्थलों में कप, व्यंजन और कांच के अन्य टुकड़े जैसी कलाकृतियाँ थीं। अन्य में कपड़े, गहने, पिन और बेल्ट शामिल थे। इससे उस काल में इंसान क्या क्या इस्तेमाल करता था, उसकी जानकारी भी मिल जाती है। उस समय, भावना यह थी कि मृत्यु के बाद एक और जीवन था, इसलिए लोगों ने कब्र में ऐसी चीजें रखीं जो मृत व्यक्ति को बाद के जीवन में जीवित रहने में मदद करेंगी। इसीलिए रोजमर्रा की ज़िंदगी की चीजे मिली हैं, साथ ही ऐसे घड़े मिले हैं जिनमें बहुत संभावना है कि भोजन हो। कुछ ताबूतों में, मृतकों को उनके ताबूत में या उनके मुंह में रखे एक सिक्के के साथ दफनाया गया था। यह अभ्यास, पुरातन काल में आम पायी गयी है।

## न्यूयॉर्क में बंदूक जमा करने पर पांच सौ डॉलर ईनाम

राष्ट्रीय खबर

**न्यूयॉर्कः** अमेरिका में हथियार संस्कृति के कुपरिणाम हाल के दिनों में अधिक नजर आये हैं। इसके तहत कई स्कूलों में भी अत्याधुनिक हथियारों से हुई फायरिंग में स्कूली बच्चे और आम लोग मारे गये हैं। हाल की एक घटना में हथियार चलाने वाला एक कम उम्र का स्कूली छात्र था। ऐसी स्थिति में पूरे देश में हथियारों पर पाबंदी की लगातार मांग उठ रही है। इसके बीच ही न्यूयॉर्क में इसी पहल के तहत एक नई योजना चालू कर दी गयी है। वहां हथियारों की वापसी खरीद योजना लागू कर दी गयी है। इसके तहत हथियार



लौटाने वालों को तुरंत ही पांच सौ डॉलर का ईनाम दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम शनिवार से शुरू हुआ।

रिपोर्ट में बताया गया है कि खतरनाक हथियारों में बदलने वाले गन मालिकों को बंदूकों के बदले 500 डॉलर के उपहार कार्ड दिए गए थे।

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### दीपक प्रकाश ने किया उद्घाटन

रांची :भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को बुडमू के आदिवासी बाल विकास विद्यालय और ठाकुरगांव में सांसद कोष से निर्मित पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने नि:शुल्क कोर कार्बन लकड़ी चूल्हा का भी वितरण किया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा को जब-जब अवसर मिला तब-तब सड़कों का जाल बिछाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सड़क नेटवर्क के क्षेत्र में दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। पिछले आठ वर्षों के कार्यकाल में केंद्र सरकार ने लगभग चार लाख किलोमीटर सड़क निर्माण की मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश कि अर्थव्यवस्था उसके परिवहन मार्ग पर विशेष कर निर्भर करता है।

**चेतावनी** अदालत ने दी चेतावनी, नहीं निकाला हल तो विधानसभा अध्यक्ष के सचिव खुद उपस्थित हो अदालत में

# झारखंड विधानसभा नेता प्रतिपक्ष का मामले में हाई कोर्ट सख्त, कहा एक हफ्ते में निकालें हल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली होने की वजह से कई आयोग डिफंक्ड अवस्था में हैं। राज्य के सूचना आयोग, महिला आयोग समेत अन्य आयोगों में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इसको लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष के सचिव को एक सप्ताह के भीतर नेता प्रतिपक्ष या सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता के चुनाव का हल करने का निर्देश दिया है।अदालत ने चेतावनी भी दी है और कहा है कि अगर एक सप्ताह में यह नहीं होता है तो



विधानसभा अध्यक्ष के सचिव खुद उपस्थित होकर अदालत को बताएंगे कि क्यों नहीं अब तक इस समस्या का समाधान हो पाया है। मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। इस संबंध में एडवोकेट एसोसिएशन और याचिकाकर्ता राजकुमार के अलावा अन्य कई याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका दायर की है। सभी याचिकाओं की सुनवाई एक साथ सूचीबद्ध कर की गई। अधिवक्ता अभय कुमार मिश्रा और अधिवक्ता नवीन कुमार ने पक्ष रखा। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। अब एक सप्ताह बाद इस मामले में सुनवाई होगी।

आपको बता दें कि सदन में नेता प्रतिपक्ष नहीं होने की वजह से कई आयोग का काम प्रभावित हो रहा है। इस मसले पर लंबे समय से राजनीति भी हो रही है। सत्ताधारी दल कई बार कह चुके हैं कि जब बाबूलाल मरांडी का मामला स्पीकर के ट्रिब्यूनल में है तो फिर उन्हें किसी दूसरे को नेता प्रतिपक्ष मनोनीत करना चाहिए। भाजपा जानबूझकर मामले को लटका रही है। वहीं भाजपा का कहना है कि चुनाव आयोग ने भी बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक की मान्यता दे रखी है। राज्यसभा चुनाव में वह भाजपा विधायक की हैसियत से वोट भी करते हैं। फिर भी उनको विधायक दल का नेता चुने जाने के बावजूद सदन में नेता प्रतिपक्ष की मान्यता नहीं दी जा रही है।

## पेज एक का शेष

### मोदी ने बजरंग बली .. .. ..

है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक देश की स्टार्टअप क्रांति को मजबूत कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, यहां तक कि ब्रिटेन ने भारत पर दो शताब्दियों तक शासन किया और यह लोगों के समर्थन के बिना संभव नहीं था। प्रधानमंत्री भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए लोगों से अपील की और कहा कि मुझे आपकी और आपके मदद की जरूरत है। साथ ही इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने के लिए भाजपा को वोट देने की जरूरत है। कर्नाटक में मतदान 10 मई को होगा एवं मतगणना 13 मई को होगी।

### सिक्किम में फिर भीषण .. .. ..

बार का मौसम थोड़ा अजीब आचरण कर रहा है। इस वजह से बर्फवारी होते ही तेजी से तापमान नीचे आ रहा है और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों की तरफ गये पर्यटक रास्ते में ही फंस रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक पूर्वी सिक्किम में रविवार दोपहर से ताजा हिमपात शुरू हो गया है। जिससे कई सैलानियों का बुरा हाल हो गया है। वे कार के साथ फंस गए। सूचना मिलने के बाद त्रिशक्ति वाहिनी के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया.

त्रिशक्ति वाहिनी के अनुसार रविवार दोपहर से बचाव कार्य शुरू हुआ। देर रात तक सेना के जवानों ने कम से कम 30 पर्यटकों को बचाया इनमें बच्चे और बुजुर्ग भी थे। पूर्वी सिक्किम के पर्यटकों को बचाए जाने के बाद मैदानी इलाकों में लाया गया। इसके बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया और सेना द्वारा गर्म कपड़े, भोजन और दवाइयां प्रदान की गईं। उधर, सेना ने भी पूर्वी सिक्किम में फंसे कई वाहनों को रेस्क्यू करना शुरू कर दिया है. साथ ही बर्फ से ढकी सड़कों को भी साफ किया जा रहा है। खराब मौसम के कारण फिलहाल पूर्वी सिक्किम में पर्यटकों की यात्रा पर रोक लगा दी गई है। दरअसल आम तौर पर गर्मी के इस मौसम में बर्फ से ढंके रहने वाले अनेक इलाके खुल जाते हैं। इनमें सबसे अधिक पसंदीदी नाथुला पास भी है। लेकिन इन सभी सड़कों पर बर्फवारी होने से सड़क पर वाहनों का चलना कठिन हो जाता है। दूसरी तरफ बर्फवारी होने के साथ साथ पहाड़ से मलवा नीचे आने का खतरा भी बढ़ जाता है।

### पाकिस्तान के आतंकवादी .. ..

गैरकानूनी हथियारों से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हालांकि, जब्ती के संबंध में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या का अभी पता नहीं चल पाया है। एक व्यक्ति को 30 अप्रैल को अवैध हथियारों और गोला-बारूद के साथ हिरासत में लिया गया था। पुलिस ने स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास के साथ मिलकर यह पता लगाया कि व्यक्ति को कैसे फंसाया जाए और पकड़ा जाए। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अमीनुल इस्लाम के रूप में हुई है।

अमीनुल अरुणाचल प्रदेश से सिलापत्थर जा रहा था जब उसे गिरफ्तार किया गया। जब वह एक बस से उतरा और सिलापाथर की दिशा में एक और बस लेने वाला था, तो उसे कथित तौर पर हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से एसबीबीएल राइफल बरामद की गई है। राइफल को लखीमपुर के नवबोइचा से ले जाया जाना था।इस बीच ,असम में आतंकी मॉड्यूल के खिलाफ कार्रवाई जारी है। सोमवार को पुलिस ने दो और संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। असम में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने के बाद से यहां आतंकियों की गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है। बीते कुछ दिनों में कई आतंकियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी के एबीटी और अलकायदा से संबंध सामने आए थे। इसके अलावा इन सभी आतंकवादियों के का क्षेत्रीय मदरसों से भी लिंक मिला था। इन मदरसों के जरिए ये आतंकी आतंकी संगठनों के पैसे जुटाने और युवाओं की भर्ती करने का काम करते थे। असम पुलिस ने इस साल मार्च से अब तक एक्यूआईएस/ एबीटी. से जुड़े 46 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए सभी लोग पाकिस्तानी आतंकवादी लिंकमैन हैं।आतंकियों का मदरसा लिंक सामने आने के बाद से इन मदरसों को भी गिराए जाने की कार्रवाई जारी है। बीते दिनों बारपेटा, बोंगाईगांव और गोपालपाड़ा में मदरसों को ढहाया गया था। गोपालपाड़ा में तो स्थानीय लोगों ने खुद मदरसे को गिरा दिया था। बारपेटा जिले के मदरसे में आतंकियों को चार साल तक पनाह देने वाले का मामला सामने आया था।

### दो हजार साल पुराने .. .. ..

पूर्व गैलो-रोमन शहर में एक मौजूदा कम्यूटर ट्रेन लाइन का विस्तार करने के लिए खुदाई के दौरान खोजे गए ताबूतों में कम से कम 50 पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के अवशेष पाए गए, जहां आज प्रतिष्ठित पेरिस कैथेड्रल खड़ा है। इस परियोजना का नेतृत्व करने वाले फ्रांस के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिवेंटिव आर्कियोलॉजिकल रिसर्च के अध्यक्ष डॉमिनिक गार्सिया ने बताया, इस बारे में इतना असाधारण क्या है कि हमारे पास अपने अतीत में एक खिड़की है, जो इस शहर में काफी दुर्लभ है। . दूसरी शताब्दी में, जीवित लोगों ने मृतकों से अपनी दूरी बनाए रखी, अपने प्रियजनों को विस्तृत विशाल मकबरों में दफन किया, जिन्हें नेक्रोपोलिज कहा जाता है, जो उन लोगों का सम्मान करने के लिए बनाए गए थे - और उन्हें जीवित शहरों से अलग रखा। गार्सिया ने कहा, उनके अंतिम संस्कार के आधार पर, हम दूसरी शताब्दी में पेरिस में रहने वाले लोगों की एक तरह की सामान्य दृष्टि तक पहुंच सकते हैं।

शोधकताओं द्वारा खोजे गए एक गड्ढे में एक पूरे सुअर का कंकाल था, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इसका क्या उद्देश्य हो सकता है। स्मिथसोनियन मैगजीन के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब शोधकताओं द्वारा सेंट-जैक्स नेक्रोपोलिस नाम की साइट का पता लगाया गया है।

1800 के दशक में, प्राचीन कब्रिस्तान के एक हिस्से का सर्वेक्षणकताओं द्वारा पता लगाया गया था, जो स्वयं कंकालों की तुलना में मृतकों के साथ दफन की गई कलाकृतियों से अधिक चिंतित थे। 2019 में आग लगने के बाद ऐतिहासिक संरचना को नुकसान पहुंचा, नोट्रे डेम कैथेड्रल के आसपास का क्षेत्र हाल ही में पुरातात्विक खुदाई का विषय रहा है। पिछले साल, शोधकताओं ने पता लगाया - और खोला - एक रहस्यमय, मानव-आकार का सीसा सरकोफैगस गिरजाघर के नीचे खोजा गया। अंदर मानव अवशेष थे, जिन्हें बाद में 83 वर्षीय एंटोनी डे ला पोर्टे के रूप में पहचाना गया, जिनकी मृत्यु 1710 में हुई थी। पुरातत्वविदों ने व्यक्ति की पहचान और उम्र उसके ताबूत पर खोजे गए लेखन से की गयी।

### न्यूयॉर्क में बंदूक जमा .. ..

बायबैक (वापसी खरीद) कार्यक्रम न्यूयॉर्क अटॉर्नी जनरल लेटिसिया जेम्स के कार्यालय द्वारा आयोजित किया जाता है। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में करीब 3 हजार से ज्यादा हथियार जमा हो गई हैं। इनमें असॉल्ट राइफलें और घोस्ट गन शामिल हैं जो आग्नेयास्त्रों के पुर्जों से निर्मित होती हैं और बिना असेंबल किए बेची जाती हैं। जेम्स ने ट्विटर पर कहा, हमने आज 3,76 बंदूकें बरामद कीं, जिनमें 185 असॉल्ट राइफलें शामिल हैं।ह्व इनमें से प्रत्येक बंदूक एक संभावित दुर्घटना घटक है। इसमें हमारी मदद करने के लिए कानून प्रवर्तन और सरकार के सभी भागीदारों का धन्यवाद हम न्यूयॉर्क वासियों को बंदूक हिंसा से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना जारी रखेंगे। निवासी जो समर्पण करते हैं उन्हें पहले हथियार के लिए 500 डॉलर और प्रत्येक अतिरिक्त हथकड़ी के लिए अतिरिक्त 150 डॉलर मिलते हैं। पूरे न्यूयॉर्क में नौ बायबैक केंद्र स्थापित किए गए। वैसे अमेरिका के बाहर भी अमेरिकी हथियार को लेकर काफी आलोचना होती आयी है। मैक्सिको सहित कई देशों का आरोप है कि अमेरिका के हथियार विक्रेता ही चोर रास्ते से उनके देश में हथियार पहुंचा रहे हैं, जो अंततः बड़े अपराधियों के हाथ बिक रहे हैं। अफ्रीकी देशों से भी ऐसे अमेरिकी हथियारों की बिक्री की शिकायत पहले ही मिली थी। अब यूक्रेन युद्ध के दौरान भी रूस ने कई बार यह आरोप लगाया है कि यूक्रेन को मोहरा बनाकर अमेरिका और अन्य पश्चिमी देश रूस पर परोक्ष हमला कर रहे हैं।

सरजू पांडेय के विचारों को किया याद

## राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह पहुंचे रांची

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने रांची प्रेस क्लब में लोगों को संबोधित किया। वे यहां पूर्व सांसद सरजू पांडेय की जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित स्मृति सभा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व सांसद सरजू पांडेय पूर्वांचल के बड़े नेता थे। उनकी देशसेवा, संघर्ष और त्याग आज भी प्रेरणा देती है। आज दुनिया टेक्नोलॉजी से बदल रही है पांडेय जी ने विचारों से बदलाव लाया था। आज जो हम आजादी के साथ सांस ले पा रहे हैं, उनमें उन स्वतंत्रता सेनानियों का बड़ा योगदान है। इसलिए भी हमें आजादी के 75वें वर्षगांठ पर उन्हें याद करना जरूरी है।अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि सरजू पांडेय के बारे में हम लोग बचपन से सुनते आ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर भी उनका जिक्र किया करते थे। कांग्रेस के दौर में भी वह अपने दम पर चार बार लोकसभा का चुनाव जीते। अंतरिम सरकार और बाद में उन्हें कई बार कैबिनेट में आने का निमंत्रण दिया गया। इसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। अपने विचारों पर आजीवन अडिग रहे। देश के राष्ट्रीय नेताओं, पांच पूर्व प्रधानमंत्रियों के साथ उनके अच्छे और व्यक्तिगत रिश्ते थे। पूर्वांचल में गोबर से अनाज निकाल कर खाने को अभिशप्त जनता की वेदना को उन्होंने संसद में मुखरता से उठाया। विश्वनाथ सिंह गहमरी और सरजू पांडेय की आवाज उठाने पर सरकार ने पटेल आयोग का गठन किया। देश के एकीकरण में उनका योगदान अतुलनीय है। 1962 में संसद में धारा 370 के खिलाफ लाये गये बिल पर उन्होंने दलीय प्रतिबद्धता से हट कर धारा 370 का विरोध किया।

आंकड़ों की बाजीगरी अब भी जारी

## शराब के खेल में फिर डूबी झारखंड सरकार

- रघुवर सरकार ने भी की थी यही गलती
- बाहरी एजेंसियों ने पूरा नहीं किया लक्ष्य
- बाद में पता चलेगा कितना घाटा या लाभ




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** इस सरकार ने भी पिछली सरकार की गलतियों से सबक नहीं लिया अथवा पिछली सरकार में हावी किसी एक अधिकारी के निजी लाभ कमाने की कोशिश को आगे बढ़ाया। सरकार में शामिल लोगों के अलावा हर आम आदमी यह अच्छी तरह समझ रहा था कि यह दोबारा छत्तीसगढ़ के सिंडिकेट का खेल है, जिसमें सरकार को नहीं कुछ लोगों को लाभ होता है। अब जाकर शराब से होने वाले राजस्व की आमदनी का आंकड़ा पूरा नहीं होने की सच्चाई सामने आ गयी है। वैसे इसमें अब भी आंकड़ों की बाजीगरी का खेल चल रहा है और सरकार को अपनी इस सिंडिकेट वाली व्यवस्था से अप्रैल माह में कितना घाटा हुआ है, वह कुल घाटे में शामिल नहीं है। इसी वजह से फिर से हेमंत सोरेन की सरकार रघुवर दास की सरकार के जैसा पुरानी लीक पर लौट रही है। सरकार के अंदर से जो सूचनाएं बाहर आयी हैं, उसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए राज्य में शराब की बिक्री के लिए जिन प्लेसमेंट एजेंसियों का चयन किया गया था उनका कार्यकाल 30 अप्रैल को खत्म हो गया। बताया जाता है कि जिन प्लेसमेंट एजेंसियों को शराब बिक्री की जिम्मेदारी दी गई थी उन्होंने अपना लक्ष्य हासिल नहीं किया। संस्था ने उनकी बैंक गारंटी जब्त करने संबंधी जानकारी भी उत्पाद विभाग को दी है। बता दें कि झारखंड में वैसे भी विपक्ष लगातार हेमंत सोरेन सरकार पर शराब घोटाले का आरोप लगा रहा है। मुख्य विपक्षी पार्टी बीजेपी के नेताओं में खासतौर पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ज्यादा हमलावर हैं। शराब बिक्री में राजस्व का नुकसान और उठते सवालों के बीच यह भी फैसला किया जा सकता है कि क्या शराब बिक्री का जिम्मा सौंपने के लिए लॉटरी व्यवस्था का इस्तेमाल होगा।

इससे पहले झारखंड सरकार ने आबकारी नीति की आलोचना करने वालों को जबाव दिया था। झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग ने दावा किया है कि राज्य की नई शराब नीति की वजह से मई 2022 के दौरान राजस्व संग्रहण में 70 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गयी जो एक कीर्तिमान है। विभाग ने कहा कि राज्य को 79 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ। राज्य के आबकारी सचिव विनय चौबे ने कहा था कि नई शराब नीति लागू होने से पहले अप्रैल 2022 में सिर्फ 109 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ था जबकि मई 2022 के दौरान 188 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई। अब आने वाले समय में यह साफ हो जाएगा कि दरअसर आबकारी से झारखंड सरकार का राजस्व कितना बढ़ा या घटा। वैसे इस खेल में छत्तीसगढ़ के चंद लोगों के अलावा झारखंड में कौन कौन मालामाल हुआ, यह शायद ईडी की जांच के दस्तावेजों में दर्ज हो चुका है। छत्तीसगढ़ में सबसे पहले कार्रवाई होने के बाद ईडी ने रांची में हाथ डाला था। इससे साफ है कि पहले से काफी कुछ प्रमाण जुटा लेने के बाद ही आगे की कार्रवाई की गयी है।

## मॉब लिंचिंग में झारखंड नंबर वन, राज्य में खत्म हो गया है कानून का राज: रघुवर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**लातेहार में हुई मॉब लिंचिंग की घटना को लेकर के झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में कानून का राज समाप्त हो गया है। लोगों भीतर कानून का डर नहीं रह गया है। रघुवर दास ने कहा झारखंड में कानून नाम की चीज नहीं रह गई है। वहीं मॉब लिंचिंग के मामले में झारखंड पूरे देश में सबसे आगे है। कानून का डर लोगों के भीतर नहीं है। अपने ट्वीट में रघुवर दास ने




लिखा है कि हमारे समय में एक तथाकथित मॉब लिंचिंग की घटना हुई थी। इस घटना को लेकर कुछ राजनीतिक दलों ने इसे पूरे देश स्तर पर उठाया था। रघुवर दास ने कहा है कि आज वहीं लोग नए इकोसिस्टम में चुप्पी लगाकर बैठे हैं। झारखंड में राजनीतिक दल भी अब दोहरा मापदंड अपनाने लगे हैं।आपको बता दें कि लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में डायन बिसाही के आरोप में एक वृद्ध दंपत्ति की पीट-पीटकर कुछ ग्रामीणों ने हत्या कर दी जिन की हत्या की गई है। वह फैसला गांव के रहने वाले हैं और यह खेती बाड़ी का काम करते थे। इसी गांव के दो लड़कों की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि इन्हीं दोनों लोगों के कारण इन दोनों लड़कों की मौत हुई है। गांववालों ने इस दंपत्ति दोषी करार दे दिया था उसके बाद पंचायत लगाकर के दोनों वृद्ध दंपत्ति की लाठियों से पिटाई की गई जिसमें इन दोनों की मौत हो गई। हालांकि पुलिस ने इस मामले में अभी तक लगभग एक दर्जन लोगों के गिरफ्तार किया है।

## राहुल गांधी को रांची एमपी-एमएलए कोर्ट से नहीं मिली राहत

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मोदी सरनेम को लेकर मानहानि से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को एमएलए / एमपी कोर्ट में हाजिर होना होगा। रांची के एमपी / एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश होने का छूट देने का आग्रह करने वाली पिटीशन को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने राहुल गांधी को इस मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है।दरअसल इस मामले में रांची सिविल कोर्ट में एक शिकायतवाद दर्ज की गई थी। यह शिकायतवाद राहुल गांधी द्वारा



मोदी सरनेम वालों पर की गई टिप्पणी के आलोक में शिकायतकर्ता प्रदीप मोदी की ओर से रांची सिविल कोर्ट में किया गया था। बता दें कि सूरत कोर्ट ने भी मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई है। इससे उनकी संसद की सदस्यता भी खत्म हो चुकी है ।जिसके बाद उन्होंने गुजरात हाई कोर्ट में अपील की थी लेकिन वह भी उन्हें राहत नहीं मिली।

**विवाद** सरयू राय और बन्ना गुप्ता के बीच विवाद अब और गहराता जा रहा है

# सरयू राय और मंत्री बन्ना गुप्ता के बीच का विवाद और गहराया, मंत्री ने भेजा मानहानि का नोटिस

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** निर्दलीय विधायक सरयू राय और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के बीच चल रहा विवाद अब कानूनी रूप लेता दिख रहा है। तथाकथित अश्लील वीडियो और अवैध हथियार रखने के मामले को सड़क से राजभवन तक उठाए जाने पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने सरयू राय के खिलाफ मानहानि का नोटिस भेजा है। मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने अधिवक्ता प्रकाश झा के माध्यम से नोटिस भेजा है। मंत्री की ओर से कहा गया है कि सरयू राय उनकी छवि धूमिल कर रहे हैं। सरयू राज जिस ग्लॉक पिस्टल को अवैध बता रहे हैं, उसे सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद लिया



गया है। जिस तस्वीर और वीडियो को सार्वजनिक किया है, वो जमशेदपुर रायफल क्लब की है। बन्ना गुप्ता इस क्लब के सदस्य हैं और वहां अभ्यास करने की अहर्ता रखते हैं।मंत्री बन्ना गुप्ता के कार्यालय से बताया गया है कि इससे पहले भी कोविड-19 प्रोत्साहन राशि के झूठे आरोप के जवाब में भी मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानहानि का मुकदमा सरयू राय पर दर्ज कराया था जो न्यायालय में प्रक्रियाधीन है। उसके बाद इस तरह मानहानि का यह दूसरा मामला है। सरयू राय पर आरोप है कि वे हमेशा विभिन्न मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से मंत्री बन्ना गुप्ता पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाते हैं जिससे उनकी राजनीति और सामाजिक छवि खराब हो रही है। इस तरह के दुष्प्रचार में वे अपने सोशल मीडिया के ट्विटर और फेसबुक अकॉउंट का भी इस्तेमाल करते हैं। अब देखना है कि इस नोटिस का जवाब विधायक सरयू राय क्या देते है? यह जानकारी मंत्री के प्रेस सलाहकार संजय ठाकुर ने दी है।आपको बता देती मंत्री बन्ना गुप्ता से जुड़ा तथाकथित अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद विधायक सरयू राय ने ट्वीट कर उन पर हमला बोला था। उन्होंने उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद उन्होंने आरोप लगाया था कि मंत्री बन्ना गुप्ता एक अवैध पिस्टल रखते हैं जो आर्म्स एक्ट का उल्लंघन है। इस मामले को ईटीवी भारत में प्रमुखता से उठाया था। तथाकथित अवैध पिस्टल वाले मामले पर जमशेदपुर की डीसी से बात करने की कोशिश की गई थी, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया था।इस मामले से सरयू राय ने राज्यपाल को भी अवगत कराया था। अश्लील वीडियो वाला मामला गरमाने के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विधायक सरयू राय के निजी जीवन पर भी गंभीर टिप्पणी की थी।

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र शिक्षा/धर्म

web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### पासवा अध्यक्ष ने जवाब मांगा

रांची : प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बायोम मेडिकल कोचिंग संस्थान को पत्र भेजकर एवं व्हाट्स अप कर तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है वरना कारवाई करने की चेतावनी दी है।बायोम कोचिंग संस्थान और उसके फजीर्वाड़े से झारखंड की जनता अब भलिभांति परिचित हो चुकी है। अखबार की सुर्खियां बनने के बाद इस फजीर्वाड़े का असर अब दिखने लगा है। जब आप गलत कर रहे होते हैं तब आप एक दबाव महसूस करते हैं और बायोम द्वारा जो दबाव महसूस किया जा रहा है उसका असर अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है। टॉपर के नाम और चेहरे को लेकर मचे बवाल के बाद अब धीरे- धीरे शहर में और भी नये बैनर पोस्टर लगने लगे हैं।

**आयोजन** रांची में सांसद सांस्कृतिक महोत्सव पांच मई से

# कलाकारों का लगेगा महाकुंभ

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** सांस्कृतिक महोत्सव के जरिए स्थानीय कलाकारों को प्रतिभा निखारने में इन दिनों सांसद संजय सेठ जुटे हुए हैं। आगामी पांच मई से सात मई तक राजधानी रांची के ऑड्रे हाउस सहित चार स्थानों में सीनियर और जूनियर वर्ग के करीब 2200 प्रतिभागी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव में भाग लेंगे। इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की जा रही है। जिसमें जनजातीय नृत्य, क्लासिकल नृत्य, लघु नाटिका जैसे 10 विधाओं की नृत्य की प्रस्तुति होगी।सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आगाज पांच मई को शाम 4:30 बजे आर्यभट्ट सभागार में होगा। इसका उद्घाटन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास करेंगे। दूसरे दिन यानी छह मई की शाम 4:30 बजे आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद करिया मुंडा शामिल होंगे। सांस्कृतिक महोत्सव का समापन सात मई को होगा। जिसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के भी आने की संभावना है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश आदि नेता उपस्थित होंगे। सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को मूर्त रूप देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय प्रतिभागियों को बड़ा मंच मिलेगा। जिससे उनकी कला में निखार आएगा। रांची में आयोजित हो रहे सांसद सांस्कृतिक महोत्सव को देश में अपने तरह का अलग आयोजन बताते हुए पद्मश्री मुकुंद नायक और पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि इससे प्रेरित होकर अन्य संसदीय क्षेत्र में भी कला को प्रोत्साहित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड को खनीज-संपदा के बाद यहां की समृद्ध कला संस्कृति के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में इस सांस्कृतिक महोत्सव के जरिए यहां लुप्त हो रहे वाद्य यंत्र, गीत-संगीत को बचाने की कोशिश स्थानीय युवाओं को प्रेरित कर रहा है। यह सांस्कृतिक महोत्सव वाकई में देश में अपने आप में अलग होगा।सांस्कृतिक महोत्सव में कुल 2200 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। जिन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। सांस्कृतिक महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 8:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक आर्यभट्ट सभागार, ऑड्रे हाउस, मयूरी ऑडिटोरियम सीएमपीडीआई, श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में किया जाएगा।




## न्यूज फटाफट

### बहाली के नाम घूस मांगने का आरोप

रांची : सदर अस्पताल के पूर्व सुरक्षाकर्मियों ने बहाली के नाम पर पैसा मांगने का आरोप एजेंसी पर लगाया है। इस मामले को लेकर सुरक्षा कर्मियों ने सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को भी अवगत कराया है। सुरक्षा कर्मियों ने मंत्री को बताया कि सरकारी अस्पतालों में सुरक्षाकर्मियों की बहाली हो रही है। इसी कड़ी में सदर अस्पताल के पुराने सुरक्षा कर्मियों ने बहाली के नाम पर एक निजी कंपनी पर घूस मांगने की बात कही है। साथ ही उनसे इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। सुरक्षाकर्मियों के मुताबिक सदर अस्पताल में लगभग सात वर्षों तक काम कर रहे हैं। इस बीच में उन्हें हटा दिया गया। इसको लेकर लगातार सूबे के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री मिलकर अपनी परेशानी से अवगत कराया गया है। उनकी समस्याओं को सुनने के बाद सुरक्षाकर्मियों को आश्वासन दिया गया कि निजी कंपनी के द्वारा उन्हें ही सुरक्षा में तैनात किया जायेगा लेकिन जैसे ही नियुक्ति शुरू हुईवह भी एक निजी कंपनी के द्वारा बहाल किया जा रहा है। बहाली के नाम पर 15000 रूपये की मांग एजेंसी के लोग कर रहे हैं। साथ ही निजी कंपनी के लोग उन्हें धममी दे रहे है कि पैसा नहीं देने पर उन्हें काम पर नहीं रखा जायेगा। इस पर सुरक्षाकर्मियों का कहना है कि लंबे समय से काम नहीं करने के कारण उनके पारिवारिक स्थिति काफी बदत्तर हो गयी है। पूर्व सुरक्षाकर्मियों ने मामले को गंभीरता लेने की बात कही है। साथ ही आंदोलन का अल्टीमेटम दिया है।

### रांची के अपोलो क्लीनिक को मिला सर्वोत्तम का पुरस्कार

रांची : कलकत्ता में अपोलो हॉस्पिटल समुह द्वारा आयोजित पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्र के फ्रेंचाइजी के वार्षिक बैठक में राँची स्थित अपोलो क्लिनिक को उत्कृष्ट ग्राहक संतुष्टि सेवा हेतु सर्वोत्तम पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार श्री तरूण गुलाटी अखिल भारतीय अपोलो फ्रेंचाइजी व्यवसाय के अध्यक्ष द्वारा राँची अपोलो के सुश्री दिपिका देव को दिया गया ।गोरतलब है कि राँची स्थित क्लिनिक में 16502 ग्राहकों ने अपनी चिकित्सा सेवा ली है और उन्ही के द्वारा दिये गये फिडबैक के आधार पर पूर्वी क्षेत्र के 38 क्लिनिक में से राँची अपोलो को श्रेष्ठ चुना गया ।मापदंडों में चिकित्सीय सुविधाएं, लैब पेथोलॉजी की रिपोर्ट की सटिकता एवं अल्ट्रासाउन्ड और टीएमटी के रिपोर्ट की गुणवता आदि की मद्देनजर भी रखा गया था। आधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ शहर के बरियातू स्थित अपोलो सुपरस्पेशियलिटी क्लिनिक मरीजों की सेवा के लिए उपलब्ध है। क्लिनिक में प्रसूति और स्त्री रोग विभाग, आथोर्पेडिक विभाग, मेडिसिन विभाग, सर्जरी विभाग, नेत्र विज्ञान विभाग, ईएनटी (आंख-कान-गला) विभाग, त्वचा विभाग,पैथोलॉजी विभाग, माइक्रो बॉयोलॉजी विभाग, एनेस्थीसिया विभाग, रेडियोलॉजी विभाग, और पीडिऐट्रिक्स विभाग शामिल हैं। वहीं अगर बात करें डाक्टर्स की तो यहां तीस से भी ज्यादा अनुभवी डाक्टर्स की टीम है एवं अन्य विशेषज्ञ डाक्टर न कॉल भी उपलब्ध है। क्लिनिक में मिलने वाली सुविधाओं से यहां परामर्श लेनेवाले मरीज संतुष्ट हैं। वहीं अब राँची वासियों को इलाज के लिए मुंबई या दिल्ली जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसमें अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण लगाये गये हैं। सबसे खास बात है कि मरीजों को काफी सस्ती दर पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है। इस क्लिनिक का मुख्य उद्देश्य सेवा है, व्यापार नहीं। कुल मिला कर यह कहा जा सकता है कि यह क्लिनिक राजधानी में सुपरस्पेशिएलिटी चिकित्सा के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान हासिल कर चुका है। देश के कई जाने-माने चिकित्सक यहां अपनी सेवा दे रहे हैं।

## जीएम की निरंकुशता की मार झेल रहे कर्मचारी: राय

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** मेदिनीनगर संचरण जोन 4 के महाप्रबंधक मुख्य अभियंता बसंत रुंडा के तानाशाही और निरंकुशता के कारण सैकड़ों मानव दिवस कर्मियों के घर खाने के लाले पड़े है वही उनके बच्चों का स्कूल फीस नही भरे जाने से उनको स्कूल जाने से वंचित किया जा रहा है। उक्त बातें बुधवार को एक ज्ञापन के माध्यम से झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक केके वर्मा को दिया है और इस पर अविलम्ब कार्रवाई की मांग की है। अजय राय ने अपने ज्ञापन में कहा है कि संचरण जौन-4 में एजेंसी के कर्मचारियों की दशा बद से बदतर बनी हुई है।आखिर लोग भूखे पेट बांधकर कितने दिनों तक कार्य करते रहेंगे जनवरी माह के उपरांत आज 3 माह बीत गए किसी के बच्चे का फीस बकाया है तो किसी का इलाज पैसे के अभाव में रुका हुआ है और आखिर कब तक यह दशा बनी रहेगी इसका भी कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। एजेंसी गितराज प्राइवेट लिमिटेड से भुगतान मांगने पर वह स्पष्ट कहता है,आपका सिर्फ 3 माह का भुगतान बकाया है ।

## शिक्षा की बदहाली को लेकर झामुमो-बीजेपी में जुबानी जंग तेज, रांची सांसद ने मुख्यमंत्री पर लगाए गंभीर आरोप

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड में शिक्षा की बदहाली पर पिछली सरकारों को जिम्मेदार ठहराए जाने वाले मुख्यमंत्री के बयान पर सियासत शुरू हो गई। भाजपा सांसद संजय सेठ ने बुधवार (3 मई) को इस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है। इस कारण शिक्षा का स्तर गिरा है। मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है। पांच लाख लोगों को नौकरी देना का वादा किया था, इसका क्या हुआ? चार साल खत्म होने को है, सरकार ने जो वादा किया था, पूरा नहीं कर पाई है। रांची सांसद ने कहा कि शिक्षा की बदहाली के लिए विद्यालयों में शिक्षकों की कमी जिम्मेदार है। बच्चों के अनुपात में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से स्टूडेंट्स की पढ़ाई प्रभावित हुई है। सरकार ने शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था, जिसे अबतक पूरा नहीं किया जा सका है। सरकार के चार वर्ष पूरे होने वाले है, भर्ती को लेकर स्थिति जस की तस बनी हुई है। मुख्यमंत्री ने पांच लाख नौकरी के साथ बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। अभी तक इसे पूरा नहीं किया जा सका है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसा बैंक में नहीं रखे बल्कि जमीन में गाड़ कर रखे, ये क्या मुख्यमंत्री की भाषा हो सकती है? जिसने संविधान की कसम खाई है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार (2 मई) को जगन्नाथपुर में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का उद्घाटन करने के दौरान पिछली सरकारों को आड़े हाथों लिया था। इसमें उनका मुख्य निशाना रघुवर सरकार पर था। शिक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति के लिए पूर्व की बीजेपी सरकार को भी दोषी माना था। उन्होंने कहा कि शिक्षा को लेकर पूर्व की सरकारों ने यहां के बच्चों के साथ छलावा किया और शिक्षा का मजाक उड़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो कमरे और एक शिक्षक का विद्यालय कैसा लगता है सुनने में, यह कोई राशन दुकान है क्या? आज स्कूल की भव्यता को देखिए, क्लास रूम के अंदर की गई व्यवस्था को देखिए।



## अब सरकार फर्जी समाचार फैलाती है: सुबोध कांत सहाय

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** देश ने कई विकट परिस्थितियां देखी हैं, पर आज का माहौल उस सबसे भिन्न ही नहीं बल्कि बहुत खतरनाक भी है। मीडिया की स्थिति में बदलाव का यह अंतर इससे स्पष्ट होता है कि पहले किसी पत्रकार का सम्मान देश के प्रधानमंत्री तक किया करते थे। आज असली खबर ही दबा दी जाती है। यह बदलाव देश के लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कही। वह अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स की परिचर्चा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

पूर्व मंत्री ने कहा कि इस अंतर को वह और भी बेहतर तरीके से इसलिए समझ सकते हैं, क्योंकि वह पूर्व में केंद्र में गृह और सूचना प्रसारण मंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने वहां उपस्थित पत्रकारों से कहा कि पहले से लेकर आज भी पत्रकारिता दरअसल एक मिशन ही है। यह अलग बात है कि आज के दौर में सामान्य पत्रकार ही नहीं बल्कि संपादक भी प्रबंधन के दबाव में है। प्रबंधन भी सरकार के विज्ञापन के भयादोहन का शिकार है। ऐसी स्थिति में आम पत्रकारों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

इस परिचर्चा में भाग लेने के लिए कोलकाता से आये प्रेस काउंसिल के सदस्य प्रज्ञानंद चौधरी ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के इतिहास की जानकारी दी और कई महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों का ध्यान आकृष्ट किया। श्री चौधरी ने कहा कि आज भारत में पत्रकारिता और चुनौतीपूर्ण हो गयी है क्योंकि पत्रकारों को उनका हक दिलाने वाले कानून ही केंद्र सरकार ने हटा दिये हैं। उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों के प्रति असली पत्रकारों को और जागरूक एवं एकजुट होना होगा। इसके बिना इस सामाजिक बुराई को खत्म नहीं किया जा सकता है। वरिष्ठ पत्रकार और प्राध्यापक प्रो प्रकाश सहाय ने पत्रकारों को हर स्तर पर मजबूत होने की बात कही क्योंकि अब युग बदल चुका है। रांची प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि अभी के माहौल में पत्रकारों को न्यूनतम अधिकारी भी नहीं मिल पा रहा है।



### अंकुर महिला समिति ने किया सैनिटरी पैड का वितरण

रांची : वार्ड 11 स्थित पीस रोड बाई लेन में अंकुर महिला समिति की ओर से युवतियों और महिलाओं के बीच सैनेटरी पैड सामग्री का निशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय और आसपास क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित हुई और सभी ने समिति के सेक्रेटरी फरजाना फारुकी को धन्यवाद दिया। बता दें कि आज पीस रोड बाई लेंन में सैकड़ों महिलाएं अंकुर महिला समिति के इस कार्य की प्रशंसा की और कहा सामाजिक कार्य में आप बेहतर काम कर रही है इसके लिए हम शुक्रगुजार हैं। वही समिति की फरजाना फारूकी, स्लम एरिया और जरूरतमंदों के बीच हम लगातार कार्यक्रम चला रहे हैं ताकि समाज में रहने वाले ऐसे जरूरतमंद लोगों को जो इस तरह की चीजे नहीं खरीद सकती उनको सहायता हो जाए। इस मौके पर समिति के सचिव फरजाना फारूकी के साथ अगता पन्ना, शहजादी खातून, ,जीनत परवीन, रजनी मुर्मू सहित दर्जनों युवती शामिल रहीं।




**तापमान** बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी

## 4 मई तक गर्मी से राहत, पांच मई से तापमान में वृद्धि का अनुमान

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हो रही बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो तापमान में दो मई को राज्य का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। जबकि, न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। जिससे लोगों को गर्मी का एहसास नहीं होगा। यहां चार मई तक विभाग ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश की संभावना व्यक्त की है। जबकि कुछ इलाकों में बादल छाये रहेंगे। विभाग की मानें तो इस दौरान थंडरिंग के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी। जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। विभाग की मानें तो एक मई से लेकर चार मई तक तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जायेगी।विभाग की मानें तो चार मई के बाद तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। जो धीरे धीरे चार डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होगी। हालांकि इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों विशेषकर दक्षिणी हिस्से में बारिश की संभावना है। वहीं, एक मई को भी राज्य के उत्तरी पूर्वी जिलों में बारिश हुई। पांच मई से विभाग ने तापमान में वृद्धि की बात कही है। बता दें 20 अप्रैल से जारी बारिश और बादल छाये रहने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। 20 अप्रैल के पहले राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान 43 में कमी दर्ज की गयी।



हर्ष हजारीबाग स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में

# गोला गोलीकांड के अन्य सभी आरोपियों को मिली जमानत, हुए रिहा



राष्ट्रीय खबर

**गोला:** हजारीबाग स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में गोला गोलीकांड में 08 दिसम्बर 2022 को पुर्व विधायक ममता देवी व युवा नेता राजीव जयसवाल समेत 11 लोगो को हिरासत में लिया था 13 दिसंबर 2022 को 5 साल की सजा सुनाई गई थी सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिलने पर 11 आंदोलकारी मनोज पुजहर, बासुदेव प्रसाद, अभिषेक सोनी, लालबहादुर महतो, आदिल ईनामी, बालेश्वर भगत, सुभाष महतो, दिलदार अंसारी, कोलेश्वर महतो, जादू महतो, कुंवर महतो की जेल से रिहाई हुई। इसके बाद पुर्व विधानसभा प्रत्याशी बजरंग महतो ने फूल माला पहना कर, गुलदस्ता देकर व मिठाई खिला कर उन सभी का स्वागत किया। आंदोलकारियों ने कहा कि आप सभी के बीच में आने से दोगुना मेहनत से कार्य करेंगे और आने वाले दिनों में फिर से आंदोलन किया जाएगा तथा ये आंदोलन बेकार नहीं जाएगा। मौके पर नागरिक चेतना मंच के संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती, कमलेश महतो, ईश्वर दयाल महतो, सोनू सिंहा, कालीचरण महतो, पिंटु महतो, तुलसीदास महतो, बसंत कुमार बागे, अजीत महतो सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम जिला एमसीडी कोडरमा के द्वारा विद्यार्थियों का पेंटिंग प्रतियोगिता कराया गया जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अन्य सभी विद्यार्थियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया जिन्होंने इस पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया था। स्वास्थ्य विभाग के दीपक कुमार डिस्टिक कंसलटेंट एनटीसीपी कोडरमा द्वारा, हिमांशु कुमार सोशल वर्कर, एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन जीने की सलाह दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नशा मुक्त जीवन से मनुष्य स्वस्थ ही नहीं सभी दृष्टिकोण से सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ता है।

## रवींद्र मिश्रा बने सीसीएल सीकेएस के कार्यकारी अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** बुधवार को भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष तथा सीसीएल स्तर बोर्ड के संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य बनाए गए। रवींद्र मिश्रा बताते चले की उन्होंने यह सफर जमीनी स्तर से सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के एक छोटा सा कार्यकर्ता के रूप में सदस्यता ग्रहण कर संगठन में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शाखा स्तर के सचिव, क्षेत्रीय सचिव, संयुक्त महामंत्री, उपाध्यक्ष सह वेलफेयर बोर्ड सदस्य जैसे संगठन के विभिन्न पदों पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और आज संगठन ने उन्हें सीसीएल के संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य का दायित्व दिया है जो काफी अतुलनीय है। संगठन ने उनको यह जिम्मेवारी उनके सादगी भरी जीवन उनके मृदुभाषी, ईमानदार व्यक्तित्व का परिणाम है कि उनके प्रति संगठन ने आस्था व्यक्त करते हुए आज उन्हें संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य बनाया है। मिश्रा ने कहा की जो भी जिम्मेवारी संगठन ने हमे दी उस पर मै खरा उतरने का हर सम्भव प्रयास करूंगा ,जिस प्रकार मै अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक करता आया हूँआगे भी करता रहूंगा। उनको संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य बनाए जाने पर बेरमो कोयलांचल में खुशी की लहर है।खास कर ढोरी क्षेत्र के कार्यकताओं में वही क्षेत्र में बधाई देने बालो की तांता लगा हुआ है। बधाई देने बाले में बोकारो जिला भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संत सिंह, सीसीएल सीकेएस महामंत्री राजीव रंजन सिंह, संजय कुमार चौधरी, आर.ईग्नेश, निर्गुण महतो,जे.पी.झा ,ढोरी क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह, कुलदीप,विनय कुमार पाठक ,हीरालाल रविदास, बीरेन्द्र गुप्ता,राजेश पासवान,अजय सिंह, नुनुचंद महतो, प्रमोद गौतम, भुनेश्वर यादव, गौतम लोहार, फूलचंद किष्को, राजकुमार मंडल,दिलीप मारिक,रामनिहोरा सिंह,राजु स्वामी,रामेश्वर मंडल विशाल कुमार,अनिल कुमार,आदि प्रमुख लोगो ने बधाई दी।

## डीएमएफटी मद से विद्यालय का हो रहा है जीर्णोद्धार

**गिद्दी** :झारखंड सरकार जिला परिषद हजारीबाग द्वारा मांडू विधानसभा क्षेत्र के मध्य विद्यालय गिद्दी सी के उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य का विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल द्वारा शिलान्यास किया गया.इस मौके पर जिला पार्षद सर्वेश सिंह, मुखिया डाड़ी लखनलाल महतो, प्रदीप रजक, प्रीतलाल महतो, सेवालाल महतो, कुमेश्वर महतो, दिनेश्वर महतो, सर्वेश सिंह, हुकुमनाथ महतो, वकील महतो,गुलचंद महतो, राजदीप प्रसाद,सूरज केशरी, गिरिजा शंकर, सतीश सिंह,अनिल राय आदि लोग मौजूद थे।

## इंटक की स्थापना से लेकर अबतक का इतिहास गौरव शाली - अजय




राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस ( इंटक ) भारत में एक राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन है। इसकी स्थापना 3 मई 1947 को हुई थी और यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संघ परिसंघ से संबद्ध है । श्रम मंत्रालय के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, 2013 में कठळवउ की सदस्यता 33.95 मिलियन थी, जिससे यह भारत में सबसे बड़ा ट्रेड यूनियन बन गया। इंटक की नींव 3 मई 1947 को भारत को आजादी मिलने से ठीक 3 महीने पहले रखी गई थी।आचार्य जेबी कृपलानी , जो उस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे, ने के संस्थापक सम्मेलन का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र में भाग लेने वाले प्रतिष्ठित नेताओं में पंडित जवाहरलाल नेहरू , शंकरराव देव , जगजीवन राम , बीजी खेर , ओपी मेहताब, अरुणा आसफ अली , राम मनोहर लोहिया , अशोक मेहता , रामचंद्र सखाराम रुइकर , मणिबेन पटेल और अन्य प्रमुख ट्रेड यूनियनिस्ट शामिल थे। महात्मा गांधी के मार्गदर्शन में , संस्थापक पिताओं ने अपने ज्ञान में अपने स्वयं के संविधान के साथ एक स्वतंत्र पहचान देना पसंद किया, जबकि उसी समय कांग्रेस की एक शाखा के रूप में कार्य किया।स्थापना के बाद से, इंटक एआईसीसी के साथ बहुत करीबी संबंध बनाए हुए है । कई मौकों पर इंटक और एआईसीसी के बीच संबंधों और आपसी हितों के मुद्दों पर दोनों संगठनों के बीच निरंतर संवाद की आवश्यकता पर चर्चा हुई है। और अकउउ के बीच नियमित बातचीत करने के लिए 1967 में द्वारा एक पाँच सदस्यीय समिति नियुक्त की गई थी और गुलजारीलाल नंदा इसके संयोजक थे। इसी तरह 2002 के दौरान प्रणब मुखर्जी की अध्यक्षता में एक सलाहकार समिति का गठन किया गया था । तीन महासचिवों ने समिति में एआईसीसी का प्रतिनिधित्व किया। इंटक की ओर से जी. संजीव रेड्डी अध्यक्ष, तत्कालीन महासचिव और दो उपाध्यक्षों ने प्रतिनिधित्व किया। बाद में जी. संजीव रेड्डी को सीडब्ल्यूसी में शामिल किया गया था।

## हमारी मांगो को पूर्ण करें सरकार, नही तो होगा जोरदार आंदोलन : कुमार विवेक



### 803 मई को राजभवन के समक्ष करेंगे विशाल धरना प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा** :झारखण्ड राज्य मनरेगा कर्मचारी महासंघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक मई को उलिहातू से रांची तक पदयात्रा कर रही है। जो तीन मई को रांची स्थित राजभवन भवन पहुंचकर विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए चितरपुर प्रखंड से दर्जनों मनरेगाकर्मी उलिहातू के लिए रवाना हुए। इसका नेतृत्व जिला सचिव कुमार विवेक सिंह ने किया। उलिहातू पहुंचकर सभी मनरेगाकर्मी भगवान विरसा मुंडा को नमन कर पदयात्रा की शुरूआत किया। मौके पर जिला सचिव कुमार विवेक सिंह ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगो को पूरा नही करती है तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। इसका असर 2024 विधानसभा के चुनाव में भी पड़ेगा। उलिहातू रवाना होने वालों में शत्रुघन सिन्हा, रूपेश कुमार, महेन्द्र नायक, मो इरशाद, इकरामुल हक, प्रसादी महतो, राजकपूर राम, बिनोद कुमार, दीपक गुप्ता सहित कई मनरेगाकर्मी शामिल थे।

अभियान ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश के आलोक में सात निश्चय योजना अन्तर्गत

# प्रखंड कार्यालय से ही किया गया स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ



राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी:** ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश के आलोक में सात निश्चय योजना अन्तर्गत स्वच्छ गांव, समुद्ध गांव के संकल्पित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ डाडी प्रखण्ड अंर्तगत डाडी पंचायत के प्रखण्ड परिसर से किया गया।डाडी मुख्यालय से ही बीडीओ संतोष गुप्ता व मुखिया लखनलाल महतो के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते हुए सफाई की गई। लोगों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया गया। जिसके मद्देनजर आगामी आने वाले पर्वों पर स्वच्छ गांव-स्वच्छ पूजा का भी नारा दिया गया। इस मौके पर बीडीओ संतोष गुप्ता ने लोगों से प्लास्टिक की जगह कागज व कपड़े के थैले का प्रयोग करने की बात कही। सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाली हानियों के कारण सरकार द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। अगर हम अपने व आसपास सफाई रखेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। साथ ही बीमारियों संग महामारी का प्रकोप भी घटेगा। सफाई करते हुए स्वच्छाग्रहियो ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण अंग मानते हुए लोगों से इस अभियान को सफल बनाने के लिए भागीदार बनने की अपील की गई। इस मौके पर स्वच्छाग्राही डाडी पंचायत सचिव व ब्लाक के कई कर्मचारी एवं दर्जनों ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### छत से गिरकर बिरहोर युवक घायल

**कोडरमा:** जिले के झुमरीतिलैया झरनाकुंड में मंगलवार की देर रात छत से गिरकर एक 16 वर्षीय युवक घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार झरनाकुंड निवासी रवि बिरहोर (पिता विनोद बिरहोर) अपने छत पर कुछ काम कर रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने पर वह नीचे गिर कर घायल हो गया। इस दौरान उसके कमर में चोट लगी है जिसका इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### 4 लाख 80 हजार की लागत से बनेगा जलमीनार

**गिद्दी:** चाड़ी मोहल्ला अंबेडकर चौक अरगड्डा के वार्ड न.13 में चार सौ फीट डीप बोरिंग कर 4 लाख 80 हजार की लागत से दो हजार लीटर क्षमता वाली टंकी (जलमीनार) का निर्माण होगा। इस कार्य का शुभारंभ पार्षद संगीता देवी व अन्य ने नारीयल फोड़ व पूजन कर किया। बताया गया कि पार्षद से गर्मी में पानी के अभाव को देखते हुए बोरिंग की मांग की गई थी। मौके पर समाजसेवी रंजीत पासवान, गुलजार अंसारी, नितेश नायक, इमरान अंसारी, पंकज पटवा, अमित राम, हुसैन खान, विजय महतो, राजू ठाकुर, ज्ञानचंद विश्वकर्मा, अमरदीप, गुड्डू अंसारी, आजाद अंसारी, संजय पटवा, पिंटू पटवा, संजय कुमार, हिमांशु कुमार, दिलदार अंसारी, धर्मेंद्र महतो, वीरेंद्र ठाकुर समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### मारुति नंदन महायज्ञ को लेकर हवन

**जयनगर:** प्रखंड के गोहाल में श्री श्री 1008 मारुति नंदन हनुमान महा प्राणप्रतिष्ठा सह रामचरितमानस महायज्ञ को लेकर विधिवत पूजा अर्चना किया जा रहा है। साथ ही संध्या विद्वत जनों के द्वारा भक्ति में प्रवचन किया जा रहा है। मुख्य पुजारी रंजू सिंह पति पवन सिंह, दीपा सिंह पति विक्रम सिंह सहित कई लोग पूजा अर्चना में शामिल हो रहे हैं। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, सचिव सज्जन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष केदार सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी दिया कि आज 3 मई को मंडप पूजन, हवन, फलाधिवास, पुष्पाधिवास, घृताधिवास किया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### हनुमानजी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ तीन दिवसीय यज्ञ

**बेरमो /फुसरो:** फुसरो नप क्षेत्र अंतर्गत राजा बेड़ा रजक टोला में नवनिर्मित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में बुधवार को हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। यहां आचार्य श्रीकांत शास्त्री व पुजारी सूर्यकांत शास्त्री व मंतोष पांडेय ने यजमान विजय रजक, हीरालाल सिंह, सुरेश रजक, लालजी रजक, सुनील सिंह को वैदिक मंत्रोच्चार कर पूणाहुति कराया. साथ ही भंडारे का आयोजन कर महाप्रसाद वितरण किया गया। इसी के साथ तीन दिवसीय हवनात्मक यज्ञ सम्पन्न हुआ। यज्ञ की पूणाहुति के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। जिन्हे यज्ञ कमेटी के द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरजा शंकर पांडेय, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन बोकारो जिला के अध्यक्ष अनिल गुप्ता, समाजसेवी दयानंद बरनवाल आदि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

### जंगली सुअर के हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**सतगावां:** मंगलवार की देर रात्रि क्षेत्र के ग्राम जोगीडीह मोहराडीह के समीप एक व्यक्ति को जंगली सूअर ने हमला कर घायल कर दिया। घायल की पहचान मनु यादव (38, पिता बालेश्वर यादव, ग्राम जोगीडीह) के रूप में की गई है। जंगली सूअर के हमले के बाद व्यक्ति कुछ दूर तक चलने के बाद गिर पड़ा। परिजनों के नजर पड़ने पर उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया जहां उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे कोडरमा रेफर कर दिया गया है।

## केबी कॉलेज बेरमो में विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर बैठक सम्पन्न

**बेरमो :** मंगलवार को केबी कॉलेज बेरमो के प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य डॉ० के० पी० सिन्हा की अध्यक्षता में विद्यार्थियों की उपस्थिति को लेकर एक अहम बैठक बुलाई गई। जिस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कक्षा में विद्यार्थियों की 75% उपस्थिति अनिवार्य है और उपस्थिति कम रहने पर विद्यार्थियों को आंतरिक परीक्षा में शामिल होने से वंचित किया जा सकता है। प्राचार्य डॉ० के० पी० सिन्हा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हमारा महाविद्यालय अध्ययन अध्यापन को लेकर लगातार बढ़ चढ़ कर प्रयास कर रहा है और आने वाले समय में कई और विभागों की स्थापना की जाएगी जिससे अध्ययन अध्यापन में विद्यार्थियों को और भी सुविधा होगी। मौके पर प्रो० एलएन राय, प्रो गोपाल प्रजापति, प्रो आर पी पी सिंह, डॉ वासुदेव प्रजापति, डॉ व्यास कुमार, डॉ अलीशा वंदना लकड़ा, डॉ एके राय महतो, डॉ प्रभाकर कुमार, प्रो राजू कुमार बड़ाईक, प्रो मनोहर मांझी, प्रो पीपी कुशवाहा, प्रो मधुरा केरकेट्टा, प्रो नितिन चेतन तिग्गा, प्रो० अमित कुमार रवि इत्यादि के अलावा बड़ा बाबू रविंद्र कुमार दास, दुर्गा प्रसाद पासवान, सदन राम आदि उपस्थित थे।

## सीसीएल ढोरी में 7 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई



**बेरमो:** सीसीएल ढोरी महाप्रबंधक कार्यालय स्थित सभागार मे सेवानिवृत्त हुए सात सीसीएल कर्मियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में एसओपी सहित यूनियन प्रतिनिधियों ने समस्त सेवानिवृत्त कर्मियों को उपहार देकर तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। मौके पर एसओपी प्रतुल कुमार ने कहा कि आप सबों ने कंपनी की तरक्की में अपना बेहतर योगदान दिया है। आपलोगों ने अपने जीवन का आधा समय कंपनी की सेवा में लगाया है। उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र के सात कीमती हीरे हमारे एरिया से निकल गए। जिसकी कमी हमेशा खलेगी। आपके अथक प्रयास से ही यह एरिया काफी ऊंचाई पर पहुंची है। यहां बेहतर काम करने वाले छह कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मान सह विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन कार्मिक प्रबंधक मोहम्मद तौकीर आलम ने किया। मौके पर राजू भूखिया, जयनाथ मेहता, अरुण कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठक सम्पन्न



**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट:** आगामी 13 मई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम विशाल गौरव ने तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्यों के साथ बैठक की । श्री गौरव ने बताया कि आगामी 13 मई को माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं जिला जज बोकारो रंजना अस्थाना के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जाएगा । जिसमें आप सभी अधिवक्ताओं के सहयोग से अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सकता है । जिसमें आप सभी एनआई एक्ट, जीआर के मुकदमा सहित अन्य मामलों के निष्पादन करवाने में अपने मूव्वकिल को कह कर मामलों का निष्पादन करवा सकते हैं । उपस्थित अधिवक्ताओं ने भी श्री गौरव को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन करने में सहयोग देने का भरोसा दिलाया । इस मौके पर बीरेंद्र प्रसाद, सुभाष कटरियार, नरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, सोमेश सिन्हा सहित अधिवक्ता मौजूद थे।

## मंदिर परिसर में महायज्ञ को लेकर स्टोर रुम का हुआ शिलान्यास



**बेरमो /गोमिया:** गोमिया के साड़म पश्चिमी और पूर्वी पंचायत में प्राचीनतम शिवालय परिसर में जिप सदस्य आकाशलाल सिंह ने साफ-सफाई व मंदिर के स्टोर रूम निर्माण का 3 मई को शिलान्यास किया. जल्द ही होने वाले महारूद्र महायज्ञ की तैयारी को लेकर मंदिर परिसर की सफाई कह गयी. समाजसेवी सूरजलाल सिंह ने जेसीबी मुहैया कराया. समाजसेवी जयप्रकाश तिवारी, निलेश राउत व अन्य ग्रामीणों ने मंदिर के आसपास की सफाई की. पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह व अन्य ग्राम वासियों के सहयोग से स्टोर रूम का निर्माण कार्य को पूरा किया जाएगा. शिलान्यास समारोह में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष खुशी यादव, सचिव वासुदेव यादव, मोहन यादव, रोशनलाल यादव, नंदलाल यादव, चूरामन यादव, महेश यादव, दीपक यादव, छोटा यादव, जमुना यादव, पिंटू यादव, चीकू यादव, पिंटू यादव, हीरालाल यादव, अनिल यादव आदि मौजूद थे।

## झारखंड राज्य जनसेवक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री योगेंद्र से की मुलाकात



**बेरमो/ललपनिया:** बुधवार को झारखंड राज्य जनसेवक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुरुबंदा स्थित आवास में माननीय मंत्री(दर्जा प्राप्त)योगेंद्र प्रसाद महतो से मुलाकात की। भुआइडब्लू (जनसेवक) संवर्ग का ग्रेड पे षड्यंत्र के तहत 2400 रुपये से घटाकर 2000 रु. करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। संघ की ओर से माननीय मंत्री जी को बताया गयाकि झारखंड जनसेवक सेवा शर्त नियमावली को धत्ता बताकर कृषि निदेशक के द्वारा बीते 25 अप्रैल 2023 के दिनांक से षड्यंत्र के तहत जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 रुपये करने का आदेश जारी किया गया है। प्रोन्नति के स्थान पर अवनति किसी बड़ी षड्यंत्र को परि लक्षित कर रही है। संघ ने माननीय मंत्री जी से संबंधित आदेश को अविलंब निरस्त कराने का आग्रह किया। मंत्री जी ने संघ के प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने देंगें।

संपादकीय

# शरद पवार का इस्तीफा आखिर क्यों

यह समझना कठिन है कि मराठा क्षत्रप शरद पवार ने इस्तीफा क्यों दिया है। लेकिन यह सोचना स्वाभाविक है कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ी ने बिना सोचे समझे कोई फैसला नहीं लिया होगा। वैसे एनसीपी प्रमुख के रूप में शरद पवार के इस्तीफे ने मंगलवार को उनकी पार्टी के साथ-साथ उनके महाराष्ट्र सहयोगी उद्धव ठाकरे और कांग्रेस को चौंका दिया। घंटों बाद, पार्टी कार्यकताओं के संकट के एक नाटकीय प्रदर्शन के बीच, शरद पवार पुनर्विचार करने के लिए सहमत हुए और कहा कि उन्हें दो-तीन दिनह्व चाहिए। जैसे ही 82 वर्षीय शरद पवार ने मंगलवार दोपहर अपनी आत्मकथा के विमोचन के मौके पर धमाका किया, एनसीपी नेताओं ने मंच पर भीड़ लगा दी। कुछ नेता रो पड़े और कई ने कहा कि वे तब तक डटे रहेंगे जब तक कि दिग्गज अपना विचार नहीं बदलते। अपनी पत्नी प्रतिभा पवार, बेटी सुप्रिया सुले और भतीजे अजीत पवार की उपस्थिति में उन्होंने



स्पष्ट रूप से लेकिन अचानक इस बात की घोषणा की। निर्णय को स्वीकार करने और भविष्य के बारे में बात करने वाले एकमात्र नेता शरद पवार के राजनीतिक उत्तराधिकारी अजीत पवार थे, जिनके हालिया कदमों ने अटकलें लगाईं कि वह पार्टी को विभाजित कर सकते हैं और भाजपा से हाथ मिला सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि अगर महाराष्ट्र के सहयोगी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सुप्रीम कोर्ट में शिवसेना के दोनों गुटों की बीच जारी न्यायिक लड़ाई हार जाते हैं और 15 अन्य विधायकों के साथ अयोग्य घोषित कर दिए जाते हैं, तो यह भाजपा की एक और योजना है। शिंदे खुद अच्छी तरह जानते हैं कि उपयोगिता समाप्त होते ही भाजपा उन्हें किनारे लगा देगी। शरद पवार के एलान के बाद अजीत पवार ने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि पवार साहब ने खुद कुछ दिन पहले सत्ता परिवर्तन की आवश्यकता के बारे में बात की थी। हमें उनके फैसले को उनकी उम्र और स्वास्थ्य के आलोक में भी देखना चाहिए। सभी को समय के अनुसार निर्णय लेना है, पवार साहब ने एक निर्णय लिया है और वह इसे वापस नहीं लेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अगला राष्ट्रपति शरद पवार के मार्गदर्शन में काम करेगा। शाम होते-होते अजीत पवार के पास अपने चाचा का एक और संदेश आया। शरद पवार ने कहा कि मैंने अपना फैसला लिया लेकिन आप सभी की वजह से मैं अपने फैसले पर पुनर्विचार करूंगा। लेकिन मुझे दो से तीन दिन चाहिए और मैं इस पर तभी विचार करूंगा जब कार्यकर्ता अपने घर वापस जाएंगे। कुछ लोगों ने पार्टी के पदों से भी इस्तीफा दे रहे हैं, ये इस्तीफे बंद होने चाहिए। सूत्रों का मानना है कि शरद पवार एक कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर सकते हैं और कांग्रेस छोड़ने के बाद 1999 में स्थापित पार्टी के प्रमुख के रूप में जारी रह सकते हैं। अपने इस्तीफे के साथ, शरद पवार ने एक बार फिर दिखाया है कि पार्टी पर उनका पूरा नियंत्रण है, एक संदेश जो उस समय जाना था जब उनके भतीजे के विद्रोह और दलबदल को संगठित करने की कोशिश करने की अफवाहें थीं। अपने पद को छोड़ने का कदम श्री पवार के कद को एक बड़े राजनेता के रूप में फिर से स्थापित करता है, न केवल उनकी पार्टी में बल्कि विपक्ष की खेमाबंदी में भी। श्री पवार ने कैमरे के सामने अपने इस्तीफे की घोषणा की, जिसने उनकी पार्टी के विधायकों के विरोध और समर्थन को भड़का दिया। महाराष्ट्र में राकांपा के सहयोगियों ने खुले तौर पर चाहा कि वह पुनर्विचार करें। एनसीपी में यह एलान किसी भूकंप से कम नहीं था। वैचारिक रूप से अलग गठबंधन बनाकर भाजपा को पटखनी देने में भी श्री पवार की सोच काम आयी थी। श्री पवार ने 2019 में एक साथ जोड़ा, जिससे उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में आया। पिछले साल उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली उनकी पार्टी में तख्तापलट के बाद सत्ता खो दी थी, जिसने भाजपा के साथ गठबंधन किया था। विपक्षी गठबंधन अब कमजोर जमीन पर है, पूरी तरह से श्री पवार की सोच पर निर्भर है। श्री पवार, भारत के सबसे चतुर राजनेताओं में से एक और छह दशक के करियर में कई गठबंधनों के अनुभवी, 2024 के राष्ट्रीय चुनाव से पहले विपक्षी एकता के प्रयासों में एक प्रमुख प्रस्तावक भी हैं। एनसीपी संकट के परिणाम का राष्ट्रीय राजनीति पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। अपनी पार्टी की भूमिका से मुक्त, श्री पवार के पास वह करने के लिए और अधिक जगह होगी जो वह सबसे अच्छा करते हैं, सभी दिशाओं में खींचती हुई विरोधी पार्टियां। वैसे नीतीश कुमार के अचानक सक्रिय होने के बाद श्री पवार अगर विपक्ष की राजनीति में अधिक समय देने की बात कहते हैं तो हमें यह याद रखना होगा कि अभी हाल ही में गौतम अडाणी ने उनसे मुलाकात की थी। दोनों के बीच की बात चीत अभी सार्वजनिक नहीं हुई है।

# बिलकिस बानो, मलियाना, नरोदा, मेरठ दंगों के आरोपियों की रिहाई के मायने

देश में लोकतंत्र के चौथे खंभे के रूप न्यायपालिका को माना जाता है लेकिन अब उस न्यायपालिका की हालत भी यह हो गई है कि वह सत्ताधारी दल की ना केवल चाटूकार बन गई है बल्कि सरकार के इशारे पर सीधे-सीधे अपराधियों को बरी करने और सजा पाए लोगों को छोड़ने का काम करती है मेरठ, मलियाना , मुजफ्फरपुर ,गुजरात के नरोदा हो या दाहोद सभी जगह के दंगों के आरोपियों को एक-एक कर छोड़ा जा रहा है । बिलकिस बानो के सामूहिक रेप और वहां हुए दंगों के आरोपियों को भी सजा के बाद छोड़ दिया जाता है । अदालतों से अपराधियों की रिहाई के बाद इनका एक हीरो की तरह भगवा ब्रिगेड द्वारा स्वागत किया जाना भी कहीं ना कहीं न्याय प्रिय लोगों के मन में न्यायपालिका के प्रति भरोसे को डिगाता है । आखिर सामूहिक नरसंहार, सांप्रदायिक दंगों के आरोपियों को बाकायदा निर्दोष साबित करने के लिए न्यायालयों के ये फैसले क्या न्यायपालिका से लोगों का भरोसा खत्म नहीं करेगे । देश की तमाम अदालतों में



**रामस्वरूप मंत्री**
पत्रकार

चाहे वह हाई कोर्ट हो या सुप्रीम कोर्ट या निचली अदालतें ,इनमें पिछले दिनों जिस तरह से अपराधियों को सजा मुक्त करने का काम हुआ है ,वह न्यायपालिका से भरोसा उठा रहा है । हालांकि केंद्र की ओर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों की हरकतों से लोगों ने मान लिया है कि अब अदालतों में भी सच की सुनवाई मुश्किल है। इसलिए अब जरूरी है की जनता सड़कों पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को खत्म किए जाने की कोशिशों के खिलाफ लामबंद हो ।

1947 के बाद से देश में हजारों साम्प्रदायिक दंगे हुए हैं जिनमें हजारों लोग मारे गये हैं और लाखों परिवार तबाह हुए हैं। दंगों में हुए जानोमाल के नुक्सान के ज़ख़्म तो वक़्त के साथ भरने भी लगते हैं, लेकिन इंसाफ न मिलने और हत्यारों व बर्बर अपराधियों को बार-बार बचा लिये जाने के ज़ख़्म कभी नहीं भरते हैं। वैसे तो अधिकांश दंगों में पुलिस-पीएसी और प्रशासन की भूमिका सन्दिग्ध रही है या खुल्लमखुल्ला बहुसंख्यक दंगाइयों के पक्ष में रही है, लेकिन कुछ ऐसी शर्मनाक घटनाएं रही हैं जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का दम भरने वाले इस देश की शासन व्यवस्था पर हमेशा एक भद्दे कलंक की तरह बनी रहेंगी। इनमें से एक है मलियाना की घटना जिसका एक और शर्मनाक अध्याय हाल में लिखा गया है।

पिछले तीन दशकों के दौरान चले न्याय के नाटक के दौरान 800 से भी ज्यादा सुनवाइयों के बाद मेरठ के ज़िला न्यायालय ने इस सामूहिक हत्याकाण्ड के सभी 40 अभियुक्तों को अपर्याप्त सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। मलियाना मामले में मूल रूप से 93 अभियुक्त शामिल थे। बाद के 36 वर्षों में कई अभियुक्तों की मृत्यु हो गई, जबकि कई अन्य का पता नहीं लगाया जा सका और अब इन बचे हुए 40 को भी छोड़ दिया गया है। फिर वही कहानी दोहरायी जा रही है कि मलियाना के 72 मुसलमानों को किसी ने भी नहीं मारा! हालांकि, न्याय के नाम पर इस अश्लील मजाक की शुरूआत तो 36 साल पहले फजी एफआईआर लिखे जाने के साथ ही हो गयी थी! 22 मई को मेरठ के हाशिमपुरा मुहल्ले में पीएसी पहुंची और बड़ी संख्या में लोगों को ट्रकों में भरकर ले गयी और घरों और दुकानों में लूटपाट करके आग लगा दी। उठाये गये कुछ लोगों को मेरठ और फतेहगढ़ की जेलों में भेज दिया गया, लेकिन 42 मुसलमानों को गाज़ियाबाद के मुरादनगर में ऊपरी गंगा नहर और उत्तर प्रदेश-दिल्ली सीमा के पास हिंडन नदी के पास ले जाकर गोली मार दी गयी और उनके शवों को पानी में फेंक दिया गया। इस बीच मेरठ और फतेहगढ़ जेल में बन्द 11 लोगों की पिटाई से हिरासत में मौत हो गयी।

अगले दिन पीएसी पास के मलियाना में पहुंची। कई चश्मदीद गवाहों ने कहा है कि 44वीं बटालियन के कमाण्डेण्ट आर.डी. त्रिपाठी समेत वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में पीएसी ने 23 मई, 1987 को दिन के लगभग 2.30 बजे मलियाना में प्रवेश किया और 72 मुसलमानों को मार डाला। पीएसी की टुकड़ी के साथ बंदूकों और तलवारों से लैस सैकड़ों स्थानीय लोग भी थे। कत्लेआम मचाने से पहले इलाके में आने-जाने के सभी पांच रास्तों को बन्द कर दिया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हर तरफ से मौत बरस रही थी। हत्यारों ने बच्चों और महिलाओं सहित किसी को भी नहीं बख्शा।

जब खुद पुलिस इस बर्बरता में शामिल थी तो एफआईआर लिखे जाने का तो सवाल ही नहीं उठता था। जिस ढंग से यह मुकदमा चल रहा था और जिस ढर्रे पर ऐसे तमाम हत्याकाण्डों के मुक़दमे चलते रहे हैं, उसमें देरसबेर सब बरी हो जाते तो कोई हैरानी नहीं होती। लेकिन इस वक़्त आनन-फानन में लाया गया यह फैसला आरएसएस और भाजपा सरकार के दबाव में हुआ है, यह सन्देह करने के पर्याप्त आधार हैं। यह उसी सिलसिले की एक और कड़ी है जिसके तहत गुजरात में बिलकिस बानो बलात्कार और हत्याकाण्ड के अभियुक्तों को बरी किया गया और देशभर में मुसलमानों के खिलाफ अपराधों में लिप्त लोगों को छोड़ा और बचाया जा रहा है। इस सबके जरिए भाजपा अपने समर्थकों को क्या संकेत दे रही है समझना कतई मुश्किल नहीं है।

मलियाना का मुकदमा 36 साल से घिसट-घिसटकर चल रहा था लेकिन अभी जब अचानक यह फैसला सुनाया गया तब तक कानूनी कार्रवाई ही पूरी नहीं हुई थी। 36 पोस्टमार्टमों पर सुनवाई नहीं हुई थी और दण्ड विधान की धारा 313 के तहत अभियुक्तों से जिरह भी नहीं हुई थी। यहां तक कि गवाहों से पूछताछ भी पूरी नहीं की गयी थी। 10 से भी कम चश्मदीद गवाहों को अदालत में पेश किया गया था जबकि कुल 35 गवाह मौजूद थे। सरकारी वकील के मुताबिक सबको बरी किये जाने का आधार यह था कि पुलिस ने अभियुक्तों की पहचान परेड तक नहीं करायी थी,

अप्रैल 2021 में वरिष्ठ पत्रकार कुरबान अली और पूर्व आईपीएस अधिकारी विभूति नारायण राय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर करके 23 मई 1987 की घटनाओं के लिए विशेष जांच टीम गठित करने और निष्पक्ष तथा त्वरित सुनवाई कराये जाने की अपील की। इस याचिका के अनुसार एफआईआर सहित मुकदमे के कई खास दस्तावेज रहस्यमय ढंग से गायब हो चुके हैं और पुलिस तथा पीएसी के लोग पीड़ितों और गवाहों को बार-बार धमकाते रहे हैं। हाशिमपुरा हत्याकाण्ड के मुकदमे में 2018 में आये फैसले में 16 पुलिसकर्मियों को दोषी पाया गया था और उसमें मारे गये 42 मुसलमानों के परिवारों को 20-20 लाख रुपये मुआवजा मिला था। लेकिन मलियाना के हत्याकाण्ड में तो पुलिस का नाम भी नहीं आया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को जवाबी हलफनामा दायर करने का आदेश दिया था।

**(लेखक इंदौर के वरिष्ठ पत्रकार एवं सोशलिस्ट पार्टी इंडिया की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष हैं)**

नजरिया

# दवा कारोबार की छवि खराब करतीं कुछ दवा कंपनियां



**अशोक मधुप**
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की कुछ दवा कंपनियों द्वारा विदेशों को नकली या अधोमानक दवाओं की आपूर्ति करने से देश के पूरे दवाकारोबार की छवि खराब हो रही है।भारतीय दवा उद्योग ने पिछले सालों में जो दुनिया में शास बनाई है, उसे ये फर्म तहस- नहस करने पर तुलीं हैं। दवा कंपनियों पर कंट्रोल करने वाला विभाग नकली दवा बनाने वाली कंपनियों के आगे पूरी तरह समर्पण किए हुए है।वह आंख बंद करके बैठा बस तमाशा देख रहा है।शोर मचने पर वह कुछ कंपनियों पर कार्रवाई करता है।कुछ को नोटिस देता है। कुछ के लाइसैंस निरस्त कर दिया जाता है।धीरे- धीरे सब शांत हो जाता है। निरस्त लाइसैंस कंपनियों के लाइसैंस या तो बहाल हो जाते हैं या वह दूसरे नाम से काम करने लगती हैं। सिलसिला नही रूकता। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मार्शल आइलैंड्स और माइक्रोनेशिया में बेचे जाने वाले भारत-निर्मित गुइफेनेसिन कफ सिरप के लिए हाल में एक और अलर्ट जारी किया है। भारत में उत्पादित दूषित खांसी की दवाई के लिए सात महीने के भीतर यह तीसरा अलर्ट है। पिछले मामलों की पहचान गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में की गई थी। वहां कफ सीरप पीने से 66 बच्चों की मौत हुई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि एक भारतीय कंपनी का कफ सिरप मार्शल आइलैंड्स और माइक्रोनेशिया में दूषित पाया गया है। इन रसायनों की पहचान ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने की थी। बीते छह अप्रैल को इसकी सूचना डब्ल्यूएचओ को दी गई। अलर्ट में कहा गया है कि ऑस्ट्रेलिया के थेराप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं द्वारा सीने में बलगम और खांसी को दूर करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले में सिरप गुइफेनेसिन डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल की अस्वीकार्य मात्रा पाई गई।

**कुछ के लाइसैंस निरस्त कर दिया जाता है।धीरे-धीरे सब शांत हो जाता है। निरस्त लाइसेंस कंपनियों के लाइसैंस या तो बहाल हो जाते हैं या वह दूसरे नाम से काम करने लगती हैं।**

कुछ दिन पहले यूएस फूड एंड ड्रग एडमिस्ट्रेशन ने कहा है कि भारत की दवा कंपनी के आई ड्राप से उनके यहां तीन मौत हों गईं।आठ लोगों की आखों की रोशनी चली गई।नेपाल ने पहले ही भारत की 16 भारतीय दवा कंपनियों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। यह प्रतिबंध अफ्रीकी देशों में खांसी के सिरप से बच्चों की हुई मौत के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से जारी चेतावनी के बाद लगाया गया है। नेपाल दवा प्राधिकरण ने इस संबंध में एक सूची जारी की है। ।

पिछले दिनों आई शिकायतों के बाद भारत सरकार के ड्रग कंटोलर की कुंभकरणी नींद टूटी थी।उसने 18 कंपनियों का लाइसैंस रद्द किया है। इन कंपनियों पर आरोप है कि इनकी दवा क्वालिटी तय मानकों के अनुरूप नही हैं। विदेशों से लगातार आ रही शिकायतों के बाद 18 दवा कपंनियों के लाईसैंस निरस्त हुए हैं। करीब 26 फार्मा कंपनियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह ऐसा पहला मौका नहीं है जब ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने फार्मा कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की है। कुछ महीनों पहले भी हिमाचल और उत्तराखंड की कुछ फार्मा कंपनी का लाइसेंस रद्द किया गया था। इन दवाओं की लोगों तक ऑनलाइन डिलीवरी करने वाली दो कंपनियों को भी नोटिस जारी किया गया है। इन दोनों कंपनियों पर ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के उल्लंघन के तरह एक्शन लिया गया है। इन कंपनियों से कहा गया है कि जब कोर्ट ने ऑनलाइन दवाओं की डिलीवरी पर रोक लगाई है तो फिर ये दवाओं को ऑनलाइन सेल क्यों कर रही हैं।

# परमात्मा से सम्बन्ध

प्रेरक -प्रसंग

`अब गतांक से आगे .. .. ..

मुनीम जी बड़े ही आदर के साथ उन्हें अपने साथ ले आए।

दुकानदार ने आते ही पंडित जी को प्रणाम किया और बोला- पंडित जी! मैंने काफी मेहनत की और पुराने खातों को? देखा, तो पाया कि खाते में आपका पांच सौ रुपया जमा है। और पिछले दस सालों में ब्याज के बारह हजार रुपए भी हो गए हैं। पंडित जी! आपकी बेटी भी तो मेरी बेटी जैसी ही है। अत: एक हजार रुपये आप मेरी तरफ से ले जाइए, और उसे बेटी की शादी में लगा दीजिए। इस



प्रकार उस दुकानदार ने पंडित जी को तेरह हजार पांच सौ रुपए देकर बड़े ही प्रेम के साथ विदा किया।

तात्पर्य :-

जब मात्र एक राजा के साथ सम्बन्ध होने भर से हमारी विपदा दूर जो जाती है, तो हम अगर हम खुद से (जो कि परमात्मा का अंश है) और इस दुनिया के राजा यानि कि परमात्मा से अपना सम्बन्ध जोड़ लें तो हमें कोई भी समस्या, कठिनाई या फिर हमारे साथ किसी भी तरह के अन्याय का तो कोई प्रश्न ही नहीं उत्पन्न होगा। तो हमेशा से उस परमात्मा का धन्यवाद करते रहे। ओर उनके समीप रहे।

इस शिक्षाप्रद कहानी से सीख मिलती है कि हमें सदैव अपने लक्ष्य पर फोकस करना चाहिए।

...........**समाप्त**।

जानकारी

# ऊटी में ट्रेकिंग और कैंपिंग



थिंग्स ऊटी में आनंद लेने के लिए कई मजेदार गतिविधियों में से, साहसिक साधक ट्रेकिंग और कैंपिंग का विकल्प चुनते हैं। हिल स्टेशन में पर्वत श्रृंखलाओं के साथ कई ट्रेकिंग ट्रेल्स हैं। सेनगोट्टारायर मलाई ट्रेक में ऊटी की पहाड़ी श्रृंखलाओं पर चाय के बागानों और वनों के लुभावने दृश्य हैं। शोला फॉरेस्ट ट्रेक में नदियों के अलावा खूबसूरत गांव और आदिवासी बस्तियां हैं। कोटागिरी-एल्क सबसे पसंदीदा मार्गों में से एक है, जो वनस्पतियों, जीवों और समृद्ध वन्य जीवन से भरा है। पार्सन्स वैली, मुकुर्ती झील, मदुमलाई, पाइकारा, हिमस्खलन और बंगितप्पल भी लोकप्रिय ट्रेकिंग स्पॉट हैं। सूचिमलाई (नीडल रॉक व्यू पॉइंट) एक लोकप्रिय ट्रेकिंग स्पॉट है जहां एक झरना है जहां आप एक तंबू में रह सकते हैं। पहाड़ों से घिरी हिमस्खलन झील भी एक आदर्श शिविर स्थल है। विकल्प हैं। इसमें कई पिस्सू बाजार और शॉपिंग सेंटर हैं। ऊटी घर की बनी चॉकलेट के लिए जाना जाता है।

# Nord Buds 2R ईयरबड्स SIRIM सर्टिफिकेशन पर स्पॉट!



नई दिल्ली :OnePlus ने हाल ही में अपने पॉपुलर मिडरेंज स्मार्टफोन OnePlus Nord CE 3 Lite 5G के साथ OnePlus Nord Buds 2 TWS ईयरबड्स को भी लॉन्च किया था। अब खबर है कि कंपनी OnePlus Nord Buds के अगले वर्जन पर भी काम कर रही है। इसे OnePlus Buds Nord 2R कहा जा रहा है। कथित ईयबड्स को मलेशिया की एक सर्टिफिकेशन वेबसाइट पर भी स्पॉट किया गया है। आइए आपको बताते हैं कि वनप्लस के अपकमिंग ऑडियो वियरेबल के बारे में क्या जानकारी मिली है।

OnePlus Nord Buds 2R कंपनी की ओर से अगले ट्र वायरलेस ईयरबड्स बताए जा रहे हैं। Nord ब्रैंडिंग के इस कथित वियरेबल डिवाइस को मलेशिया की SIRIM सर्टिफिकेशन पर भी स्पॉट किया गया है। हालांकि अभी इस बात की पुष्टि नहीं की जा सकती है कि यह इसका ग्लोबल नेम होगा कि नहीं, लेकिन इतना तो सर्टिफिकेशन के आधार पर कहा जा सकता है कि मलेशिया में ये ईयरबड्स Nord Buds 2R के नाम से ही लॉन्च किए जा सकते हैं। टिप्स्टर मुकुल शर्मा के अनुसार, OnePlus Nord Buds 2R का प्रोडक्शन कंपनी शुरू कर चुकी है। इतना ही नहीं, टिप्स्टर ने ये भी कहा है कि OnePlus Nord 3 5G के भारत लॉन्च के साथ ही कंपनी इन ईयरबड्स को भी लॉन्च कर सकती है। OnePlus Nord Buds 2R के बारे में यहां किसी स्पेसिफिकेशन का पता नहीं चलता है। लेकिन कंपनी इन्हें Nord Buds 2 के लाइट वर्जन के रूप में पेश कर सकती है। कंपनी के ट्रेंड के मुताबिक कुछ कम फीचर्स के साथ इन्हें Nord Buds 2 के सस्ते वेरिएंट के रूप में लॉन्च किया जा सकता है। इसी को आधार मानकर चलें तो इसके स्पेसिफिकेशंस भी Nord Buds 2 आधारित हो सकते हैं। OnePlus Nord Buds 2 के स्पेसिफिकेशंस की बात करें तो यह वियरेबल 12.4 ड्राइवर्स के साथ आते हैं।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"बाबासाहेब अंबेडकर ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। यह हमारे संविधान का आधार है लेकिन आज कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण देने बात कर रही हैं।"

**हिमंत बिस्वा**
असम के मुख्यमंत्री





"मेरी पसंदीदा नीतू कपूर के साथ नाटू-नाटू गाने पर डांस।'पद्मिनी और नीतू के इस वीडियो को देखकर फैंस रिएक्शन दे रहे हैं।"

**पद्मिनी कोल्हापूरी**
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## ग्लेशियर के नुकसान से खतरा बढ़ा

पर्यावरण की तरफ किसी का ध्यान नही जाने से सरकार हल्के में ले रही है।पर्यावरण और क्लाइमेंट चेंज की बात विश्व पटल पर हो रही है।लेंकिन कोई देश गंभीर नही है।शिमला के ताजा सर्वेक्षण में सतलुज बेसिन में बनी 995 झील पिछले तीन वर्षों में 769 थी।इस भयावह स्थित की भनक किसी को नही है। हिमालय क्षेत्रो में तापमान बढने से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे है।इसके पिघलने से सतलुज झील में इजाफा हुआ है। बर्फ का पिघला पानी ग्लेशियर ओर उसके पीछे बनी चट्टानों पर जमा हो जाता है।उसके बाद जब झील फटती है तो नीचे के स्थान पर भयावह बाढ़ आ जाती है।इस तरह से भारी नुकसान हो सकता है।हिमकास्ट ने सरकार को रिपोर्ट भेजकर इसकी मोनिटरिंग की सिफारिश की है।हिमालय क्षेत्रो मेबढती झीलों से अच्छा संकेत नही है।साल दो हजार से दो हजार बीस तक झीलों की 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।सरकार इस पर ध्यान नही देती है तो भारी नुकसान होगा।समुद्र का जलस्तर ज्यादा बढ़ने से ग्लेशियर के नुकसान से क्लाइमेंट सिस्टम भी प्रभावित हुआ है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए कारगर उपाय नही किये गए तो दो तिहाई ग्लेशियर साल 21 सौ तक पिघल सकते है। जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है।हिंदुकुश हिमालय सबसे बड़ा बर्फ का क्षेत्र है।यह लगातार ग्लोबल वार्मिंग से प्रभावित्त है। इसको कम करने के लिए सरकार को उपाय करने होंगे।बहते तापमान से ध्रुवीय इलाको में बर्फ की चादर बिखर रही है। दुनिया के समुद्र तल में 35 फीसदी इजाफा बर्फ पिघलने के कारण हुआ है।ग्लेशियर का पिघलना कृषि के लिए भी बहुत खराब है।भारत सहित दुनिया मे जलवायु परिवर्तन कीवजह से ग्लेशियर पिघल रहा है। सरकार को ध्यान देना होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### जहर खाने से एक विवाहिता की मौत मायके वाले ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**इचाक** : इचाक थाना क्षेत्र के रूद गांव के विवाहिता 25 वर्षीय शारदा देवी पति शेखर कुमार साव की जहर खाने से 3 मई को सुबह 10 बजे सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतिका की 4 वर्ष का एक पुत्र और 3 वर्ष का एक पुत्री है। पति शेखर कुमार कई महीनों से टाटा में जेसीबी मशीन चलाने का कार्य करता है। शादी 5 वर्ष पूर्व में हुई थी।मृतिका के भाई एवं पिता ने आरोप लगाया है कि जब से हमारी बेटी का विवाह हुआ था तब से घरवाले काफी लड़ाई झगड़ा एवं मारपीट करते आ रहे थे । इस संबंध में कई बार पंचायत भी हो चुका है ,एवं दस लाख दहेज देने के बावजूद और दहेज मांगने का हमारी पुत्री पर दबाव बनाया जा रहा था। नहीं देने पर हमारी पुत्री को जहर देकर घर वाले ने मार दिया।

## सिटी अपडेट्स >>

### धनबाद पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

**धनबाद**: रैपिड एक्शन फोर्स और जिला पुलिस के द्वारा धनबाद के सरायढेला से धनबाद रणधीर वर्मा चौक होते बैंक थाना के रास्ते फ्लैग मार्च किया गया। डीएसपी अरविंद बिन्हा भी पुलिस दल बल के साथ शांति कानून व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। शहर के सरायढेला थाना छेत्र समेत अन्य स्थानों पर मुस्तैद पुलिस बल को उन्होंने सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। आबादी वाले इलाकों में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।वहीं रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडर विवेक कुमार ने बताया के रूटिंग बेसिस पर फ्लैग मार्च निकाला गया है। धनबाद जिला सहित बोकारो जिले में भी फ्लैग मार्च किया जा रहा है और यह 6 दिनों तक चलने वाला फ्लैग मार्च होगा ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### खसरा और रुबेला से बचाव एवं रोकथाम को लेकर बैठक संपन्न

**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को बीडीओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में खसरा एवं रुबेला संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम को लेकर एमआर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि यह कार्यक्रम 5 मई तक संचालित की जाएगी। एक राष्ट्रव्यापी अभियान के अन्तर्गत खसरा तथा रूबेला के प्रति सुरक्षा प्रदान करने के लिए खसरा-रुबैला (एम.आर.) का एक टीका स्कूलों तथा आउटरीच सत्रों में आरम्भ किया गया है। इस एम.आर. टीके को बाद में नियमित टीकाकरण में शामिल कर लिया जाएगा। यह महत्वपूर्ण है कि इस अभियान के अन्तर्गत 9 माह से 15 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को यह टीका लगाया जा रहा है, भले ही पहले उन्हें एम आर / एम.एम.आर. का टीका दिया जा चुका हो।

### प्रतिबंधित पानमसाला की विक्री धड़ल्ले से जारी

**हरिहरगंज/पलामू** : थाना क्षेत्र अन्तर्गत हरिहरगंज शहरी और आस पास के क्षेत्रों में प्रतिबंधित पान मसाला, रजनीगंधा, पान पराग, बिमल, बहार, शिखर, दिलरुबा, राजनिवास, मुसाफिर, मधु, सेहरत, पान पराग प्रीमियम आदि की धड़ल्ले से बिक्री जारी है। नशा से मुक्त कई प्रबुद्ध लोगों बताया कि शहर सहित आस पास के क्षेत्रों में प्रतिबंधित पानमसाले बेरोक टोक बिक रहे हैं। उनका कहना है कि सार्वजनिक स्थलों सहित हर जगहों पर उक्त पान मशाले आसानी से मिल जा रहे हैं। इस वजह से छोटे छोटे बच्चों के इसके चपेट में आने से उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जो अभिभावको के लिए चिंता का विषय है।

**शुभारंभ** दुकान से ग्राहकों को हर सामान उचित मूल्य में उपलब्ध होगी

# आयांश प्लास्टिक एवं डिजिटल सेवा केंद्र का उद्घाटन किया

राष्ट्रीय खबर



**बड़कागांवः** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सांढ छपेरवा रोड़ में आयांश प्लास्टिक एवं डिजिटल सेवा केंद्र का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी, भीखन महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी, खिरोधर प्रसाद मेहता, ने प्रोफेसर ज्योति जालंधर ने संयुक्त रूप से फीता काट व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। वाह नारियल इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि इस तरह की दुकान खुलने से शहरों की ओर ग्राहकों को जाना नहीं पड़ेगा शहर की सारी वस्तुएं उपलब्ध इस दुकान में होगी। इस अवसर पर पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी ने कहा कि इस तरह की दुकान से ग्राहकों को हर सामान उचित मूल्य में उपलब्ध होगी। इस अवसर पर आयांश प्लास्टिक एवं डिजिटल सेवा केंद्र के प्रोपराइटर अंजलि बाला ने कहा कि हमारे दुकान में प्लास्टिक के बने नए डिजाइनओं का सामान उपलब्ध है । वही डिजिटल सेवा केंद्र में आधार कार्ड ,नया पैन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र ,मृत्यु प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस ,गाड़ी का टैक्स जमा, राशन आधार से पैसा निकासी ,जमीन की रसीद, फोटो लैमिनेशन, व्हाट्सएप स्क्रीन, कलर प्रिंट, मोबाइल रिचार्ज, बिजली बिल भुगतान , तथा स्टेशनरी सभी सामान्य उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी भीखन महतो , खीरोधर प्रसाद मेहता, प्रोफेसर ज्योति जलधारा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी, चिंतामणि महतो ,पंचम कुमार, गिनी वर्मा , सीटूनाथ महतो ,मनोहर प्रसाद दांगी , महेंद्र महतो, ननकू महतो ,केसर महतो पंडित ईश्वरी पांडे, देवनंद महतो, बुद्धि नाथ महतो, पीयूष रंजन, प्रदीप कुमार, राजेंद्र कुमार, धर्मनाथ महतो, पंकज कुमार, झम्मन लाल महतो ,रूपलाल महतो शिव शंकर कुमार धनेश्वर प्रसाद दांगी,पंचम कुमार, मिट्ठू महत धर्म नाथ महतो ,विशेश्वर महतो, देव कुमार मनोज कुमार मोहन कुमार आशीष रंजन रंजीत कुमार विकास कुमार ,राजेंद्र कुमार, विभूति भूषण ,पंकज कुमार ,सोनिया देवी रोहन डूभन महतो ,दुलारी देवी ,सुंदरी देवी इंदु देवी, सावित्री देवी, पूनम देवी, गायत्री देवी, प्रतिमा देवी, ,चुनरिया देवी, सुमित कुमार, मोनिका देवी ,सोनी कुमारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी में सरस्वती हाई स्कूल को मिला प्रथम स्थान

**दारू** :दारू प्रखंड अंतर्गत सरस्वती हाई स्कूल के बच्चों को वित्तीय साक्षरता विषय पर क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मिला है रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित उत्क्रमित मध्य उच्च विद्यालय टाटीझरिया विद्यालय में हजारीबाग के वित्तीय साक्षरता विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार सरस्वती उच्च विद्यालय द्वितीय पुरस्कार महेशरा प्लस टू हाई स्कूल एवं तृतीय पुरस्कार उत्क्रमित मध्य विद्यालय दिग्वार को दिया गया जिसमें बच्चों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र के साथ 5000 का चेक प्रदान किया गया साथ ही प्रशस्ति पत्र एवं मेडल लेकर बच्चे स्कूल के बच्चों को पुरस्कृत किया गया वही बच्चे सहित स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं काफी गौरवान्वित महसूस किए ज्ञात हो कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा छात्रों में वित्त से संबंधित जानकारी को बढ़ावा देने के लिए यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों के प्रति उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया एवं आगे भी इस तरह का कार्यक्रम मैं अपने स्कूल के बच्चों को पुन: भाग लेने का प्रोत्साहित भी किया मौके पर बच्चों को प्रोत्साहित करते सरस्वती उच्च विद्यालय के बीरबल कुमार एवं रोबिन कुमार सहित शिक्षक परितोष कुमार झा राजेश कुमार राय राजेश कुमार दास महादेव ठाकुर सहित बच्चे को शुभकामनाएं देते।

### सेंट्रल जेल में दो सुरक्षाकर्मी नशीले पदार्थ गांजा के साथ पकड़ाये



**हजारीबाग** : हजारीबाग जेपी केंद्रीय कारा हजारीबाग में बुधवार को गांजा के साथ दो सुरक्षाकर्मी पकड़े गये हैं। इसके बाद दोनों सुरक्षाकर्मी वरीय पदाधिकारी के द्वारा देवेंद्र मिश्र और नागेंद्र शर्मा को बर्खास्त कर दिया गया है। इसकी जानकारी जेल सुपरिटेंडेंट चंद्रशेखर ने दी। पूर्व में दोनों सुरक्षाकर्मी आर्मी में थे। देवेंद्र मिश्र इससे पहले भी गांजा के साथ पकड़े जा चुके हैं। उस समय उनकी ड्यूटी जेल के अंदर से हटाकर बाहर लगा दी गयी थी। जेल की सुरक्षा का जिम्मा जिन सुरक्षाकर्मियों के हाथ में है।वही नशीली पदार्थों के साथ पकड़े जा रहे हैं। ऐसे में जेल की सुरक्षा में सेंध लगने से इनकार नहीं किया जा सकता।

### मार्खम कॉलेज के एनएसएस का विशेष शिविर सिरसी गांव में तीसरे दिन भी जारी

**हजारीबाग** : हजारीबाग मार्खम कॉलेज के एनएसएस इकाई एक के तत्वावधान में सिरसी गांव में चलाए जा रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने गांव में टीबी मुक्त भारत में निक्षय मित्र के लिए सर्वे किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर ग्रामवासियों से असाध्य रोग की जानकारी प्राप्त कर ग्रामीणों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात बताई। स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों से कहा कि गंदगी से ही कुपोषण होती है ,इसलिए स्वच्छता पर हमेशा ध्यान दें। शारीरिक स्वच्छता से मानसिक स्वास्थ्य बनी रहती है। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव में जहां-तहां बिखरे प्लास्टिक को एकत्रित कर उसका निराकरण किया। ग्रामवासियों से स्वयंसेवकों ने कहा कि हमें प्लास्टिक मुक्त भारत के सपनों को साकार करना है, इसके लिए हम सभी प्लास्टिक के थैले आदि का उपयोग नहीं करें। कॉलेज के प्रोग्राम ऑफिसर भोला नाथ सिंह ने ग्रामवासियों से स्वयंसेवकों के चला जा रहे हैं विभिन्न जागरूकता जैसे कार्यक्रमों में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर स्वयंसेवकों में मुख्य रूप से प्रगति प्रेरणा ,शिवा कुमार, शिव शंकर ,अमन भारद्वाज, अंकीत कुमार पांडेय, अमन राज, सुजाता कुमारी, सत्यम कुमार, भारती कुमारी, आनंद कुमार, रितिक कुमार, ऋषभ कुमार, आलोक कुमार दुबे समेत स्वयंसेवकगण उपस्थित थे।
तालाब की सफाई कर प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान चलाया। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने सिरसी गांव स्थित तालाब के चारों तरफ अनचाहे झाड़ी, जहरीले पौधे एवं झाड़ियों की सफाई की। इसके साथ ही तलाव में बिखरे प्लास्टिक एवं गंदगी की सफाई की। इसके पूर्व स्वयंसेवकों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया।

## नव निर्माण मंदिर को लेकर किया गया भूमि पूजन



राष्ट्रीय खबर

**दारू** : दारू प्रखंड के छोटका इरगा में शिव परिवार मंदिर सह सूर्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। बैठक कर लिया निर्णय।इसे लेकर बुधवार को मंदिर निर्माण समिति की ओर से भूमि पूजन सह नगर भ्रमण किया गया। बड़का इरगा, जबरा, छोटका इरगा दारू चौक सहित जगहों पर किया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र हर हर महादेव, जय श्रीराम, जय सूर्य भगवान के जयकारे से गूंज उठा। आचार्य डॉ अनुग्रह नारायण शर्मा के द्वारा विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया हैं. नगर भ्रमण में रामेश्वर साव, गोपाल साव, बैजनाथ साव, सुरेश तुरी, बिशुन प्रजापति, प्यारी साव, योधन साव, टेकलाल साव,हीरालाल साव,हरि साव,संजय साव, सुजीत कुमार,बालगोविन्द सहित महिला,पुरुष बच्चे शामिल थे।

## महाविद्यालय की अतिक्रमित जमीन को जांच करने पहुंचे कर्मचारी

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबागः** संत कोलंबस कॉलेज की भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण किए हुए जमीन पर जिला प्रशासन के आदेश पर सरकारी नक्शा लेकर पहुँचे सदर अंचल के सर्कल इंस्पेक्टर सीताराम और अन्य कर्मचारी साथ में संत कोलंबा महाविद्यालय के बड़ा बाबू प्रशनजीत मौजूद रहे।जिन्होंने सारे मामले को कर्मचारियों को अवगत कराया।
ज्ञात हो कि 125 वर्ष पुराने संत कोलंबा महाविद्यालय की जमीन को भूमाफिया द्वारा अतिक्रमण होने की सूचना 1 मई 2023 को भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव को अतिक्रमण के बावत सूचित किया उसके बाद वीसी ने प्राचार्य डॉ विमल रेवेन को जांच के आदेश दिया। जिसके बाद प्राचार्य के साथ पूर्व सिंडिकेट सदस्य अमरदीप यादव, पूर्व सिंडिकेट सदस्य पंकज मेहता, डॉ भुनेश्वर महतो राजकुमार साव और रोहित कुमार तस्वीर, नक्शा लेकर स्थल जांच के लिए गए। स्थल जांच में पाया गया कि 125 वर्ष पुराने गौरवशाली महाविद्यालय संत कोलंबा कॉलेज के पूर्वी दिशा झीनझरिया पुल रोड पास बाउंडरी तोड़कर कुछ व्यक्तियों ने अतिक्रमण कर अपना निजी आवास, होस्टल और दुकान बना लिया है और निजी बाउंडरी कर लिया है। साथ ही कई लोगों ने कॉलेज द्वारा पूर्व में आम नागरिकों के आवगमन के लिए छोड़ी गई 14 फीट का रास्ता में भी आलीशान घर और होस्टल बना लिया है। अभी वर्तमान में 2 लोगों द्वारा भी निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसे रोक दिया गया।

55 छात्राओं की टीम चार दिवसीय इंटर मेडिकल एंड डेंटल कॉलेज फेस्ट में हुई शामिल

## सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिता में छात्राओं ने लहराया परचम, बढ़ाया कॉलेज का मान

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** :-हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के छात्राओं की टीम सासाराम में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयोजित चार दिवसीय इंटर मेडिकल एंड डेंटल कॉलेज फेस्ट में शामिल हुई। डेंटल कॉलेज की टीम अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण एवं उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव के समर्थन एवं मार्गदर्शन में सहायक प्रोफेसर डॉ रघु रंजन के नेतृत्व में भाग लिया।
इसमें डेंटल कॉलेज के 55 छात्राओं की टीम हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बिहार एवं झारखंड के विभिन्न मेडिकल व डेंटल कॉलेजों की स्पधाओं मे अपनी कॉलेज की छात्राओं ने प्रतिस्पर्धा किया। इसमें डेंटल कॉलेज की कुल 26 स्पधाओं में जीत मिली। वहीं 16 स्पधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
इस अवसर पर डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अपने छात्राओं को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी। चार दिवसीय इंटर मेडिकल एंड डेंटल कॉलेज फेस्ट में डेंटल कॉलेज के छात्र मुकेश कुमार महतो, शुभम मिश्रा, प्रभास, सौविक चंद्रा, अनिमेष हर्षित, सिद्धार्थ घोष, रंजन कुमार, मेधा कृष्णन, रोमा कुमारी, शबनम कुमारी, प्रियाशी भारती, ईशा कुमारी, महिमा जायसवाल, श्रेयशी सिन्हा, शीबा खान, ऋतिका प्रसाद, अलका सिंह, श्रीस्टी, प्रगति कुमारी, मनीषा यादव, सौरव कुमार झा, शुभम कुमार, रवि कुमार चौधरी, सोनू कुमार, मोहम्मद गुफरान जफर, मोहम्मद शाह नवाद, आशीष कुमार, शिवम आनंद, बोबिन्सन रेट, करण सात्यकी, मानस कुमार, अभय सौरव, अमन सिंह, प्रणव निखिल सांगा, ऋतिक सिन्हा, सागर कुमार, अनुप्रिया, मानवी दास, अमीषा गांधी, नील टिर्की, सैफ खान, सुधांशु गुप्ता, अल्ताफ अंसारी, सौम्या सिन्हा, गुंजन वर्मा, राहुल कुमार, सौरभ सिकदर एवं डॉ शिवम सहित कई छात्र शामिल थे।

## यूथ विंग के द्वारा 7 मई को निशुल्क जांच शिविर

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबागः** शहर के हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा 7 मई दिन रविवार को रामनगर चौक पारसनाथ ट्रेवल्स के समीप निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा दूसरी बार किया जा रहा है। जांच शिविर में सभी तरह के बीमारियों का इलाज किया जाएगा। जांच शिविर में डॉ वी वेंकटेश एवं महिला विशेषज्ञ डॉक्टर अंकिता खंडेलवाल अपनी सेवा प्रदान करेगी। जांच शिविर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगा। जांच शिविर का लाभ लेने के लिए 9263307970,6201852266 पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं जो बिल्कुल निशुल्क है। रजिस्ट्रेशन 6 मई को संध्या 6 बजे तक किया जाएगा। जांच शिविर में विशेष सहयोग मानसी डायग्नोस्टिक सेंटर एवं पारसनाथ ट्रेवल्स के संचालक राजेश पाटोदी का मिल रहा है। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि लोग स्वस्थ रहें,निरोग रहे इसी दृष्टिकोण से लगाया जा रहा है जांच शिविर।

### परसनाथ जंगल से भटक कर मधुबन के एक कुंए में गिरा मिला हिरन



**पीरटांड़ः** परसनाथ के जंगल से भटक कर मधुबन स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पीछे कुँए में गिरा मिला एक हिरन । जानकारी के मुताबिक रात के समय जंगल से भटक कर एक हिरन मधुबन गांव आ गया और वह एक कुँए में गिरा मिला । यह कुआं लगभाग 60 फीट गहरा बताया जा रहा है. जिसके चलते कुँए के पानी मे रात भर हिरन डूबा रहा. सुबह लोगों ने हिरन को कुँए में तैरता देखा. जिसके बाद हिरन को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई.जिसके बाद मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने वन विभाग को दी.जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मोके पर पहुँच कर लोगों के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया. वन विभाग की टीम एवं लोगों के सहयोग से रस्सी और खटिया की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हिरण को बाहर निकाला गया. हिरण को बाहर निकालने के बाद लोगों ने देखा कि हिरण के शरीर पर कई जगह गहरे जख्म बने हुए थे. मानो ऐसा प्रतीत हो रहा था कि हिरण के शरीर में तीर मारा गया हो. इसके बाद वन विभाग की टीम ने हिरण को प्राथमिक उपचार के लिए पारसनाथ वन कार्यालय ले आई.जहाँ डॉक्टरों की टीम ने हिरण का उपचार किया और बाद में हिरन को जंगल में छोड़ दिया गया ।

### हीरो मोटोकॉर्प के शोरुम का उदघाटन



**हजारीबाग**: दुनियाँ के नंबर एक दो पहिया वाहन निमार्ता हीरो मोटोकॉर्प के स्थानिय अधिकृत विक्रेता लक्ष्मी हीरो हजारीबाग द्वारा एक नई शोरूम का उदघाटन आज किया गया। यह शोरूम कटकमसाण्डी रोड रोमी में एक नई लुक में किया गया । लक्ष्मी हीरो के संचालक श्री किशन शर्मा ने बताया ग्राहकों कि सुविधा को देखते हुए यह शोरूम में भी हीरो वाहन की बिक्री के साथ साथ सर्विस की भी सुविधा है। उन्होने यह भी बताया कि ग्राहको की डिमाण्ड को देखते हुए और हीरो की इतने सारे मॉडलों की डेलिवरी को सुचारू रूप से करने के लिए रोमी में यह शोरूम खोला गया है । हजारीबाग में जुल्लु पार्क एंव चान्हो में पहले से हीरो की शोरूम है ।

**कार्यक्रम** श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में भव्य भंडारे का किया गया आयोजन

## गायक शहनाज अख्तर के द्वारा करेगी अपना प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के नयाटांड़ के कुमारडीहा में श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का के साथ शुरू किया था। इस दौरान यज्ञ समिति समिति की ओर सेआए श्रद्धालुओं के लिए महा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण करें इसका लाभ उठाएं।
भंडारण कार्यक्रम को सफल बनाने वालों में मुख्य रूप से भंडारण मंत्री जनार्दन ठाकुर, कृष्णा महतो, पप्पू सिंह ,भवानी महतो, रविंद्र महतो, विनोद महतो, तुलसी महतो, मुंद्रिका सिंह, हेमंत महतो, संजय प्रजापति, सचिन प्रजापति, पप्पू महतो, जीतू कुमार, राजू प्रजापति, रंजन ठाकुर ,भीम कुमार ,टिंकू महतो, महतो, झम्मन महतो, मिथिलेश प्रजापति मीडिया प्रभारी पंकज ठाकुर के अलावा दर्जनों ग्रामीण सहयोग सहयोग किया। वही मीडिया प्रभारी पंकज ठाकुर ने बताया कि प्रख्यात भजन गायक शहनाज अख्तर एवं बबन छैला का जागरण कार्यक्रम 4 मई को होगा। पंकज ठाकुर ने आगे बताया कि संस्कृत ज्योतिष्य आचार्य उमेश पाठक द्वारा यज्ञ विधि विधान कराया जाएगा। वाराणसी के मिथलेश्वरी शास्त्री एवं देवघर के रामानंद महाराज द्वारा प्रवचन किया जाएगा।

## प्रदेश >> अपडेट

### प्रतिबंधित पानमसाला की बिक्री धड़ल्ले से जारी

**पलामू :** थाना क्षेत्र अन्तर्गत हरिहरगंज शहरी और आस पास के क्षेत्रों में प्रतिबंधित पान मसाला, रजनीगंधा, पान पराग, बिमल, बहार, शिखर, दिलरूबा, राजनिवास, मुसाफिर, मधु, सेहरत, पान पराग प्रीमियम आदि की धड़ल्ले से बिक्री जारी है। नशा से मुक्त कई प्रबुद्ध लोगों बताया कि शहर सहित आस पास के क्षेत्रों में प्रतिबंधित पानमसाले बेरोक टोक बिक रहे हैं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में डोर टू डोर जागरूकता अभियान

**पाकुड :** झालसा रांची के निर्देशानुसार आज बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में महेशपुर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में डोर टू डोर जागरूकता अभियान के दौरान डालसा के पीएलवी चंदन रविदास ने जादू टोना एक अन्धविश्वास के विरोध अभियान चलाया लोगो को जागरूक करते हुए कहा कि जमीन जायदाद के लोभ में डायन बताकर जादू टोना के अंधकार में शिक्षा के अभाव में लोगो का शोषण किया जाता है ऐसे कुप्रथा से बचाव जरूरी। अधिकांश अंधविश्वास को कानून के बल पर नहीं हटाया जा सकता है। इसके लिए मानसिक बदलाव जरूरी है।कुछ अंधविश्वासी प्रथाएं जो क्रूर, अमानवीय और शोषक हैं, उन्हें विशेष रूप से संबोधित करने वाले कानून द्वारा निपटाए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए लोगो को जागरूक होना जरूरी है। ऐसे कानूनी जानकारी से अवगत कराते हुए कहा कि जादू टोना एक अन्धविश्वास भ्रम है जो समाज में बुराई एवम् अपराध को जन्म देता है डायन के नाम पर मन में डर पैदा कर शोषण को बढ़ावा देना है। ऐसा कुछ नही होता है सचेत और जागरूक रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पत्रकार ने खून देकर महिला की बचाई जान

**पाकुड :** पाकुड़ के वरिष्ठ पत्रकार मकसूद आलम ने एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए कोटालपोखर के एक 55 वर्षीय महिला को खून देकर जान बचाने का काम किया है।जानकारी के अनुसार इंसानियत फाउंडेशन के अध्यक्ष बानीज सेख को सूचना मिली कि कोटालपोखर की एक महिला को ओ पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है।इसपर बानीज सेख ने मकसूद आलम से दूरभाष पर सम्पर्क किया।मकसूद आलम ने तुरंत खून देने के लिए तैयार हो गए।मकसूद आलम से पूछने पर बताया कि रक्त का हर एक कतरा,जीवन जीने का आसरा है।इस लिए हर स्वस्थ्य इंसान को साल में दो बार जरूर खून डोनेट करना चाहिए।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत मुखिया एवं जलसहिया का श्रमदान

**महेशपुर (पाकुड़) :** प्रखंड के शहरग्राम गांव में बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत मुखिया सुजाता हेम्ब्रम एवं जल सहिया रुकमणी देवी के नेतृत्व में श्रमदान संग्रहण एवं पृथक्कीकरण का आयोजन किया गया। मुखिया एवं जलसहिया के द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने एवं गांव को ओडीएफ प्लस बनाने को लेकर सूखा कचरा को कैसे अलग करना है। गीला कचरा को कैसे अलग करना है। इस बारे में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि जब तक लोग इस विधि को नहीं सीखेंगे तब तक गांव को स्वच्छ एवं सुंदर नहीं बना पाएंगे। जिसको लेकर ग्रामीणों को सूखा कचरा एवं गीला कचरा को अलग करने का विधि बताया गया। साथी ग्रामीणों को बताया गया कि प्रतिदिन अपने घरों में जो भी कचरा निकलता है।

---

**बदलाव** क्या डीजीपी अपने मन के मुताबिक नहीं बना पाए टीम

# दिसंबर से पहले बिहार पुलिस मुख्यालय में बड़ा फेरबदल

- कई एडीजी अफसरों के बदल सकते हैं विभाग
- केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटेंगे दो आईपीएस
- जून तक भी हो सकता है बड़ा स्थानांतरण

दीपक नौरंगी



**पटना:** बिहार डीजीपी आरएस भट्टी ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपने मन के मुताबिक एक टीम पुलिस मुख्यालय में बनाने की उनकी इच्छा थी जो अभी तक पूरी नहीं हुई है। क्योंकि डीजीपी साहब ऐसे एडीजी स्तर के पदाधिकारियों को पुलिस मुख्यालय की टीम मैं अपने साथ रखना चाहते थे जिनसे उनका पुराना वैचारिक बेहतर संबंध बना रहा है। अभी वर्तमान में जो भी पुलिस मुख्यालय में एडीजी स्तर के पदाधिकारी हैं वह डीजीपी के मन के मुताबिक फिट नहीं बैठते हैं। ऐसी चर्चा है कि डीजीपी आर एस भट्टी ने एक बड़ी कोशिश भी की थी जिसमें एडीजी स्तर के बड़े अधिकारियों का तबादला राज्य सरकार से करा पाए। करीब चार महीने से भी अधिक होने के बाद भी अभी तक पुलिस मुख्यालय में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है। बताया जाता है कि यदि जून महीने तक पुलिस मुख्यालय में बड़ा बदलाव नहीं होता है तो दिसंबर के अंतिम तारीख में ही पुलिस मुख्यालय में बड़े अपर पुलिस महानिदेशक रैंक के अधिकारियों में बदलाव किया जा सकता है। पुलिस मुख्यालय के अंदर और बाहर आला अधिकारियों में कई तरह की चचाएं बनी हुई है। रेंज में तैनात कई डीआईजी, आई जी स्तर के पदाधिकारियों में अभी डीजीपी अपने स्तर से बदलाव चाहते हैं। अब देखना यह है कि राज्य सरकार वर्तमान डीजीपी आर एस भट्टी के मुताबिक तबादला करती है या नहीं।

बिहार कैडर के दो सीनियर आईपीएस अधिकारी जो अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर है और राज्य सरकार के बड़े विश्वासी रहे हैं। एक और आईपीएस अधिकारी जिनका कुछ कारणों से राज्य सरकार से मतभेद होने के कारण व केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गए थे। उक्त दोनों आईपीएस अधिकारी सरकार के बहुत करीबी भी रहे हैं। ऐसे में डीजीपी आर एस भट्टी के बारे में लगातार अधिकारियों में यह चर्चा बनी हुई है कि वह चाहते हैं कि दोनों आईपीएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से बिहार जल्द लौट जाएं। इस संबंध में एक विशेष वातालर्लाप टेलीफोन के द्वारा हो चुकी है। उधर बताया जाता है कि दोनों ही आईपीएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटना नहीं चाहते हैं। परिस्थितियां अनुकूल रही और राज में मुख्यमंत्री का ताज यदि किसी और को मिलता है तो ऐसे में एक ही पुलिस के पदाधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौट सकते हैं क्योंकि दूसरे आईपीएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर अपने पूरे तीन साल की सेवा देना चाहते हैं उसके बाद ही वह बिहार अपने मूल कैडर लौटने पर अपना विचार कर सकते हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### उपायुक्त ने गोल्ड जीतने वाले प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**पलामू :** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में राज्य स्तरीय थांग-टा चैंपियनशिप में गोल्ड जितने वाले 8 प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।इस दौरान उन्होंने अपनी पुत्री अंजनी दोड्डे को भी सम्मानित किया। विदित हो कि थांग-टा प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने वाले प्रतिभागियों में उनकी पुत्री अंजनी भी शामिल रही है।धनबाद के हीरापुर में आयोजित राज्य स्तरीय थांग-टा चैंपियनशिप में राज्य के 20 से अधिक जिलों ने भाग लिया जिसमें पलामू दूसरे नंबर पर रहा।राज्य स्तरीय चैंपियनशिप जीतने के पश्चात पलामू की टीम रांची में राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में भाग लेगी।थांग-टा मार्शल आर्ट भारत का पारंपरिक खेल है जिसमें तलवार ढाल के अलावे किक का प्रयोग किया जाता है। गोल्ड जीतने पर उपायुक्त ने टीम की कोच रही सोनामती कुमारी को विशेष बधाई दी है।उन्होंने कहा कि उनके देख-रेख में ही खिलाड़ियों ने इतना बढ़िया प्रदर्शन किया है।उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया साथ ही सभी को रांची में होने वाले राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये ऑल द बेस्ट कहा।

### जादू टोना के नाम पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान



**पाकुड़ :** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में शहर के कालिकापुर स्थित नया टोला, एवं जानकी नगर मे डोर टू डोर विजिट प्रोग्राम पीएलवी कमला राय गांगुली के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में कमला राय गांगुली ने जादू टोना (अंधविश्वास) के विरोध अभियान, चलाते हुए समाज में शिक्षा के अभाव में से जादू टोना जो अंधविश्वास के चक्कर मे जाने अनजाने कई गलत कदम उठाते लेते है जिससे लोगो के साथ अनहोनी हो जाती है जैसे मानसिक, शारीरिक,आर्थिक रूप से शोषण का शिकार हो जाते है। जादू टोना के नाम पर डायन वताकर असहाय गरीब लोगों को हत्या जैसी जघन्य अपराध हो जाता है। ऐसे कुरितियो के कारण कितने मासूम बच्ची बच्चियों, लोग,बीमारी के इलाज जादू टोना के नाम पर शिकार बन जाता है, पति पत्नी हो या लोगो को आपस में झगड़ा के कारण शिक्षा के अभाव में अन्धविश्वास हावी होने से होता है। जैसे कई महत्वपूर्ण जानकारी से लोगो को अवगत कराते हुए अपील की ऐसे में सावधान रहने और समाज के ऐसे कोई भी लोग जादू टोना के चक्कर में न पड़े। कोई भी ऐसे बीमारी से पीड़ित होता है तो जादू टोना के वजह अस्पताल जाकर डॉक्टर को अवस्य दिखाएं।

---

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** सूचना भवन के सभागार कक्ष में प्रेस क्लब पाकुड़ की ओर से विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस सभी पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है और इसकी शुरूआत 3 मई 1993 को किया गया था। उन्होंने कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष अलग-अलग थीम को लेकर मनाया जाता है इस वर्ष का थीम अधिकारों के लिए भविष्य को आकार देना है हैं। डॉ चंदन ने कहा कि एक ओर जहां प्रेस हमें आजादी देती है तो दूसरी तरफ यह हमारी जिम्मेवारी को भी बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि हमें सकारात्मक पहलुओं को भी अपने अखबार व इलेक्ट्रॉनिक चैनल में दिखाना चाहिए ताकि समाज में नई चेतना आ सके। वहीं मंच संचालन करते हुए प्रेस क्लब पाकुड़ के अध्यक्ष मुकेश जयसवाल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस क्यों मनाया जाता है इसके पीछे के उद्देश्यों की जानकारी दी। मौके पर मौजूद अन्य पत्रकारों ने भी बारी-बारी से अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम में संजीव दत्ता, राघव मिश्रा, मोहम्मद अराफात, तारक भगत, पंकज भगत ,काजिरूल शेख, प्रीतम सिंह यादव, मो0 तौफीक, एसएमपीओ पवन ,प्रीतम कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# मूर्ति स्थापन के लिये भूमि पूजन



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** प्रखंड के बेलबीघा पंचायत अंतर्गत ग्राम पोखरापर मे संकट मोचन हनुमान जी का दिव्य एवं भव्य प्रतिमा निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। धरवासडीह पीठाधीश्वर स्वामी केशवाचार्य जी महाराज के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं प्रवचन के साथ पूजा पाठ कराई गई। इस पावन अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में लोकप्रिय भाजपा नेता समाजसेवी सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह उपस्थित हुए। अपने संबोधन के दौरान कर्नल संजय सिंह ने संकट मोचन हनुमान जी एवं मयार्दा पुरुषोत्तम राम जी के बीच शक्ति एवं भक्ति के बारे में चित्रण करते हुए कहा कि जिस तरह हनुमान जी ने भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम राम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए थे ,ठीक उसी तरह इस क्षेत्र के इस गांव के विकास एवं समृद्धि तथा शांति के लिए इस ग्राम के राम भक्तों ने संकट मोचन हनुमान जी का दिव्य एवं भव्य प्रतिमा बनाने का जो संकल्प लिया है यह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने हिंदुत्व की रक्षा के लिए, प्रकृति की रक्षा के लिए, एवं धर्म की रक्षा के लिए , प्रभु श्री राम के चित्रण पर विशेष प्रकाश डाला। मुख्य जजमान के रूप में जनेश्वर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी मीना देवी ने पूजन तथा महा आरती में भाग लिया। इस धार्मिक कार्यक्रम का संचालन पूर्व मेजर सूबेदार दीपक सिंह के द्वारा किया गया ,विधि व्यवस्था में समाजसेवी मुकेश कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह एवं निजग्राम के राम भक्तों का योगदान सराहनीय रहा, पूजा संपन्न होने के बाद महाप्रसाद वितरण किया गया।इस पुनीत अवसर पर मुख्य रूप से बेलबीघा पंचायत के पूर्व मुखिया लखन यादव, पूर्व मुखिया महुअरी लालधन ठाकुर, शिल्पकार नारायण जी, समाजसेवी अवधेश सिंह, चंद्रदीप सिंह, हरिहर सिंह, राकेश कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, दिनेश सिंह, अखिलेश सिंह, राहुल ठाकुर ,ओम, लड्डू ,सहित सैकड़ों पुरुष एवं महिला धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

---

# जल जीवन मिशन ग्रामीण पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**महेशपुर (पाकुड़):** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में मंगलवार को बीडीओ उमेश मंडल की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 29 अप्रैल से 15 मई तक मनाया जाने वाले इस कार्यशाला में बीडीओ ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं कर्मियों को अभियान के उद्देश्य, विभिन्न विभागों की सहभागिता, सहयोग एवं जिम्मेदारियों जैसे- ग्राम स्तर पर ठोस व तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, पेयजल का उचित उपयोग,जल गुणवत्ता परीक्षण पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यशाला में उपस्थित सभी पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने स्वच्छता की शपथ भी लिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ ने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मियों को बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत तीन मई को श्रमदान संग्रहण एवं पृथक्कीकरण का कार्य करना है। वही चार मई को स्वच्छता रैली एवं रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाना निर्धारित है।

पांच मई से 10 मई तक ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन अंतर्गत विभिन्न संरचनाओं का निर्माण करने का कार्य किया जाना है। 11 मई को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। 12 मई को विद्यालय स्तर पर स्वच्छता,ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।

13 मई को ओडीएफ प्लस गांव घोषित करने की पूर्व तैयारी की जानी है। 15 मई को गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने के साथ स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का समापन किया जाना है। उस दिन जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रखंड समन्वयक अमरेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड पंचायती राज समन्वयक सायम अख्तर के अलावे अन्य मौजूद थे।

मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस निरीक्षक ने

# लंबित कांडों के जल्द पूरा करने का दिया निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** पुलिस निरीक्षक प्रभु सहाय एक्का ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी की। मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस निरीक्षक ने बारी-बारी से थानों के लंबित कांडों, यूडी से संबंधित लंबित कांडों, पूर्व से तथा विगत माह तक के सभी प्रकार के लंबित व प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा करने के पश्चात उसके त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। अंतरराज्य अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का सख्त निर्देश दिया। गोष्ठी में फिरारियों की सूची तैयार कर सत्यापन करने, वारंटीओं की गिरफ्तारी करने, नियमित रूप से दिवा, संध्या और रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया। वही क्षेत्र में ईद शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर सभी थाना प्रभारी एवं पुलिसकर्मियों को बधाई भी दिया। शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिए। साथ ही अपने-अपने थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। जेल से मुक्त हुए अपराधियों जिनमें आर्म्स एक्ट, लूट, डकैती वाले अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश निर्देश दिया। अपने-अपने संबंधित थाना क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। मासिक अपराध गोष्ठी में महेशपुर थाना प्रभारी संतोष कुमार, उपस्थित थे।

---

**प्रदर्शन** ओलचिकी लिपि के विरुद्ध में एसएलसीए एसोसिएशन के नेतृत्व में

# सालखान मुर्मू और उनके समर्थकों का पुतला दहन किया

राष्ट्रीय खबर



**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड के श्रीरामगड़िया पंचायत भवन के सामने मंगलवार शाम को ओलचिकी लिपि के विरुद्ध में एसएलसीए (संताली लैंग्वेज एंड कल्चरल एसोसिएशन दुमका) के अध्यक्ष भूषण किस्कू के नेतृत्व में सालखान मुर्मू और उनके समर्थकों का पुतला दहन किया गया। इस संबंध में एसएलसीए के अध्यक्ष भूषण किस्कू ने बताया की ओलचिकी लिपि संताली भाषा के अनुरूप नहीं है, इस लिपि में कई अशुद्धियों के कारण संताली भाषा के शब्दो और वाक्यों के अर्थ का अनर्थ हो गया है। भाषाई आधार पर ओलचिकी संताली भाषा के लिए बिलकुल ही उपयुक्त नहीं हैं। संताली भाषा के कई भाषा विशेषज्ञ और भाषा विद्वानों का कहना है कि ओलचिकी लिपि विकलांग,अपंग बच्चे की तरह है। जो न सुन सकता है, न बोल सकता है, न चल सकता है, न सूंघ सकता है और न ही स्पर्श की अनुभूति ही कर सकता है। यह पूर्णरूप से असमर्थ बच्चे के समान है। भाषा विद्वानों का कहना है की ओलचिकी के समर्थक ओलचिकी को मात्र जीवित रखने के लिए वेंटीलेटर में रखने का काम कर रहे है। लेकिन निकट भविष्य में ओलचिकी की मृत्यु निश्चित है। ओलचिकी लिपि के निर्माणकर्ता रघुनाथ मुर्मू को शायद संताली भाषा के संबंध में ध्वनि विज्ञान और अक्षर विज्ञान में कोई पंडिताई हासिल नहीं थी। बल्कि अज्ञानतावश उन्होंने ओलचिकी के मात्र 30 ही अक्षरों को बना पाए थे। हालाकि ध्वनि विज्ञान के अनुसार संताली भाषा लिखने और पढ़ने के लिए 59 अक्षरों का होना अति अनिवार्य होता है। भविष्य में संताली भाषा बोलने वाले पीढियां अशुद्ध ओलचिकी लिपि के कारण संताली भाषा अशुद्ध और विकृत हो जाएगी। अतः एसएलसीए द्वारा झारखंड सरकार से मांग है की संताली भाषा की पढ़ाई लिखाई प्राथमिक स्तर से लेकर विश्वविद्यालयों तक देवनागरी लिपि में कराई जाए न की ओलचिकी लिपि में। ओलचिकी लिपि के निर्माणकर्ता रघुनाथ मुर्मू को संताली भाषा को शुद्ध-शुद्ध लिखने के लिए कितने स्वर और व्यंजनों की आवश्यकता पड़ती इतना भी ज्ञान उन्हें नही था। अब जो लोग उन्हें ह्यपंडितह्ल के रूप में संबोधित करते फिर रहे है। जरा ऐसे लोग यह स्पष्ट करे की उन्हें ह्यपंडितह्ल की उपाधि किस यूनिवर्सिटी ने प्रदान किया था। भूषण किस्कू ने ओलचिकी लिपि को बिना सिर पैर वाला अवैज्ञानिक और नियमरहित लिपि बताया। उन्होंने यह भी कहा की अगर ओलचिकी लिपि द्वारा संताली भाषा को शिक्षण संस्थानों में पठन-पाठन चलता रहा तो आने वाले भविष्य में संताली भाषा की खूबसूरती कुरुपता और विकृतियों में बदल जायेगी। भविष्य में संताली भाषा बोलने वाली पीढियां अशुद्ध लिपि के कारण संताली भाषा की मूलता ही किसी अंधेरे युग में खो जायेगी।

# औचक निरीक्षण में 57 शिक्षक पाए गए अनुपस्थित, 3 की हुई निलंबन



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** उपायुक्त श्री वरुण रंजन के निर्देशानुसार बुधवार को जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों की 20 टीमों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित 57 शिक्षकों का आज का वेतन स्थगित करने का आदेश दिया गया और 3 शिक्षकों को निलंबित करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही हैं। पाकुड़ शहरी क्षेत्र स्थित विद्यालयों का उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर के द्वारा, अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित के द्वारा महेशपुर प्रखंड स्थित विद्यालयों, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री प्रमोद कुमार दास के द्वारा लिट्टीपाड़ा प्रखंड स्थित विद्यालयों का, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के द्वारा पाकुड़ प्रखंड स्थित विद्यालयों, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री आशुतोष के द्वारा हिरणपुर प्रखंड स्थित विद्यालयों एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा भी औचक निरीक्षण किया गया। जिला स्तरीय, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा विद्यालयों में इन सभी चीजों की जांच की गई आज उच्चत्तर माध्यमिक, माध्यमिक, मध्य व प्राथमिक विद्यालयों की जाँच आज 20 टीमों द्वारा किया गया।

## शहर >> अपडेट

### टेम्पो और मोटर साइकिल की टक्कर में दो युवक घायल

**कोडरमा:** जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत मारुति चौक के समीप बुधवार की दोपहर बजे टेम्पो और मोटर साइकिल की टक्कर मे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान कुंदन कुमार सिंह (उम्र 25 वर्ष, पिता छोटन सिंह ग्राम घरगांव) और देवनारायण दास (उम्र 30 पिता बहादुर दास, ग्राम काराखूट) के रूप में हुई है।

## सिटी अपडेट्स >>

### कंटेनर से टकरायी कार, एक बच्चे की मौत, 8 लोग घायल

**कोडरमा:** बुधवार की सुबह जिले के चंदवारा में कंटेनर से कार की टक्कर में एक बच्चे की मौत हो गयी, वहीं 8 लोग घायल हो गए। चंदवारा थाना के पुलिस लाइन के समीप करीब 9 बजे कार संख्या एमएच 04 जेबी 7818 की आगे चल रहे कंटेनर वाहन में जोरदार टक्कर हो गई। इस दौरान कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार पर सवार एक बच्चे की मौत हो गई, वहीं 3 महिला और 4 पुरुष और एक 5 वर्षीय बालक घायल हो गए। कार पर सवार सभी लोग झारखंड धाम से एक शादी समारोह से कांको पिंडारो लौट रहे थे।

### कार्यशाला सह उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**मरकच्चो:** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण प्रशिक्षण पेयजल एवम स्वच्छता समिति कोडरमा की पहल पर 3 मई को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड स्तरीय कार्यशाला में आए मुखिया, जलसहिया एवम सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण अपने अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 29 अप्रैल से 15 मई तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की बात कही गई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### डीपीएमयू की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**कोडरमा:** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिले में चल रहे नवाचार गतिविधियों को लेकर डीपीएमयू सदस्यों के साथ समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिले में चल रहे सभी गतिविधियों के नामित अधिकारियों व पीएमयू सदस्यों से उक्त प्रोजेक्ट्स में हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गयीं एवं विकास कार्यों को लेकर उचित दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उपायुक्त महोदय द्वारा सभी गतिविधियों जैसे कि प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, नगर परिषद् झुमरी तिलैया क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा प्रखंड परिसर में लाइबेरी-कम-रिडिंग रुम, प्रोजेक्ट किलकारी, आयुष्मान भारत, टेलीमेडिसिन कोडरमा, डीईजीएस आदि समेत अन्य नवाचार गतिविधियों पर जानकारी लिए गए एवं अपडेट हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### ट्रेन में कुत्ते-बिल्ली ले जाने वाले भी ऑनलाइन बुक कर सकेंगे

**झुमरीतिलैया:** यात्रीगण कृपया ध्यान दें। यदि आप ट्रेन में सफर कर रहे हो और आपको अपने साथ फालतु कुत्ता बिल्ली को भी सफर कराना चाहते हैं तो इसके लिए रेलवे ने एसी सहित एलएलबी कोच में इस व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो मई माह में ही इस व्यवस्था का लाभ यात्री के साथ-साथ उनका निजी बिल्ली कुता भी ट्रेन में सफर कर सकते है। मालूम हो कि ट्रेन के एसी फर्स्ट (वातानुकूलित प्रथम श्रेणी) में पालतू (कुत्ता और बिल्ली) की बुकिंग भी ऑनलाइन होगी। यात्री टिकट की तरह इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन (आइआरसीटीसी) की वेबसाइट पर पालतू का भी टिकट बनेगा।

**बैठक**

### मारवाडी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा की बैठक

# 14 मई को मदर्स डे सेलिब्रेशन करने का निर्णय

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** मारवाडी युवा मंच की ईकाई प्रेरणा शाखा की एक बैठक बुधवार को ब्लॉक रोड स्थित शाखा की उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया के कार्यालय सभागार में हुई। बैठक की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद अप्रैल माह में हुए कार्यक्रम की समीक्षा की गई और मई माह में शाखा के द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा कि प्रेरणा शाखा का उद्धेश्य समाज सेवा है और इस सत्र की यह पहली बैठक है। सभी सदस्यों व पदाधिकारियों से अपील है कि वे मारवाडी युवा मंच के द्वारा चलाये जा रहे बेटी बचाओ बेटी बचाओ अभियान कन्या भ्रूण संरक्षण पर्यावरण स्वास्थ्य, स्वच्छता रक्त दान सहित राष्ट्र व्यापी राज्य व्यापी एवं स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी सहभागिता तन-मन-धन के साथ करें। वहीं सचिव सारिका लडढा ने कहा कि युवा शक्ति और महिला शक्ति के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित होने हैं। समाज के अंतिम पैदान तक के लोगो को लाभ पहुँचाने के लिए प्रेरणा शाखा सार्थक प्रयास करेगें। वहीं बेटी बचाओ बेटी पढाओं के तहत एक कन्या को इस माह उसके कॉपी किताब एवं स्कूल की फीस देने का निर्णय लिया गया है। 5 मई को गौशाला में गौ आहार कार्यक्रम एवं 14 मई को मदर्स डे सेलिबेशन का आयोजन किया जायेगा। बैठक में कोषाध्यक्ष सीए गुंजन अग्रवाल ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मई माह में नेकी की दीवार आनंद सबके तहत कार्यक्रम केरियर काउसलिंग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मई माह में शाखा के पदाधिकारियों व सदस्यों के शादी के सालगिराह एवं जन्मदिन को लेकर केक काटा गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष शालु चौधरी, नेहा हिसारिया, प्रिंयका अग्रवाल, काजल गुप्ता, स्वेता गुटगुटिया, नीतु अग्रवाल, अनु संघई, शीतल पोददार, दीपा गुप्ता, प्रीति गुटगुटिया, आदि उपस्थिति थे।



## मृतक के परिजनों को शीघ्र मिलेगा सरकारी लाभ: डीसी

राष्ट्रीय खबर

**गुमला:** बीती रात जारी थाना क्षेत्र में अनियंत्रित पिकअप के पलटने से हुई दुर्घटना में हताहतों के प्रति उपायुक्त सुशांत गौरव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के बेहतर उपचार हेतु गुमला सदर अस्पताल को आवश्यक निर्देश दिए हैं। वहीं इस दुर्घटना में जिन 4 लोगों की मृत्यु हुयी है उनके परिजनों को नियमानुसार सभी सरकारी लाभ यथाशीघ्र देने के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिया है। डुमरी बीडीओ एकता वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार रात लगभग 8:45 बजे अनियंत्रित एवं ओवरलोड पिकअप के पलटने से चार लोगों की मौत हो गई थी तथा 27 लोग घायल हो गए थे। 8:50 बजे ही ही थाना प्रभारी के द्वारा उन्हें सूचना मिली और 9:00 से 9:15 के बीच वहां पहुंच गयीं तथा तथा अगले आधे घंटे में ही अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सभी हताहतों को वहां से डुमरी सीएचसी लाया गया। जिन 9 लोगों की स्थिति गंभीर थी उन्हें प्राथमिक चिकित्सा के बाद गुमला सदर अस्पताल रिफर कर दिया गया। शेष को कुछ देर के लिए ऑब्जरवेशन में रखकर उनके घर भेज दिया गया। घायलों का सदर अस्पताल में बेहतर इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर बीडीओ सह सीओ डुमरी, जारी बीडीओ चैनपुर, सीओ चैनपुर तथा स्थानीय डॉक्टरों की पूरी टीम मौजूद थी। इस दौरान प्रखंड स्तरीय चिकित्सकों, बीपीएम, सीएचओ, जीएनएम, एएनएम आदि की भूमिका सराहनीय रही। सभी ने मिलकर दुर्घटना के 1 घंटे के अंदर अर्थात गोल्डन आवर में तत्परता दिखाई जिससे कारण कई अन्य लोगों की जान बच सकी।

## 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का मुख्यमंत्री ने किया ऑनलाइन उद्घाटन



एजेंसियां

**कोडरमा:** आदर्श विद्यालय योजना अंतर्गत संचालित 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाइन उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में से 3 विद्यालय कोडरमा जिला से शामिल हैं, जिसका ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इनमें सी.डी बालिका उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया, सी.एम प्लस 2 उच्च विद्यालय डोमचांच एवं कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय जयनगर शामिल हैं। आदर्श विद्यालय योजना अंतर्गत संचालित 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के ऑनलाइन उद्घाटन के लाइव प्रसारण में उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल समेत अन्य अधिकारी और बच्चे उपस्थित थे। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन भरे जाएंगे और सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुसार एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों से विद्यालय में पठन-पाठन सुनिश्चित किया जायेगा। उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 6 से बारहवीं तक के पठन-पाठन तथा कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के कला विज्ञान, वाणिज्य संकाय के पठन-पाठन की व्यवस्था, विद्यालय में आईसीटी लैब की उपलब्धता, विद्यालय के सभी कक्षा में स्मार्ट क्लासेस है और व्यवसायिक शिक्षा की उपलब्धता के साथ-साथ विद्यालय में सुसज्जित प्रयोगशाला की व्यवस्था है।समारोह में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुभाष यादव, एडीपीओ शिव मल्लिक, ईडीएम राजदेव महतो, एपीआरओ अविनाश कुमार समेत प्रधानाचार्य शिक्षकगण और छात्राएं मौजूद रहे।

## मयूरी चैताली कॉलेज के अधिकारियों ने चलाया जनसंपर्क अभियान



एजेंसियां

**गुमला :** मयूरी चैताली कॉलेज गुमला लोहरदगा के अधिकारी एवं सदस्यों ने गुमला सिसई भंडरा एवं सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कई गांव का दौरा किया और मयूरी ट्रस्ट के द्वारा संचालित कॉलेज में ु.ी सहित इंटर बीए,एमए के क्लास के लिए नामांकन कराने की अपील की।जनसंपर्क अभियान में मयूरी चैताली कॉलेज गुमला, लोहरदगा झारखंड के डिप्टी डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता,मयूरी ट्रस्ट के सचिव चैताली सेनगुप्ता, समाजसेवी अरुण साहू, दामोदर सिंह, देवी साहू, रामकुमार साहू, अनिल कुमार गुप्ता, सुनील गूप्ता,मंगल उरांव,धाना साहू, मोहिता गुप्ता,मंजू गुप्ता,बंशी राम केवट,भंजन ठाकुर, बसंत कुमार गुप्ता, हरिहर जायसवाल, संजय मिंज,रवि साहू, संतोष कुमार साहू आदि उपस्थित थे। श्री गुप्ता ने बताया कि मयूरी चैताली कॉलेज में बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए फार्म भरा जा रहा है।सीट लिमिट है। छात्रवृत्ति सुविधा उपलब्ध है। गुमला, लोहरदगा पलामु रांची,खुटी सिमडेगा जिला के साथ ही झारखंड राज्य के अन्य जिले एवं अंतर राज्य के बीएड के स्टूडेंट भी प्रवेश परीक्षा में भाग ले सकते हैं। वैसे छात्र15मई2023 विलंब शुल्क के साथ प्रवेश परीक्षा की फार्म भर सकते हैं। स्टुडेट कॉलेज के हेल्पलाइन नंबर पर भी संपर्क कर जल्द फार्म भर कर अपना सीट बुकिंग कर सकते हैं

## एसएस पब्लिक स्कूल में आज क्विज प्रतियोगिता



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा:** सदर प्रखंड स्थित एसएस पब्लिक स्कूल में आज गणित विषय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर के दसवीं दसवीं तक के बच्चों ने भाग लिया क्विज मास्टर का कार्य निशा वर्मा और सलोनी कुमारी ने किया क्विज को लेकर बच्चे काफी उत्साहित थे और इसमें बढ़ चढ़कर भाग लिया क्विज प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों में क्लास नर्सरी के बच्चे प्रथम -अनीश उरांव, अहयान राजा, अंकित उरांव तथा एलकेजी द्वितीय स्थान पर -उर्वी इशिका कुजुर, सुमैरा परवीन, वंश राज भगत, तथा यूकेजी तीसरे स्थान पर- रूद्र कुंवर, सृष्टि कुमारी, कृष्णा कुमार । कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों में से कक्षा 1 प्रथम- प्रीतम उरांव अविका लकड़ा, राजकुमार शर्मा। तथा कक्षा 2 के बच्चे द्वितीय स्थान- आयुष भगत, भास्कर राज अमर कुजूर कक्षा 3 के बच्चे तीसरे स्थान पर -पृथ्वी राज उरांव, ईशाल वर्मा, शुभम राज उरांव।

# माओवादी के नाम पर लेवी मांगने के आरोपियों को 5 साल सश्रम कारावास

- 323 आईपीसी में दोषी पाते हुए 6 माह की सजा सुनाई
- सभी 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया
- कर्मियों के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपियों को सजा सुनायी है
- बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता बाचनदेवनाथ आर्या ने दलीलें पेश की

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** सतगावां थाना कांड संख्या 51/15 की सुनवाई करते हुए बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने माओवादी संगठन के नाम पर लेवी मांगने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने एवं कर्मियों के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपियों को सजा सुनायी है। आरोपियों संतोष कुमार उर्फ संतोष रजक (35, पिता राजेश प्रसाद) एवं केदार यादव (39, पिता स्वर्गीय परमेश्वर महतो) सतगांवा निवासी के मामले की सुनवाई के पश्चात दोषी पाते हुए 5-5 साल सश्रम कारावास एवं 2-2 हजार जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 3 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी। न्यायालय ने 148 आईपीसी व 17 सीएलए में दोषी पाते हुए 2 साल की सजा सुनाई। वही 323 आईपीसी में दोषी पाते हुए 6 माह की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता बचनदेवनाथ आर्य ने दलीलें पेश की। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

**क्या है मामला**

गार्डवाल निर्माण कार्य में लगे डंपर चालक सुग्गी महतो ने सतगावां थाना में दिया आवेदन में कहा था कि दिनांक 7 जून 2015 को निर्माण कार्य होने के बाद रात्रि गरीबी रजक के मकान में हम सभी 5-6 कर्मचारी एवं मजदूर छत पर सोए थे।

रात्रि करीब 12:00 बजे 5-6 की संख्या में लोग आए, जिसमें तीन वर्दी पहने हुए थे और तीन सिविल ड्रेस में थे। एक के हाथ में रिवाल्वर एवं अन्य के हाथ में बड़ा हथियार था। उन लोगों ने हम लोगों का हाथ बांध दिया और साथ चलने को कहा। टेहरो नदी के पास पहुंचने पर उन लोगों से पूछा कि ठेकेदार कौन है, मुंशी कौन है। उसके बाद उन लोगों ने लाठी- डंडा एवं पत्थर से जमकर मारपीट करने लगा और कहा कि बिना लेवी दिए काम नहीं करोगे। मारपीट करने से जब वे लोग गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। सभी मारपीट करने वाले उन सभी को नदी के किनारे छोड़ कर भाग गये। होश आने पर सुबह उनके द्वारा थाना में आकर मामला दर्ज कराया गया।

## न्यूज फटाफट

### लंबित आईटी के मामलों का शीघ्र निष्पादन करें: एसपी



**गुमला:** पुलिस अधीक्षक, गुमला की अध्यक्षता में पुलिस निरीक्षक, गुमला, बसिया, चैनपुर अंचल एवं थाना प्रभारी, गुमला के साथ आईटी एक्ट के लंबित कांडों का समीक्षा किया गया। समीक्षा के क्रम में उन्होंने पदाधिकारियों को सभी लंबित आईटी एक्ट के कांडों का त्वरित अनुसंधान करते हुए निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने थाना प्रभारियों को आईटी एक्ट से संबंधित कांडों के संबंध में संबंधित बैंक के पदाधिकारियों के साथ बैठक करने तथा बैठक संबंधी प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया है। बैठक में थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में साईबर ठगी के संबंध में गांवों में जाकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। थाना प्रभारी को बैंक इत्यादि जगहों पर शहरी एवं ग्रामीण संवेदनशील स्थानों पर क्यूआर कोर्ड बेस्ड पेट्रोलिंग प्रारंभ करने तथा सुचारू रूप से जारी रखने का निर्देश दिया भी दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बैंक के पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान संबंधित मॉक ड्रिल करेंगे तथा फोटो सहित प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया ।

### उपायुक्त से मिलेंगे झारखंड नवनिर्माण दल के नेता

**गुमला:** झारखंड नवनिर्माण दल के नेताओं ने गुमला में गहराती पेयजल समस्या का समाधान कराने की मांग को लेकर 4 मई 2023 को गुमला उपायुक्त से मुलाकात करेंगे । विदित हो कि 4 मई को झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा गुमला में धरना का कार्यक्रम आयोजित की गई थी, जिससे अपरिहार्य कारणों से फिलहाल स्थगित कर दी गई है। लेकिन गर्मी और जिले में पेयजल संकट को देखते हुए उपायुक्त से मिलकर पेयजल संकट को दूर करने की मांग रखेंगे । पेयजल समस्या का हल नहीं होने की स्थिति में पेयजल व स्वच्छता विभाग के विरुद्ध आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी । नल जल योजना के तहत पेयजल व स्वच्छता विभाग गुमला द्वारा बरती जा रही अनियमितता व भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की भी मांग उपायुक्त से दल के नेताओं द्वारा की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी।

### टिंकू महतो को लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया



**कुडू:** प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी जागरूकता अभियान के प्रदेश अध्यक्ष राहुल कुमार दुबे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अनित कौशिक, राष्ट्रीय महासचिव तथा प्रदेश संयोजक सच्चिदानंद उपासने जी के सहमति से लोहरदगा जिला निवासी टिंकू महतो को लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री डॉआदित्य साहू , डॉ प्रदीप वर्मा, उपेंद्र रजक ,वसंत दास ,हेमंत दास, किसलय तिवारी ,लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, संजय चौधरी, सुदामा प्रसाद ,नवीन कुमार टिंकू, राजू रजक ,सरजू कुमार साहू आदि ने बधाई देते हुए कहा कि टिंकू महतो के मनोनयन से प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी जागरूकता अभियान के प्रचार प्रसार में तेजी आएगा।

### खेत मे बकरी जाने पर उत्पन्न विवाद में वृद्ध ने युवक पर टांगी से किया हमला, युवक घायल



**कुडू :** लोहरदगा :कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत बढकी चापी पंचायत के पिलपिलिया गांव में मंगलवार की सुबह खेत में बकरी में लगे फसल खा जाने को लेकर उतपन्न विवाद में खेत के मालिक ने एक युवक पर टांगी से हमला कर घायल कर दिया। इसमें युवक गम्भीर रूप से जख़्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पिलपिलिया गांव निवासी संतोष लोहरा 25 पिता फूलचंद लोहरा अपने घर के समीप करंज का फल चुन रहा था, तभी हाथ मे टांगी लेकर वहां पहुंचा गांव का ही 62 वर्षीय बुजुर्ग गनुवा लोहरा ने संतोष को खेत मे लगे फसल को अपनी बकरी से चरा देने की बात कहते हुए टांगी से हमला कर दिया। जिससे उसके सर से खून बहने लगा और वे वहीं गिर गया। साथ ही गनुवा लोहरा पूरे परिवार को भी मारने की धमकी देने लगा। जिसके बाद परिवार के बाकी सदस्य डर कर घर छोड़कर भाग गए। कुछ देर बाद जख़्मी हालत में जमीन पर बेहोश पड़े संतोष को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया जहां अभी उसका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार घटना को लेकर परिवार के सदस्यों द्वारा कुडू पुलिस को लिखित सूचना दी गयी है।

### अनियंत्रित होकर पलटी जीप, आधा दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना



**कुडू :** लोहरदगा चंदवा शंख लुकैया पथ में बुधवार 3 मई की दोपहर एक जीप अनियन्त्रित होकर पलट गई। इस हादसे में जीप में सवार करीब आधा दर्जन लोगों को घायल होने की सूचना है। मिली जानकारी के अनुसार जीप न. सीजी 15जेडबी - 1026 चंदवा की ओर लोहारदगा जा रहा था तभी जरियो गांव के समीप ये हादसा हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को दूसरे वाहन में बिठाकर इलाज के लिए लोहरदगा के किसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### प्रखण्ड सह अंचल परिसर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया



**कुडू:** कुडू प्रखण्ड अन्तर्गत प्रखण्ड परिसर मे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत आज प्रखण्ड सह अंचल परिसर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमे कुडू प्रखंड प्रमुख मुनी देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कुडू मनोरंजन कुमार, अंचल अधिकारी कुडू प्रवीण कुमार सिंह, पीएचईडी जेई सुमन कुमार, एसएम कुडू, कई पंचायत के मुखिया जी, जलसहिया दिदी तथा स्वंय से वी उपस्थित हुए।

## न्यूज फटाफट

### पहलवानों से मिलने पहुंची पीटी उषा



**नयी दिल्ली:** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों से बुधवार को मुलाकात कर उन्हें समर्थन देते हुए कहा कि वह एक प्रशासक होने से पहले एक एथलीट हैं। उल्लेखनीय है कि 'पय्योली एक्सप्रेस' उषा ने अपने हालिया बयान में पहलवानों के विरोध प्रदर्शन को अनुशासनहीनता बताया था जिसके लिये उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा था। पिछले हफ्ते आईओए की कार्यकारी समिति की बैठक के बाद उषा ने कहा था, '' पहलवानों का सड़कों पर प्रदर्शन करना अनुशासनहीनता है और इससे देश की छवि खराब हो रही है। '' उषा के प्रदर्शन स्थल से जाने के बाद ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया ने कहा कि उन्होंने पहलवानों को हर तरह की सहायता का आश्वासन दिया है। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले बजरंग ने मीडिया से कहा, '' पहले जब उन्होंने वह बात कही थी तब हमें बुरा लगा था लेकिन उन्होंने बताया कि उनकी बातों का गलत मतलब निकाला गया था। उन्होंने हमसे कहा कि वह एक प्रशासक होने से पहले एक एथलीट हैं। '' बजरंग ने कहा, '' हमने उन्हें बताया कि हमें न्याय चाहिये। हमारी सरकार या विपक्ष या किसी और से कोई लड़ाई नहीं है। हम कुश्ती की बेहतरी के लिये यहां बैठे हैं। अगर यह मुद्दा हल हो जाता है और अगर (बृजभूषण शरण सिंह पर लगे) आरोप सिद्ध हो जाते हैं तो कानूनी कार्रवाई होनी चाहिये। '' पूनिया ने पुष्टि की कि उषा सरकार या आईओए की ओर से कोई प्रस्ताव लेकर नहीं आयी थीं। उन्होंने कहा, '' उन्होंने सिर्फ यह कहा कि वह हमारे साथ हैं।

## स्वीकृति

### अंतिम ओवरों में उन्हें लय हासिल कर लेना चाहिए था

# मैं हार की जिम्मेदारी लेता हूं : हार्दिक

▸▸ टाइटन्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 32 रन पर चार विकेट गंवा दिए

एजेंसियां



**अहमदाबाद:** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने दिल्ली कैपिटल्स के हाथों मिली पांच रन की हार की जिम्मेदारी लेते हुए मंगलवार को कहा कि अंतिम ओवरों में उन्हें लय हासिल कर लेना चाहिए था। कैपिटल्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए मात्र 23 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद अमन हाकिम खान (51) के अर्द्धशतक की मदद से 130 रन बनाए। इसके जवाब में मेज़बान टीम 125 रन तक ही पहुंच सकी। पांड्या ने आज मैच के बाद कहा, मैंने अंत में कोशिश की लेकिन मैं काम पूरा नहीं कर सका। उनके गेंदबाजों को इस जीत का श्रेय जाता है, और मैं इस हार की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।

टाइटन्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 32 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद पांड्या ने अभिनव मनोहर के साथ मिलकर पारी को संभाला और दोनों के बीच 61 रन की साझेदारी हुई। पांड्या 53 गेंद पर 59 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन अपनी टीम को जीत तक नहीं ले जा सके। पांड्या ने कहा, हमें उम्मीद थी कि मध्य ओवरों में ज्यादा रन बना सकेंगे लेकिन हम लय हासिल नहीं कर सके। अभिनव भी उस समय क्रीज पर आए ही थे। अंत में सारी बात इसपर आकर रुक जाती है कि मैं मैच को खत्म नहीं कर सका। टाइटन्स को अंतिम दो ओवरों में 33 रन की दरकार थी। राहुल तेवतिया 19वें ओवर में तीन छक्के जड़कर टाइटन्स को जीत के करीब लाए, लेकिन इशांत शर्मा ने उन्हें आखिरी ओवर में आउट कर दिया। टाइटन्स को आखिरी दो गेंदों पर नौ रन चाहिए थे लेकिन क्रीज पर नए-नए उतरे राशिद खान तीन रन ही बना सके। इससे पहले, मोहम्मद शमी ने चार ओवर में 11 रन के बदले चार विकेट चटकाकर कैपिटल्स को 130 रन पर रोका था। पांड्या ने कहा, उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। राहुल हमें मैच में वापस लेकर आए, वरना हम बहुत पीछे थे। हम यह मैच हारे क्योंकि मैं लय हासिल नहीं कर सका। पांड्या ने शमी की गेंदबाजी पर कहा, मुझे उसके लिए बुरा लग रहा है। अगर आप इस तरह की गेंदबाजी करके टीम को 129 पर रोक देते हैं और फिर भी जीत नहीं पाते हैं, तो इसका मतलब है कि बल्लेबाजों ने निराश किया। हम इस मैच से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे। ये सब चीजें होती रहती हैं, यही आईपीएल की खूबसूरती है। हम अब भी तालिका में शीर्ष पर हैं लेकिन हमें अब भी अच्छी क्रिकेट खेलने की जरूरत है।

### कंधे की चोट के कारण उनादकट आईपीएल से बाहर



**लखनऊ:** लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट बाएं कंधे की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के आने वाले मैचों से बाहर हो गए हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो की ओर से बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, सुपर जायंट्स ने बीसीसीआई की मेडिकल टीम से सलाह के बाद उनादकट को रिलीज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि रविवार को नेट्स में अभ्यास सत्र के दौरान उनादकट नेट को ऊपर रखने वाली रस्सी में पांव फंसने के कारण गिर गए जिससे उनके कंधे में चोट आई थी। उनादकट के सात जून को होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले फिट होने की उम्मीद की जा रही है, जहां भारत को ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है।

## खेल जगत अपडेट्स »

### पाटीदार ने करवाई एड़ी की सर्जरी



**बेंगलुरु:** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बल्लेबाज रजत पाटीदार ने एड़ी की सर्जरी करवा ली है और वह पूरी तरह फिट होने की राह पर हैं। बल्लेबाज ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। पाटीदार ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, ''मैंने हाल ही में एक चोट की सर्जरी करवाई है जिसके कारण मैं कुछ समय से परेशान चल रहा था, लेकिन मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि सर्जरी सफल रही। मैं ठीक होने की राह पर हूं! प्रार्थनाओं के लिए आप सभी का धन्यवाद।'' आरसीबी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, ''सफल सर्जरी के बारे में सुनकर अच्छा लगा, रा-पा (रजत पाटीदार)।

### करीब दस साल बाद वहां पहुंचे सुनील सिंह

# अब धुर्वा क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे किस्म का खेला होबे

▸▸ स्मृति कप क्रिकेट के लिए आवेदन

▸▸ दोनों अमिताभ चौधरी के विरोधी हैं

▸▸ अब समीकरण भी बदल चुके हैं वहां

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** धुर्वा स्थित झारखंड स्टेट क्रिकेट स्टेडियम का तापमान अचानक तब बढ़ गया जब रांची जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव सुनील कुमार सिंह वहां पहुंचे। उनके साथ आदित्य वर्मा भी थे। दोनों को इस क्रिकेट संघ के कर्ता धर्ता अमिताभ चौधरी का कट्टर विरोधी माना जाता है। इनमें से आदित्य वर्मा भारतीय क्रिकेट में सट्टेबाजी के मामले में दुनिया भर में चर्चित हैं। उनकी वजह से बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवासन को अपने पद से हटना पड़ा था।

इन दोनो के अचानक वहां पहुंचने से जेएससीए में उपेक्षित चल रहे कई लोग अंदर ही अंदर प्रसन्न हुए जबकि अमिताभ चौधरी की कृपा से स्टेडियम में कर्ता धर्ता बने लोगों में से अनेक के दिलों की धड़कन तेज हो गयी है। बता दें कि दोनों लोग गत एक मई को स्टेडियम पहुंचे थे। ऐसा तब हुआ जबकि सुनील सिंह ने ही इस स्टेडियम के लिए गत 25 जून 2009 को स्टेडियम निर्माण का भूमि पूजन सुनील कुमार सिंह ने ही किया था और 25 मई 2013 को एजीएम में चुनाव लड़ने के बाद उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था।

उस वक्त इस क्रिकेट एसोसियेशन में अमिताभ चौधरी का हुक्म ही संघ का संविधान बन गया था। दरअसल उस काल के खेल मंत्री सुदेश महतो को क्रिकेट संघ के चुनाव में पराजित करने के बाद अमिताभ चौधरी ने अपना एकछत्र राज स्थापित कर लिया था। उन्हें चुनौती देना इसलिए कठिन था क्योंकि उन्होंने अपनी पसंद से अनेक पुलिस अफसरों को इसका सदस्य बनाया था और बहुमत हमेशा उनके पास रहता था। विरोध करने वालों को वह किसी न किसी बहाने बाहर का रास्ता दिखा देते थे। अब उनके निधन केबाद माहौल बदला है जबकि उस वक्त पुलिस सेवा में रहने वाले अनेक लोग अब सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। श्री सिंह और आदित्य वर्मा ने हाल ही में तमाम पूर्व क्रिकेट प्रशासकों और खिलाड़ियों के सम्मान में एक स्मृति कप क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन का एलान किया है। इसी स्मृति कप क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन के लिए स्टेडियम का आवंटन कराने के लिए उन्होंने आवेदन दिया। सुनील कुमार सिंह के साथ मशहूर क्रिकेट प्रशासक आदित्य वर्मा में थे। इससे वहां का तापमान बढ़ गया। पूरे 9 साल 340 दिन बाद जब सुनील कुमार सिंह स्टेडियम पहुंचे तो बताया गया कि अध्यक्ष और सचिव मौजूद नहीं हैं। फिर ऑफिस में आवेदन जमा कराया और पावती पाई। इस दौरान आदित्य वर्मा ने जेएससीए सचिव पिंटू दा से टेलीफोन पर बात की और स्टेडियम उपलब्ध कराने का आग्रह किया। दोनों लगभग दो घंटे तक जेएससीए में रहे, इस दौरान उन्होंने लंच लिया और झारखंड क्रिकेट से जुड़े कई पदाधिकारियों व सदस्यों से मुलाकात की। कई ने तो दिल खोलकर स्वागत किया वहीं कुछ लोग कन्नी काटते नजर आए और कुछ लोगों के सीने पर सांप भी लोटते रहे।

## चेन्नई के खिलाफ लखनऊ पहले करेगी बल्लेबाजी



एजेंसियां

**लखनऊ :** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में टास जीत कर लखनऊ सुपर जायंट्स को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। इकाना स्टेडियम पर बारिश के कारण आउटफील्ड गीली होने के कारण टास में विलंब हुआ। पहले गेंदबाजी के फैसले पर धोनी ने कहा कि टीम में एक बदलाव किया गया है। दीपक चाहर को आकाश सिंह के स्थान पर अंतिम एकादश में जगह दी गयी है। के एल राहुल की चोटिल होने के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी कृणाल पांड्या को सौंपी गयी है। उन्होने कहा कि राहुल की अनुपस्थिति निश्चित तौर पर टीम को खलेगी वहीं जयदीप उनादकट भी कंधे की चोट के कारण नहीं खेल रहे हैं। उन्होने कहा कि टास जीतने की सूरत में वह पहले बल्लेबाजी का ही चुनाव करते। मनन वोहरा और करन शर्मा को टीम में जगह दी गयी है। टीम आत्मविश्वास से लबरेज है।

## नीतू कपूर के साथ नाटू-नाटू गाने पर पद्मिनी कोल्हापुरी ने किया डांस



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू कपूर और पद्मिनी कोल्हापुरी ने सुपरहिट फिल्म आरआरआर के गाना नाटू नाटू पर डांस किया है। नीतू कपूर और पद्मिनी कोल्हापुरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों एक साथ आरआरआर के गाने 'नाटू-नाटू' पर डांस करती नजर आ रही हैं। शेयर किए गए वीडियो में पद्मिनी और नीतू किसी के घर पर हैं। इस दौरान नीतू ब्लैक ब्लैक एंड व्हाइट फॉर्मल लुक में नजर आ रही हैं। वहीं पद्मिनी ने ब्लू टॉप और ब्लैक ट्राउजर पहना है। वीडियो शेयर करते हुए पद्मिनी ने कैप्शन में लिखा, ''मेरी पसंदीदा नीतू कपूर के साथ नाटू-नाटू गाने पर डांस।'पद्मिनी और नीतू के इस वीडियो को देखकर फैंस रिएक्शन दे रहे हैं।

## मुनव्वर का नया गाना 'नूर' रिलीज

एजेंसियां



**मुंबई:** गायक मुनव्वर का नया गाना नूर रिलीज हो गया है। मुनव्वर अपने नवीनतम अल्बम मदारी से 'नूर' नामक एक और दिल को छू लेने वाले रोमांटिक नंबर के साथ वापस आ गए हैं। गाने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, ''यह गाना हमें एक तरफा प्यार की खूबसूरती को दिखाता है और यह भी कि कैसे किसी को एक ही समय में इतनी सारी भावनाओं को महसूस करवा सकता है।

पॉप और रोमांस का फ्यूज़न, 'नूर' मेरा पसंदीदा नंबर है।'' मुनव्वर ने कहा, '''नूर' के बोल वास्तव में नए हैं और मुझे उम्मीद है कि दर्शक वास्तव में इसका आनंद लेंगे। यह सरल और सुंदर कविता है जो तुरंत दिल से जुड़ जाती है। यह गाना उन सभी के लिए है जो अपने चाहने वालों को कुछ खास समर्पित करना चाहते हैं।'' मुनव्वर द्वारा लिखित, रिज शाईन द्वारा निर्मित और मुनव्वर और चरण द्वारा रचित, 'नूर' मुनव्वर के ऑफिशल यूट्यूब पेज पर उपलब्ध है।

## गुलशन देवैया और सैयामी खेर की फिल्म 8एएम मेट्रो का ट्रेलर रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता गुलशन देवैया और अभिनेत्री सैयामी खेर की फिल्म 8एएम मेट्रो का ट्रेलर रिलीज हो गया है। राज राचकोंडा निर्देशित फिल्म 8एएम मेट्रो के ट्रेलर में दिखाया गया है कि गुलशन देवैया और सैयामी खेर रोजाना 8 बजे की मेट्रो ट्रेन में सफर करते हैं और उनके बीच दोस्ती हो जाती है।गुलशन देवैया ने सोशल मीडिया पर फिल्म का ट्रेलर शेयर किया है।

ट्रेलर शेयर करते हुए गुलशन ने लिखा, कभी-कभी एक सिंपल सी लगने वाली मेट्रो राइड भी हमें किसी ऐसी जगह पर पहुंचा सकती है जहां से वापस आना आसान नहीं होता। इन दो अजनबियों की कहानी देखिए जिनकी दोस्ती 8 एएमकी मेट्रो में साथ सफर करने से होती है। राज राचकोंडा और किशोर गंजी फिल्म 8 एएम मेट्रो के प्रोड्यूसर हैं। फिल्म में गुलजार की कविताओं का इस्तेमाल किया गया है। मार्क के रॉबिन का म्यूजिक है और जोनिता गांधी, जुबिन नौटियाल, जावेद अली और विशाल मिश्रा का म्यूजिक है। यह फिल्म 19 मई को रिलीज होगी।

## श्रीनिवास बेलमकोंडा और नुसरत भरूचा की फिल्म 'छत्रपति' का ट्रेलर रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** श्रीनिवास बेलमकोंडा और नुसरत भरूचा की फिल्म ह्यछत्रपतिह्न का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म छत्रपति से श्रीनिवास बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में नुसरत भरूचा की भी अहम भूमिका है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। श्रीनिवास बेलमकोंडा ने कहा, ''छत्रपति मेरे लिए कई मायनों में एक खास फिल्म है। वीवी विनायक ने मुझे मेरे तेलुगु डेब्यू में निर्देशित किया था और अब वह मेरे बॉलीवुड डेब्यू के भी निर्देशक हैं, जो इस सहयोग को और भी अहम बनाता है। हम दर्शकों के सामने इसे पेश करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते।'' नुसरत भरुचा ने कहा, ''श्रीनिवास बेलमकोंडा के साथ काम करना एक शानदार अनुभव था, जो स्क्रीन पर बहुत नैचुरल लगते हैं।मैं बड़े पैमाने पर बनी इस पैन-इंडिया फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं और टीम छत्रपति इस फिल्म के साथ लोगों को सीटी बजाने और हूटिंग करने के ऐसे कई मौके देती है।'' वहीं फिल्म के निर्माता डॉ जयंतीलाल गड़ा ने कहा, ''छत्रपति में एक एक्शन पैक्ड एंटरटेनर की सारी खासियत मौजूद है, जो पैन-इंडिया दर्शकों को खूब भाने वाली है। ट्रेलर फिल्म की पेशकश और हमारी सभी कोशिशो की गवाही देता है। हमें उम्मीद है कि दर्शक इसे अपनाएंगे और इस पर अपना जी भरकर प्यार भी लुटाएंगे।'' निर्देशक वी.वी.विनायक ने कहा, ''श्रीनिवास बेलमकोंडा एक आदर्श कमर्शियल हीरो हैं जो पूरी सहजता के साथ कुछ बेहद जबरदस्त तरीके से हाई-ऑक्टेन एक्शन और स्टंट करते हैं, जो स्क्रीन्स पर भी जोरदार दिखता है। उसके ऊपर से नुसरत की स्क्रीन प्रेसेंस और प्रदर्शन के साथ-साथ मजबूत कलाकारों की टुकड़ी और कहानी लोगों को बांधे रखेती है और 'छत्रपति' को एक रोमांचक सिनेमाई पेशकश बनाती है।''



वी. वी. विनायक द्वारा निर्देशित और वी. विजयेंद्र प्रसाद द्वारा लिखित डॉ. जयंतीलाल गड़ा (पेन स्टूडियोज) प्रस्तुत ह्यछत्रपतिह्न, एस.एस. राजामौली की फिल्म का आधिकारिक रीमेक है जिसमे प्रभास लीड रोल में नज़र आये थे। इस फिल्म में भाग्यश्री, शरद केलकर और करण सिह छाबरा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## निरहुआ ने हमार नाम बा कन्हैया की शूटिंग शुरू की

एजेंसियां



**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता और आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने फिल्म 'हमार नाम बा कन्हैया'की शूटिंग शुरू कर दी है। गिरिराज प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म फिल्म 'हमार नाम बा कन्हैया' का निर्देशन विशाल वर्मा कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो गयी है।फिल्म 'हमार नाम बा कन्हैया' को लेकर निरहुआ ने कहा कि भोजपुरी सिनेमा दिन-ब-दिन शिखर की ओर अग्रसर है। आज यह इंडस्ट्री जिस मुकाम पर है उसे देख कर गर्व होता है लेकिन अभी हमें अपनी इंडस्ट्री के लिए और भी बहुत से काम करने हैं। इसके लिए अधिक से अधिक अच्छी फिल्में और अच्छे गाना का निर्माण आवश्यक है। हमारी फिल्म 'हमार नाम बा कन्हैया' भी एक सार्थक सिनेमा के रूप में दर्शकों के समक्ष होगी। अभी इसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म की पूरी यूनिट जी जान से अपना हंड्रेड परसेंट दे रही है। हम सभी आशा करते हैं कि हमारी फिल्म बेहद अच्छी बनेगी और आप लोग सभी बहुत सारा स्नेह और आशीर्वाद देंगे। हमारी फिल्म की कहानी संवाद और गाने इतने बेजोड़ होने वाले हैं कि कोई खुद को इससे अलग नहीं रख पाएगा।

## प्रदेश >> अपडेट

### कोविड संक्रमित मामले 40 हजार से अधिक

**नयी दिल्ली** : देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के तीन हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 40 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 3720 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मादक पदार्थों का वांछित तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने बुधवार को मादक पदार्थों के एक वांछित तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान महुरा निवासी साजिद अहमद खान के रूप में की गयी है। उसे नूरखा चौराहे पर जांच के दौरान एक किलोग्राम प्रतिबंधित चरस जैसे पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया। वह जिस वाहन से उरी से बोनियार की ओर जा रहा था, उसे भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच दल को देखकर साजिद ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन सतर्कता बरतते हुए उसे पकड़ लिया गया।

### पिकअप वाहन और कार में टक्कर, 20 घायल

**खरगोन**: मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बिस्टान थाना क्षेत्र के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ भुसावल हाइवे पर बनहेर ग्राम के समीप श्रद्धालुओं से भरे पिकअप वाहन और कार में टक्कर के चलते लगभग 20 लोग घायल हो गए। बिस्टान की थाना प्रभारी सुनीता मुजाल्दे ने बताया कि मंगलवार देर रात बनहेर के समीप एक कार और श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वाहन में टक्कर हो जाने के कारण लगभग 20 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में इलाज मुहैया कराया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने बुधवार को दो आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि माछिल इलाके के पिचनाड गांव के पास नियंत्रण रेखा के नजदीक सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी है, जिसमें अब तक दो आतंकवादी मारे गये हैं। पुलिस ने एक ट्वीट में कहा, ''दो आतंकवादी मारे गये हैं। तलाश अभियान अब भी जारी है।'' मुठभेड़ में मारे गये आतंकवादियों की अब तक पहचान नहीं की जा सकी है और न ही यह पता चल सका है कि वे किस संगठन से ताल्लुक रखते थे।

### पश्चिमी विक्षोभ के कारण वन्य जीव गणना प्रभावित हो सकती है

**अजमेर** : राजस्थान के अजमेर में वन विभाग की ओर से शुरू होने वाली वन्य जीव गणना पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रभावित हो सकती है। अजमेर में मुख्य वन संरक्षक के निर्देश पर अजमेर वन मंडल के अधीन अजमेर, सरवाड़, नसीराबाद, पुष्कर, किशनगढ़, टांटगढ़ एवं ब्यावर वन क्षेत्रों में पांच मई से चौबीस घंटे के लिए वन्य जीव गणना आयोजित की जा रही है लेकिन प्रदेश में सात मई तक पश्चिमी विक्षोभ का असर देखते हुए वॉटर हॉल्स पर पानी पीने आने वाले वन्य जीवों की संख्या कम रहने से वन्य जीव गणना सही सही आंकड़ों के रूप में सामने नहीं आ सकेगी। हालांकि अजमेर रेंज के वन विभाग ने गणना की दृष्टि से सभी तैयारियां पूरी कर ली है और रेंज के वन्य क्षेत्रों में 80 के करीब चौकियां स्थापित कर इसे मूर्तरूप दिए जाने का कार्यक्रम तय है।

---

**चुनावी मुद्दा**

### गांजा कारोबार में एक साल से पहले ही बदल गयी पूरी तस्वीर

# बैंकॉक में गांजा अब राजनीतिक चुनावी मुद्दा बना

- अलग अलग किस्म के बिक रहे उत्पाद
- विरोधी दल कह रहे कि बंद कर देंगे इसे
- कुछ लोग अब इसकी आइसक्रीम भी बेचने लगे




**राष्ट्रीय खबर**

**बैंकॉक:** बैंकॉक के सबसे व्यस्त मार्ग, सुखुमवित रोड के नीयन संकेतों के बीच एक नया प्रतीक दिखाई देने लगा है। चमकीले हरे गांजाके पत्ते की छवि से पता चलता है कि पिछले जून में थाईलैंड में गांजा के वैधीकरण के बाद से, विभिन्न संबंधित व्यवसायों का प्रसार शुरू हो गया है। बैंकॉक में दो किलोमीटर की पैदल दूरी पर कम से कम 40 दवा की दुकानों में शक्तिशाली गांजा के फूलों की कलियाँ और उन्हें धूम्रपान करने के लिए आवश्यक उपकरण मिलेंगे। इसके ठीक विपरीत, खाओ सैन रोड, बैकपैकर्स के लिए एक पसंदीदा स्थान है, जिसमें एक पूरा शॉपिंग मॉल कैनबिस के आसपास केंद्रित है। प्लांटोपिया कहे जाने वाले बाजार में दुकानें आधे कपड़े से ढकी हुई हैं, क्योंकि कई मारिजुआना खरीदते हैं और वहां इसकी जांच करते हैं।

थाईलैंड की वीड वेबसाइट पर 4,000 से अधिक व्यापारी सूचीबद्ध हैं, जो देश के विभिन्न हिस्सों में गांजाऔर उससे बने विभिन्न उत्पाद बेचते हैं। अभी यह हालत है लेकिन पिछले साल जून तक थाईलैंड में गांजा अवैध था। कानून ने मारिजुआना रखने के लिए पांच साल की जेल की सजा और मारिजुआना के उत्पादन में शामिल किसी भी व्यक्ति के लिए 15 साल की जेल की सजा का प्रावधान किया।

अब सरकार इस कारोबार की जारी रखने के पक्ष में हैं जबकि चुनावी तैयारियों में जुटे विरोधी दल यह दावा कर रहे हैं कि चुनाव जीतने पर वे इसे फिर से बंद कर देंगे। इस वजह से तेजी से पनपते इस कारोबार के भविष्य को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। वैसे गांजा को वैध करने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले मानते हैं कि यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि क्या किया जा सकता है और क्या नहीं किया जा सकता है। बहुत भ्रम पैदा किया गया है। बहुत से लोग नहीं जानते कि वे क्या कर सकते हैं, कहां पैसा निवेश कर सकते हैं। लेकिन इस स्पष्ट रूप से मुक्त वातावरण के भीतर भी कई नियम हैं। लेकिन उनका आवेदन इतना अधिक नहीं है, लेकिन यह बहुत याद्दच्छिक है।

मारिजुआना बेचने वाले लोगों के पास लाइसेंस होना चाहिए, लेकिन हर किसी के पास नहीं होता है। उन्हें सभी गांजा के स्रोत और प्रत्येक ग्राहक के व्यक्तिगत विवरण को भी रखना चाहिए। जो मादक वह बेच रहे हैं, उसकी गुणवत्ता भी तय है लेकिन इनका पालन नहीं हो रहा है।

## अंगदान नीति की समीक्षा की मांडविया ने



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने अंगदान प्रक्रिया के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर अपनाने को कहा है। मांडविया ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय अंगदान नीति की समीक्षा करते हुए कहा कि अंगदान और अंग प्रत्यारोपण क्षेत्र में सुधार के लिए दूरदर्शी संरचनात्मक परिवर्तन किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में अंगदान की मांग बढ़ रही है। देश में अंगदान को एक नयी गति मिली है। देश में कुल अंग प्रत्यारोपण की संख्या वर्ष 2013 में 5000 से बढ़कर वर्ष 2022 में 15000 से अधिक हो गई है। अब अंग और ऊतकों के नेटवर्क के माध्यम से बेहतर समन्वय के कारण प्रति मृतक दाता अधिक अंगों का उपयोग किया जा रहा है। राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राज्य स्तर पर प्रत्यारोपण संगठन जैसे वर्ष 2016 में, 930 मृतक दाताओं से 2265 अंगों का उपयोग किया गया था जबकि वर्ष 2022 में 904 मृत दाताओं से 2765 का उपयोग किया जा सका।

## बजरंग दल पर प्रतिबंध की बात कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति : शर्मा



**एजेंसियां**

**भोपाल** : कांग्रेस की ओर से कर्नाटक चुनाव के पहले बजरंग दल पर प्रतिबंध का मुद्दा घोषणापत्र में शामिल किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज कहा कि कांग्रेस सदा से तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है। शर्मा ने अपने बयान में कहा कि बजरंग दल इस देश का एक ऐसा संगठन है, जो सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से लोगों के लिए हर प्रकार से खड़े होकर देश समाज के लिए अपनी भूमिका निभाता है। कांग्रेस का चरित्र रहा है कि किस प्रकार से तुष्टिकरण करें। कर्नाटक में उन्हें हार का सामना करना पड़ रहा है, तो अब वे अपने मूल चरित्र के अनुसार तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। पहले उन्होंने राम के अस्तित्व को नकारा, अब बजरंग दल पर भी प्रतिबंध लगाने की बात कर रहे हैं। ये दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस प्रकार प्रयास कर रही है कि तुष्टिकरण के माध्यम से उन्हें एक वर्ग के वोट कैसे मिल जाएं, पर तुष्टिकरण की ये राजनीति अब इस देश के अंदर नहीं चलेगी।

## प्रभावित न हों स्वास्थ्य सेवाएं : शिवराज



**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश में डॉक्टरों की हड़ताल के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं अति आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत हैं और इनमें अवरोध नहीं आए। चौहान कल देर रात मुख्यमंत्री निवास से वीसी के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर्स और कमिश्नर्स को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सुदाम खाड़े और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

इस दौरान चौहान ने कहा कि आकस्मिक एवं गंभीर सेवाओं का संचालन सुचारु रूप से हो। इसमें कोई कसर नहीं छोड़ें। हड़ताल पर जाना अनैतिक है और कार्रवाई का प्रावधान है। मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएं बनाएं, पीजी चिकित्सकों की सेवाएं लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं चलें। इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाएं। कलेक्टर्स, कमिश्नर और मेडिकल कॉलेज के डीन इलाज सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं बनाएं। गंभीर मरीजों के इलाज में व्यावधान न हो। चिकित्सकों की पर्याप्त व्यवस्था बनाएं। निजी नर्सिंग होम में भी सतत संवाद रहे। पर्याप्त मात्रा में एंबुलेंस की व्यवस्था सतत रहनी चाहिए। आयुष्मान योजना में प्राइवेट अस्पताल में इलाज का खर्च सरकार वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंसान की जिंदगी से खिलवाड़ न हो। हर जगह व्यवस्था कर लें। मरीजों को चिन्हित कर शिफ्ट करने की कार्यवाही हो। स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों। मरीजों को इमरजेंसी में कोई परेशानी न हो।

## जम्मू-कश्मीर में तापमान में गिरावट, वर्षा के आसार



**एजेंसियां**

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में तापमान में गिरावट के बीच बुधवार को हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के हाल ही में हुई बारिश और हिमपात की वजह से अधिकांश स्थानों के तापमान में गिरावट देखी गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश जारी है, जबकि अधिकांश स्थानों पर आमतौर पर बादल छाये हुए हैं। मौसम एजेंसी के अनुसार, प्रदेश में चार-छह मई के बीच गरज के साथ वर्षा होने या आंशिक रूप से बादल छाये रहने के अनुमान हैं। इसके अलावा, सात-आठ मई के बीच भी यहां कई जगहों पर बारिश होने के आसार हैं। प्रदेश में बदलते मौसम के मिजाज को देखते हुए, मौसम अधिकारियों ने पर्यटकों को अपने साथ में गर्म कपड़े रखने की सलाह दी है, क्योंकि आठ मई तक मौसम ठंडा रहने के आसार हैं।

**राजनीति**

### जिन मुद्दों से बचती थी पार्टी वे ही अब चुनावी चर्चा में

# कर्नाटक चुनाव में भाजपा संकटपूर्ण स्थिति में

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कर्नाटक में मतदाताओं के लिए बेरोजगारी एकमात्र सबसे महत्वपूर्ण कारक है, इसके बाद गरीबी है, और बहुमत का मानना है कि पिछले पांच वर्षों में भ्रष्टाचार में वृद्धि हुई है। ये पब्लिक ओपिनियन के प्रमुख निष्कर्ष हैं, लोकनीति-सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) के सहयोग से एक अनूठा एनडीटीवी सर्वेक्षण, जो 10 मई के चुनाव में कर्नाटक में जनता के मूड को डिकोड करने की कोशिश करता है। 13 मई को आने वाले कर्नाटक के फैसले से कुछ हफ्ते पहले 20 से 28 अप्रैल के बीच चुनाव पूर्व अध्ययन किया था। अध्ययन से पता चलता है कि सर्वेक्षण में शामिल 28 प्रतिशत लोगों का मानना है कि इस चुनाव में बेरोजगारी कर्नाटक का सबसे बड़ा मुद्दा है। गरीबी दूसरे नंबर पर है, 25 प्रतिशत इसे मुख्य चिंता बताते हैं। जहां युवा मतदाताओं के लिए बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है, वहीं ग्रामीण कर्नाटक में मतदाताओं के लिए गरीबी एक बड़ा मुद्दा है। कम से कम 67 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है कि पिछले पांच वर्षों में उनके क्षेत्रों में कीमतें बढ़ी हैं। सर्वेक्षण में शामिल आधे से अधिक (51 फीसद) मानते हैं कि भ्रष्टाचार बढ़ा है जबकि 35 फीसद का कहना है कि यह वैसा ही बना हुआ है। विशेष रूप से, कई पारंपरिक भाजपा समर्थकों (41 फीसद) का कहना है कि 2019 के पिछले चुनावों के बाद से भ्रष्टाचार में वृद्धि हुई है।

पोल में उत्तरदाताओं से मार्च में लिंगायतों और वोक्कालिगाओं के लिए कोटा बढ़ाने, मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग कोटा खत्म करने और अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए कोटा बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले को रेट करने के लिए कहा गया है।नई कोटा नीति के समर्थक ज्यादातर वे हैं जो भाजपा के पक्ष में हैं, जबकि जो लोग इसका विरोध करते हैं, वे सर्वेक्षण के अनुसार कांग्रेस समर्थक हैं। टीपू सुल्तान की मृत्यु से संबंधित विवाद पर, सर्वेक्षण में पाया गया कि तीन में से एक उत्तरदाता इस विषय से अवगत है और 74 फीसद का मानना है कि इस विवाद को उठाने से सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया।

पंक्ति में राजनीतिक रूप से लोड किए गए दावे शामिल हैं कि टीपू सुल्तान को दो वोक्कालिगा सरदारों द्वारा मार दिया गया था, जिसे कुछ भाजपा नेताओं द्वारा समर्थित किया गया है। विवाद से वाकिफ लोगों में से 29 फीसद का मानना है कि इस मुद्दे को उठाना उचित है। सर्वेक्षण से पता चलता है कि यह मुख्य रूप से भाजपा समर्थक हैं जो टीपू विवाद को उठाने को सही ठहराते हैं, जनमत सर्वेक्षण में मूल्यांकन किया गया एक अन्य प्रमुख कारक क्षेत्रीय भेदभाव है।

अधिकांश लोगों (41 फीसद) का मानना है कि उत्तर कर्नाटक में भेदभाव किया जाता है। साथ ही, 66 फीसद उत्तरदाताओं का मानना है कि बेंगलुरु को अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक महत्व दिया गया है। मतदाताओं से कर्नाटक और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के काम का आकलन करने के लिए भी कहा गया था। अधिक से अधिक लोग सड़कों, बिजली आपूर्ति और पेयजल में सुधार नहीं देखते हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### तालिबान सरकार को मान्यता देने की चीन की कोई योजना नहीं : राजदूत

**दोहा** : अफगानिस्तान में चीन के विशेष राजदूत यू जयिांगयोंग ने साफ किया है कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को निकट भविष्य में मान्यता देने की कोई योजना नहीं हैं। विशेष राजदूत ने एक एजेंसी को बताया कि चीन को अभी तक अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की ओर से यह आश्वासन नहीं मिला है कि दूसरे देशों के खिलाफ आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए वह अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देगा। राजदूत ने साफ किया कि यह आश्वासन नहीं मिलने की स्थिति में चीन का तालिबान सरकार को मान्यता देने का कोई विचार नहीं है। जयिांगयोग ने कतर में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एनटोनियो गुटेरेस के साथ अफगानिस्तान के लिए विशेष राजदूतों के साथ हुई दो दिवसीय बैठक में हिस्सा लिया। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद से यह पहली बैठक है।

### युन्नान में भूकंप के झटके

**कुनमिंग**: चीन के युन्नान प्रांत के बाओशान शहर में मंगलवार की रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। स्थानीय अधिकारियों ने तीसरे स्तर की आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय कर दिया है और बचाव दलों को आपदा क्षेत्र में भेज दिया है। उन्होंने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी तथा भूकंप से तीन लोग घायल हुए है।

### घाना ने लस्सा बुखार प्रकोप के समाप्ति की घोषणा की

**अक्रा** : पश्चिमी अफ्रीकी देश घाना ने लस्सा बुखार के प्रकोप की समाप्ति की घोषणा की है। घाना स्वास्थ्य सेवा (जीएचएस) ने एक बयान में कहा कि घाना ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुमोदन पर लस्सा बुखार के प्रकोप के अंत की घोषणा की है। लस्सा बुखार के मरीज को 42 दिन तक निगरानी में रखना अनिवार्य है। बयान में कहा गया है कि लस्सा बुखार के अंतिम पुष्ट मामले को इस साल 10 मार्च को छुट्टी दे दी गई थी। इस मरीज के 42 दिनों की अधिकतम निगरानी अवधि बीत चुकी थी। जीएचएस ने कहा कि घाना ने डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों के अनुरूप लस्सा बुखार के लिए सभी उचित कार्रवाई को लागू किया है और पुनरावृत्ति या भविष्य में इसके प्रकोप को रोकने के लिए सभी आवशयक उपाय करेगा। जीएचएस ने कहा कि प्रकोप के बाद प्रतिक्रिया गतिविधियों के समन्वय और दिशा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र को सक्रिय किया गया था। जीएचएस ने लस्सा बुखार के प्रकोप की किसी भी पुनरावृत्ति से बचने के लिए वानिकी आयोग के वन्यजीव प्रभाग के साथ काम करना जारी रखने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि घाना में लस्सा बुखार के 27 सकारात्मक मामले दर्ज किए गए। इनमें से एक मरीज की मौत हो गयी जबकि 26 अन्य स्वस्थ हो गए।

### म्यांमार में दो हजार से अधिक कैदियों को क्षमादान

**यांगून**: म्यांमार की स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन काउंसिल ने वेसाक दिवस के अवसर पर बुधवार को 2153 कैदियों को क्षमादान दिये जाने की घोषणा की। काउंसिल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि जिन कैदियों को दंड संहिता की धारा 505 (ए) के तहत उकसाने का दोषी ठहराया गया है, केवल उन्हें ही बुधवार को क्षमा किया धारा 505 (ए) दंड संहिता एक सरकारी कर्मचारी के खिलाफ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष अपराध, डर पैदा करने, झूठी खबरें फैलाने और आंदोलन करने पर रोक लगाती है। बयान के मुताबिक म्यांमार कैलेंडर के कसोन चंद्र मास की पूर्णिमा 'वेसाक दिवस' पर कैदियों की रिहाई लोगों के मन की शांति और मानवीय आधार पर की गयी है। म्यांमार ने 17 अप्रैल को अपने पारंपरिक नव वर्ष को चिह्नित करने के लिए 3,000 से अधिक कैदियों को क्षमादान दिया था।

### संरा ने यूनिसेफ के दो उप कार्यकारी निदेशक किए नियुक्त

**संयुक्त राष्ट्र** : संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के उप कार्यकारी निदेशक के रूप में सेवाएं देने के लिए दो नये सहायक महासचिव नियुक्त किये। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, नीदरलैंड्स की किटी वैन डेर हेजडेन को साझेदारी के लिए उप कार्यकारी निदेशक तथा लेबनान के एडवर्ड चैबन को मानवीय कार्रवाई एवं आपूर्ति संचालन के लिए उप कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। दोनों वर्तमान उप कार्यकारी निदेशकों की जगह लेंगे। महासचिव और यूनिसेफ ने उनकी सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया है। सुश्री किटी 2019 से अपने देश के विदेश मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

### अस्थायी नागरिकता को नवीनीकृत करने की योजना

**वाशिंगटन** : अमेरिका ने अफगानिस्तानी शरणार्थियों की अस्थायी नागरिकता को अगले दो साल के लिए नवीनीकृत करने की अनुमति देने की योजना बनाई है। सीबीएस न्यूज ने एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में करीब 77,000 अफगान शरणार्थियों को फिलहाल काम करने की इजाजत है। यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) जून में नवीनीकरण आवेदन स्वीकार करना शुरू कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में अमेरिका में लाए गए अफगान शरणार्थियों के पहले समूह की अस्थायी नागरिकता जुलाई में समाप्त होने वाली है। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2021 में,अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में लौटने पर उसने तत्कालीन राष्ट्रपति अशरफ गनी को इस्तीफा देने और देश छोड़ने के लिए कहा। अमेरिकी सेना भी अफगानिस्तान से लौट गयी। अफगानिस्तान भीषण आर्थिक संकट और भोजन की कमी के कारण मानवीय संकट की कगार पर पहुंच गया। अमेरिकी सेना ने उस समय अफगानिस्तान से 1,22,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला था।

### ईरान में रसद केंद्र में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत

**तेहरान** : ईरान में सेमनान प्रांत के दमघन शहर में एक रसद एवं सहायता केंद्र में हुए विस्फोट में इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के दो सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए है। आईआरजीसी ने मंगलवार रात अपने आधिकारिक समाचार आउटलेट पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि धमाका सहायता केंद्र में शाम को दोषपूर्ण गोला-बारूद की छँटाई के दौरान हुआ। उन्होंने बताया कि विस्फोट में मारे गए लोगों की पहचान जमाल शबेस्टानी और अली अलीहोसैनी के रूप में हुई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## आज का इतिहास

- 1780 : अमेरिकी कला एवं विज्ञान अकादमी की स्थापना हुई।
- 1799 : मैसूर राज्य का शासक टीपू सुल्तान का निधन।
- 1818 : नीदरलैंड और ब्रिटेन ने गैरकानूनी दास व्यापार के खिलाफ समझौता किया।
- 1846 : अमेरिकी प्रांत मिशिगन में मृत्युदंड को खत्म किया गया।
- 1854 : भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रूप से जारी हुआ।
- 1896 : लंदन में डेली मेल समाचार पत्र का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ।
- 1897 : फ्रांस में पेरिस बाजार में आग लगने से करीब 200 लोगों की मौत हुई।
- 1902 : कर्नाटक के प्रथम मुख्यमंत्री तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल के. सी. रेड्डी का जन्म।
- 1905 : भारत की पहली महिला न्यायाधीश अन्ना चांडी का जन्म।
- 1927 : अमेरिका में फिल्म कला अकादमी (मोशन पिक्चर आर्ट्स एकेडेमी) की स्थापना की गई थी, जिसने 'ऑस्कर' पुरस्कार देने शुरू किए।

## दो पदाधिकारियों का तबादला, एक का स्थगित

रांची: राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। वहीं, एक अधिकारी का ट्रांसफर स्थगित कर दिया गया है। संयुक्त सचिव राज्यपाल सचिवालय झारखंड रांची के पद पदस्थापित अराधना को स्थानांतरित करते हुए उन्हें संयुक्त सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है।

**कार्रवाई** जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश ने स्कूल प्रबंधनों को सख्त निर्देश

# स्कूली बसों ने जहां-तहां बच्चों को उतारा तो खैर नहीं, प्रशासन करेगा कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** बस पड़ाव के बजाये जहां-तहां रोककर बच्चों को उतारने वाले स्कूल बसों के खिलाफ जिला प्रशासन अब कार्रवाई करने के मूड में है। जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश ने स्कूल प्रबंधनों को सख्त निर्देश दिया है कि बसों की स्टॉपेज नये सिरे से तय करें। खासकर मेन रोड, हरमू बाईपास रोड, कोकर, रातू रोड न्यू मार्केट आदि में स्टॉपेज निर्धारित कर जिला परिवहन पदाधिकारी को सूचित करें। जिसकी समीक्षा कर अंतिम निर्णय ले लिया जायेगा। इसको लेकर रांची के कुछ स्कूलों ने बस स्टॉपेज की सूची जिला परिवहन कार्यालय को उपलब्ध करा दी हैं। शेष स्कूलों को भी बस स्टॉपेज की सूची बनाकर कार्यालय को भेजे ताकि उसकी समीक्षा की जा सके। जानकारी के अनुसार शहर के कुछ लोगों ने जिला परिवहन कार्यालय को शिकायत भी की है कि बच्चें तय समय से काफी देर से स्टॉपेज पर पहुंच रहे हैं, बच्चों के पूछने पर बताया जाता है कि जाम होने की वजह से देर हो गयी।स्कूल बसों के मिस मैनेजमेंट के कारण शहर की सड़कों पर लंबा-लंबा जाम आये दिन लग जाता है। जब स्कूलों की छुटटी होती है बड़ी संख्या में बसें शहर के अंदर प्रवेश कर जाती है और जिसके कारण लंबे जाम के हालात बनते हैं। डोरंडा की तरफ से आने वाली स्कूल बसों के कारण रोज लंबा जाम लगता है, इससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा जाती है। यही स्थिति हरमू बाईपास रोड से लेकर रातू रोड और कोकर इलाके की है। जाम के कारण बच्चें तय समय से एक-डेढ़ घंटे देर से घर पहुंच रहे हैं। गर्मी के दिनों में जाम से और भी बुरा हाल हो जाता है।

बता दें कि शहर के सभी बड़े और रईस स्कूल आउटर में बने हैं। सुबह बसों व अन्य बड़े वाहनों में बच्चों को भरकर स्कूल पहुंचाया जाता है। तब तो यातायात व्यवस्था में कोई परेशानी नहीं है। लेकिन अवकाश होने पर दोपहर के समय एक साथ सभी स्कूलों के वाहनों का सिटी के अंदर प्रवेश होने से जाम की स्थिति बन जाती है। एक साथ स्कूल बसों के शहर में प्रवेश करने से व्यस्त सड़कें छोटी हो जाती है और जाम लग जाता है।मेन रोड में ठेला लगाने वाला शिशिर का कहना है कि दिन के 1 बजे से लेकर लगभग साढ़े तीन बजे तक रतन टॉकिज से लेकर पूरा मेन रोड स्कूल बसों से भरा रहता है। जाम लगी रहती है। जाम के कारण हमारा बाजार भी खराब हो जाता है। प्रशासन को चाहिए कि बसों का प्वाइंटस फिक्स कर दें। स्कूल वाहनों के लिये तो काफी हद तक जाम जैसे हालातों से बचा जा सकता है। जाम की वजह से आम आदमी की दिनचर्या सबसे ज्यादा प्रभावित हो जाती है। कभी-कभी तो मेडिकल इमरजेंसी के लिए जाने वाली एम्बुलेंस भी इसमें फंस जाती है और इससे मरीजों की जान पर बनती है।

## मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना: विधायक 20 करोड़ तक की पुल निर्माण की कर सकेंगे अनुशंसा

राष्ट्रीय खबर




**रांची:**मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से इस वित्तीय वर्ष 2023-24 से 20 करोड़ लागत तक की ग्रामीण पुल का निर्माण कराया जाएगा। विधायक अनुशंसा से ये पुल उनके विधानसभा क्षेत्र में बनाये जाएंगे। प्रत्येक विधायक अधिकतम 20 करोड़ तक की योजना की अनुशंसा कर सकते हैं। इस लागत में एक, दो या तीन पुल या इससे अधिक जितने भी पुल डीपीआर के अनुसार बने इसे स्वीकृत किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस आशय का निर्णय लिया है, जिसके बाद ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड ने सभी जिलों के उपायुक्तों और इंजीनियरों से विधायक अनुशंसा से ग्रामीण पुल निर्माण के लिए अनुशंसा भी मांगा है। यह आदेश विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भी लागू है। वैसे विधानसभा क्षेत्र जहां के विधायकों की अनुशंसा स्वीकृत नहीं हो पायी थी वहां भी 20 करोड़ तक की अनुशंसा लेने का प्रावधान अब किया गया है।बता दें कि पहले मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से प्रत्येक विधानसभा में एक पुल या अधिकतम दो पुल की अनुशंसा लेने का प्रावधान था। विधायक पुल निर्माण स्थल का चयन कर अनुशंसा भेजते थे। जिसके बाद विभाग डीपीआर तैयार कराके स्वीकृति देता था। लेकिन अब सेतु निर्माण के लिए राशि का प्रावधान किया गया है।

## इंतहा हो गई इंतजार की

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** इंतजार की भी हद होती है। इसके बाद लोगों का सब्र टूट जाता है। इसकी एक बानगी बुधवार को कांके प्रखंड के कोकदोरो में देखने को मिला। सरकारी सहायता के लिये प्रखंड कार्यालय से लेकर कल्याण विभाग के कार्यालय की चक्कर काटने के बाद भी स्थानीय लोगों की वर्षो पुरानी मांग कब्रिस्तान की चाहरदीवारी का निर्माण शुरू नही हो सका। वर्षों से कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल कराने को लेकर कल्याण विभाग का चक्कर लगाकर थक चुके कोकदोरो के ग्रामीणों ने घेराबंदी करने का बीड़ा उठाया। कब्रिस्तान की एक एकड़ भूमि की मापी कराने के बाद बाउंड्रीवाल के लिए खोदा नींव दिया। हालात यह है कि लोगों को सरकारी सहायता मिलने का भरोसा उठने लगा है। बाउंड्रीवाल नहीं रहने की वजह से कब्र में दफन शवों के सुरक्षा को लेकर ग्रामीण लम्बें समय से परेशान थे। इसके बाद ग्रामीणों ने कई बार बैठक की तथा इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया। इसपर सभी एक मत थे की कब्रिस्तान की चाहरदीवारी करायी जाये। स्थानीय लोगों ने इसको लेकर कांके प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारियों से बात की तथा इस दिशा में कार्रवाई की गुहार भी लगायी लेकिन तमाम तरह की टालमटोल की बातों के अलावा ग्रामीणों को कुछ नहीं मिला। इसके बाद कोकदोरो के ग्रामीणों ने घेराबंदी को लेकर कल्याण विभाग के पदाधिकारियों को भी लिखित आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। कल्याण विभाग ने भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इससे निराश ग्रामीणों ने अंततः कब्रिस्तान घेराबंदी का बीड़ा खुद उठाना ज्यादा मुनासिब समझा तथा बुधवार को जेसीबी की मदद से कब्रिस्तान की घेराबंदी के नींव की खुदाई का काम आरंभ कर दिया।

# पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध खनन मामले में हाईकोर्ट का राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में गठित 3 सदस्य कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। जिसमें कहा गया कि अवैध माइनिंग इन तीनों जिलों में हो रही थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को 3 सदस्य कमेटी की अपडेट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 17 मई निर्धारित की है।पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने संशोधित आदेश पारित करते हुए पलामू, गढ़वा और लातेहार में माइनिंग एवं मिनिरल की लीज प्राप्त कंपनियों द्वारा की जा रही वैध माइनिंग पर से रोक हटा ली थी। साथ ही कहा था कि लीगल माइनिंग करने वाली कंपनियों पर खनन एवं उसके परिवहन को लेकर हाईकोर्ट का रोक का आदेश प्रभावित नहीं होगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को अवैध माइनिंग पर रोक लगाए रखने का निर्देश दिया है।दरअसल पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने उक्त तीनों जिलों के डीसी को निर्देश दिया था कि मामले में गठित स्पेशल कमेटी की रिपोर्ट आने तक तीनों जिलों में वैध और अवैध खनन एवं उसके परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया था। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि कोर्ट के आदेश के आलोक में स्पेशल कमेटी गठित की गई है। जिसकी अध्यक्षता आईजी पुलिस सीआईडी कर रहे हैं।बता दें कि यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपए की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बताई गई है, लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई उसे बाद में जांच को बंद कर दिया गया था। प्रार्थी का कहना था पलामू सहित कुछ जिलों में अवैध माइनिंग में अरबों का पैसों का खेल चलता है। इसकी रोकथाम होनी चाहिए। सरकार के जो अधिकारी इस अवैध माइनिंग में संलिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## आरोपी मिराज अंसारी गिरफ्तार



रांची : राजधानी रांची के सिकिदिरी थाना क्षेत्र स्थित कुचु गांव में नाबालिग के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा कि 5 लड़कों ने सोमवार की देर रात इस घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में सिकिदिरी थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मिराज अंसारी है। नाबालिग लड़की सोमवार की रात 3 बजे मेला देख कर घर लौट रही थी, उसी समय इस घटना को अंजाम दिया गया था। घटना में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ सिकीदिरी थाने की पुलिस छापेमारी कर रही है।

## कोर्ट ने गवाही के लिए जारी किया समन

रांची : नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल हसन ने बचाव पक्ष के रूप में 2 गवाहों में से एक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बनाया है। जिस पर कोर्ट ने हेमंत सोरेन को समन जारी कर गवाह देने को कहा है। दरअसल मुख्यमंत्री कार्यालय से रंजीत कोहली से संबंधित एक पत्र जारी हुआ था, जिसे सीबीआई ने भी गवाही में चिन्हित किया है। मामले में सीबीआई की ओर से 26 गवाहों की गवाही पूरी हो चुकी है जिसके बाद बचाव पक्ष को अपना साक्ष्य प्रस्तुत करना है। मामले में रंजीत कोहली समेत तीन आरोपियों का बयान दर्ज हो चुका है।

# पिछड़े वर्ग का आरक्षण तय नहीं, इस साल लटक सकता है निकाय चुनाव

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के नगर निकायों में अफसरों का राज आ गया। जनप्रतिनिधि हाशिये में चले गये हैं। मेयर, डिप्टी मेयर से लेकर वार्ड पार्षद तक के अधिकारी अब विकास कार्यों के लिए नहीं रहे। ऐसा पांच साल बाद भी राज्य में नगर निकाय चुनाव नहीं होने की वजह से हुआ। वहीं, अभी तक राज्य सरकार झारखंड नगरपालिका अधिनियम-2012 के प्रावधानों का संशोधन नहीं कर पायी है। इसकी कार्रवाई अभी भी प्रक्रियाधीन ही हैं। वहीं, महाराष्ट्र सरकार बनाम विकास कृष्णाराव के वाद में सुप्रीम कोर्ट के द्वारा पारित आदेश के अनुपालन के लिए अब तक ट्रिपल टेस्ट कराने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई है। इस आदेश के तहत स्थानीय शहरी निकायों में पिछड़े वर्गो के लिए सीटों के आरक्षण का अनुपातिक निर्धारण किया जाना है। इसके लिए एक डेडिकेटेड आयोग गठन किया जाना है। नगर विकास विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई भी प्रक्रियाधीन है। आयोग के गठन होने के बाद पिछड़े वर्गो के लिए सीटों का अनुपातिक आरक्षण तय होगा। जिलवार सूची प्रकाशित होगी इसके बाद ही चुनाव कराने पर निर्णय हो पायेगा। इसमें काफी वक्त लगने की संभावना है। सरकार का भी मानना है कि तत्काल चुनाव करा पाना संभव नहीं है। जल्द ही बारिश का मौसम भी प्रारंभ होगा ऐसे में और परेशानी बढ़ेगी। ऐसे में इस साल चुनाव होने के आसार भी नहीं दिख रहा।इधर, चुनाव नहीं होने की वजह से अगामी बोर्ड परिषद की पहली बैठक तक नगर निकायों के संचालन की जिम्मेवारी प्रशासकों को दी गयी है। कैबिनेट के निर्णय के बाद नगर विकास विभाग ने आदेश जारी करते हुए सभी निकायों और अधिकारियों को सूचित भी कर दिया है। हालांकि, निकायों में 28 अप्रैल से ही प्रशासक कामकाज संभालने लगे। बता दें कि, 2020 में भी राज्य के आठ और नगर निकाय चुनाव को स्थगित किया गया था। कोविड की वजह से उन निकायों में चुनाव नहीं हुआ वहां अभी प्रशासक ही कार्य कर रहे हैं।राज्य में नगर निकाय चुनाव नहीं होने का असर विकास कार्य पर भी दिखेगा। भारत सरकार से भी जो राशि प्राप्त होती है वह भी मिलना बंद होगा। 15वें वित्त आयोग से मिलने वाली लगभग 1500 करोड़ से अधिक की राशि का आवंटन भी रूक जायेगा। इस राशि से नगर निकायों के विकास के लिए कई काम किए जाते हैं।

# आज को ईडी के सामने पेश होंगे आइएएस छवि रंजन, कस सकता है शिकंजा

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**जमीन घोटाले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी की टीम गुरुवार को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से पूछताछ करेगी। पूर्व के दो समन पर जब वे नहीं पहुंचे तो ईडी ने तीसरा समन भेज कर 24 अप्रैल को रांची स्थित जोनल कार्यालय में बुलाया था। आइएएस छवि रंजन से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गयी थी। छवि रंजन से ईडी ने उनके और आश्रितों से जुड़ी सारी संपत्ति का रिकॉर्ड मांगा था। वहीं पूछताछ में छवि रंजन अधिकतर सवालों के जवाब ठीक से नहीं दे पाये या चुप्पी साधी या फिर कहा याद नहीं है। छवि रंजन को भूमि घोटाले में गिरफ्तार लोगों के सामने बैठा कर भी पूछताछ की गयी थी। सूत्रों की मानें तो छवि रंजन के विरुद्ध ईडी को कई साक्ष्य मिले हैं जिससे शिकंजा कस सकता है।जमीन घोटाले मामले में ईडी ने बीते माह 13 अप्रैल को आइएएस छवि रंजन सहित 18 लोगों से जुड़े 22 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। छापेमारी में बड़गांई के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के आवास से भारी मात्रा में डीड मिले थे। वहीं कुछ जमीन माफिया के यहां से फर्जी डीड बनाने के स्टांप आदि मिले थे। छापेमारी में छवि रंजन का मोबाइल भी ईडी ने बरामद किया था, जिसमें ईडी के संभावित प्रश्न व उसके तैयार उत्तर भी थे। बड़गांई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, इम्तियाज अहमद, प्रदीप बागची, मोहम्मद सद्दाम हुसैनतल्हा खान और फैयाज खान ने ईडी को पूछताछ में बताया था कि जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गयी है। रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन के निर्देश पर उनलोगों ने गलत दस्तावेज बनाये। इसके लिए पैसे भी मिले थे। प्रशासन की ओर से जमीन पर कब्जा दिलाने में भी सहयोग किया जाता था।

